हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● मंगलवार ● 31.03.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 243 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

### एक नजर

#### चतरा सांसद ने की राष्ट्रपति से मुलाकात



**चतरा** : झारखंड के चतरा से सांसद कालीचरण सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान न केवल औपचारिक संवाद हुआ, बल्कि क्षेत्रीय आस्था और सांस्कृतिक विरासत की विशेष झलक भी देखने को मिली। मुलाकात के दौरान सांसद कालीचरण सिंह ने राष्ट्रपति को चतरा की अधिष्ठात्री देवी मां भद्रकाली का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। यह भेंट न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक थी, बल्कि झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और स्थानीय पहचान को भी दर्शाती है।

#### राहुल गांधी का चाईबासा दौरा रद्द

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुईरा स्थित ट्राइबल रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर (टीआरटीसी) में झारखंड और ओडिशा के कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों के लिए आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन 31 मार्च को होगा। हालांकि, समापन समारोह में कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब शामिल नहीं हो पाएंगे। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता त्रिशानु राय के अनुसार, सोनिया गांधी की तबीयत खराब होने के कारण राहुल गांधी का चाईबासा दौरा फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। पहले यह संभावना जताई जा रही थी कि कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल हो सकते हैं, लेकिन इसे लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

#### हाथी ने ग्रामीण को कुचला, मौत

**गढ़वा** : जिला में रंका वन क्षेत्र के जंगली इलाके में एकबार फिर जंगली हाथियों का आतंक देखने को मिला. यहां जंगली हाथियों के झुंड ने एक ग्रामीण की जान ले ली. रंका वन क्षेत्र के दुधवल गांव में आज सोमवार अहले सुबह जंगली हाथियों के झुंड ने गांव के मुन्ना सिंह को दौड़ाया और पकड़ कर पटक दिया. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जख्मी हालत में उसे रंका हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है.

#### प्रधानमंत्री का गुजरात दौरा आज

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मार्च 2026 को अपने गृह राज्य गुजरात के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे आध्यात्मिक, औद्योगिक और बुनियादी ढांचे से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री एक सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन करेंगे और 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

#### ममता पर आचार संहिता उल्लंघन करने का आरोप

**कोलकाता** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के कुछ नेताओं के खिलाफ चुनाव आचार संहिता के कथित उल्लंघन को लेकर चुनाव आयोग में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि चुनावी सभाओं के दौरान दिए गए कुछ बयानों से मतदाताओं को डराने, भड़काने और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया है।

### देश को नक्सलवाद से मुक्त करने के सरकार के प्रयासो का गृहमंत्री ने लोकसभा में रखा पक्ष, कहा

# नक्सलियों का शहीदों से तुलना दुर्भाग्यपूर्ण

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : लोकसभा में नक्सलवाद पर चर्चा की गई। ओवैसी, कंगना और अनुराग ठाकुर समेत इसमें कई सांसदों ने भाग लिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस बहस का हिस्सा रहें। अपने संबोधन में उन्होंने कई बड़ी बाते कहीं। उन्होंने संबोधन की शुरूआत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कई बदलाव आए। वहीं, नक्सलवाद भी साल 2026 तक समाप्त करने की दिशा में बड़ी सफलता मिली।

नक्सलियों को लोकतंत्र पर कोई भरोसा नहीं है। यहां कई लोगों ने कहा कि वे अन्याय के खिलाफ लड़ रहे हैं। लेकिन आपकी लड़ाई का तरीका क्या है? हम अब ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के अधीन नहीं हैं। कुछ लोगों ने तो भगत सिंह और बिरसा मुंडा से तुलना तक कर दी है। यह कितनी धृष्टता है! आप भगत सिंह और बिरसा मुंडा जैसे शहीदों, विशेष रूप से भगवान बिरसा मुंडा, जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी, की तुलना उन लोगों से कर रहे हैं जो संविधान का उल्लंघन करते हैं, हथियार उठाते हैं और निर्दोष लोगों का कत्ल करते हैं? ऐसे गंभीर मामलों पर विचार करते समय संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठना जरूरी है।



#### इंदिरा गांधी की वजह से फैला नक्सलवाद : अमित शाह

नक्सलवाद की जड़ विकास की मांग नहीं है। यह एक विचारधारा है—वह विचारधारा जिसे इंदिरा जी ने 1970 में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के लिए अपनाया था। नक्सलवाद ठीक इसी वामपंथी विचारधारा के कारण फैला है। छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, बंगाल, केरल, कर्नाटक के कुछ हिस्से और उत्तर प्रदेश के तीन जिले प्रभावित हुए। एक पूरा 'रेड कॉरिडोर' बन गया और वहां कानून का राज खत्म हो गया। बारह करोड़ लोग वर्षों तक गरीबी में रहे और किसी ने कोई चिंता नहीं दिखाई। हजारों युवा अपनी जानें गंवा बैठे। कई लोग जीवन भर के लिए स्थायी रूप से विकलांग या अपंग हो गए। इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

#### कांग्रेस ने जानबूझकर आदिवासी इलाकों में विकास कार्यों की अनदेखी की : शाह

आजादी के बाद से बीते 75 वर्षों में से 60 वर्ष सत्ता आपके (कांग्रेस) हाथों में रही। फिर, आदिवासी समुदाय आज तक विकास से वंचित क्यों रहे? नरेंद्र मोदी के आने के बाद ही अब जाकर वास्तविक विकास हो रहा है। साठ वर्षों तक आप उन्हें घर या स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने में विफल रहे; आपने उनके लिए स्कूल नहीं बनवाए; आपने उनके क्षेत्रों तक मोबाइल टावर और बैंकिंग सुविधाएं पहुंचने से रोकीं, और फिर भी, अब आप ही जवाबदेही की मांग कर रहे हैं?

#### नक्सलवाद समाप्त होने का पूरा श्रेय सुरक्षा बलों और आदिवासी जनता को

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, नक्सलवाद समाप्त होने का पूरा श्रेय अर्धसैनिक बलों, विशेषकर कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ, राज्यों की पुलिस और स्थानीय आदिवासियों को जाता है। उन्होंने कहा, जो लोग अन्याय के खिलाफ लड़ने का दावा करते हुए सशस्त्र आंदोलन की वकालत कर रहे हैं, उनसे मेरा सवाल है: क्या आप संविधान का सम्मान करेंगे या नहीं? अगर किसी को अन्याय का सामना करना पड़ता है, तो अदालतें स्थापित की गई हैं; विधानसभाएं, जिला परिषदें और तहसील गठित की गई हैं। मैं कहना चाहता हूं कि वह युग समाप्त हो गया है। यह नरेंद्र मोदी की सरकार है। जो भी हथियार उठाएगा, उसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार इन मुद्दों के प्रति संवेदनशील है; वह सभी शिकायतों को सुनने के लिए तैयार है और उन्हें हल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## घुसपैठ और विकास ही असम का चुनावी एजेंडा: पीएम

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को असम के भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत नमो ऐप के माध्यम से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से भाजपा-एनडीए की जीत की 'हैट्रिक' सुनिश्चित करने के लिए जुटने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस चुनाव में असम की अस्मिता, सुरक्षा और विकास ही प्रमुख मुद्दे हैं।



#### असम की संस्कृति पर प्रहार

कारबियांग जिले के कार्यकर्ता देवराज से बात करते हुए प्रधानमंत्री ने घुसपैठ के मुद्दे पर विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा घुसपैठ केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि असम की पहचान, किसानों की जमीन और हमारी माताओं-बहनों के सम्मान से जुड़ा विषय है। कांग्रेस ने घुसपैठियों को अपना वोटबैंक बनाया, जबकि भाजपा लोगों को उनके अधिकार दे रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अवैध कब्जों और उससे प्रभावित लोगों के अनुभवों को जनता के सामने लाएं।

#### शांति और विकास का नया अध्याय

प्रधानमंत्री ने कहा कि असम ने दशकों तक हिंसा और अस्थिरता झेली है, लेकिन पिछले 10 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने 12 बड़े शांति समझौते किए हैं। तामलपुर के धनेश्वर से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि जो बोडोलैंड कभी धमाकों के लिए जाना जाता था, आज वह विकास की मिसाल बन गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सुझाव दिया कि वे उन पूर्व उग्रवादियों के अनुभव साझा करें जिन्होंने बंदूक छोड़कर कलम थामी है।

#### युवाओं और महिलाओं पर विशेष फोकस

पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं को आगाह किया कि 18 से 22 साल के नए मतदाता केवल पिछले 10 साल की शांति को जानते हैं। उन्हें यह बताना जरूरी है कि कांग्रेस के शासन में राज्य की स्थिति कितनी भयावह थी।

## नीतीश कुमार ने विधान परिषद से दिया इस्तीफा, मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटना** : बिहार की राजनीति में सोमवार को एक ऐतिहासिक अध्याय का अंत हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधान परिषद (एमएलसी) की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। यह कदम उन्होंने राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद संवैधानिक प्रक्रियाओं को पूरा करने के उद्देश्य से उठाया है। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।



नीतीश कुमार बीते 16 मार्च को निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए थे। नियमानुसार, राज्यसभा का सदस्य चुने जाने के 14 दिनों के भीतर दूसरी सदन की सदस्यता छोड़नी अनिवार्य होती है। यदि नीतीश कुमार ऐसा नहीं करते, तो उनकी राज्यसभा की सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाती। चर्चा है कि वे 10 अप्रैल को उच्च सदन (राज्यसभा) की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं।

सभापति अवधेश नारायण सिंहः मुख्यमंत्री ने सुबह शिष्टाचार भेंट की और अपना त्यागपत्र सौंपा। उनके जाने से बिहार दुखी है, क्योंकि उनके नेतृत्व में राज्य विकसित श्रेणी में खड़ा हुआ है।

## नाबालिग के साथ दरिंदगी पर उच्च न्यायालय ने लिया स्वतः संज्ञान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के कोसुंभा गांव में 12 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या मामले को झारखंड उच्च न्यायालय ने गंभीरता से लिया है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के डीजीपी, गृह सचिव एवं एसपी हजारीबाग को नोटिस जारी कर उन्हें जवाब दाखिल करने को कहा है। खंडपीठ ने मामले को सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया है।

सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष यह बात लाई गई कि यह मामला दिल्ली के निर्भया कांड की तरह है। इसमें बच्ची के प्राइवेट पार्ट के साथ भी अमानवीय व्यवहार किया गया है। अदालत ने कहा कि यह घटना घृणित और मानवता को शर्मसार करने वाली है।

अदालत के समक्ष उक्त घटना से संबंधित पेपर की कटिंग प्रस्तुत की गई, जिसे अदालत ने गंभीर मामला मानते हुए तुरंत झालसा सचिव एवं हजारीबाग एसपी को वर्चुअल तलब किया। अदालत को बताया गया कि बच्ची के साथ रेप और मर्डर की घटना 24 मार्च को हुई। 25 मार्च को घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई।

## ईरान के पेट्रोकेमिकल प्लांट पर बड़ा हमला ट्रंप ने 'खार्ग द्वीप' पर कब्जे के दिए संकेत

एजेंसी

**तेहरान/वॉशिंगटन** : अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ा युद्ध अब अपने दूसरे महीने में प्रवेश कर चुका है और स्थिति और भी भयावह होती जा रही है। युद्ध के 31वें दिन ईरान के भीतर कई रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें तबरीज स्थित एक बड़ा पेट्रोकेमिकल संयंत्र भी शामिल है।



#### कुवैत में भारतीय कर्मचारी की मौत

ईरानी हमलों का असर अब पड़ोसी खाड़ी देशों पर भी दिखने लगा है। सोमवार को कुवैत के एक पावर स्टेशन और वाटर डीसैलिनेशन प्लांट पर हुए ईरानी हमले में वहां कार्यरत एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। कतर और संयुक्त अरब अमीरात ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है।

#### ट्रंप की चेतावनीः 'खार्ग द्वीप' पर हो सकता है कब्जा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेवर कड़े करते हुए संकेत दिए हैं कि अमेरिका ईरान के मुख्य तेल निर्यात केंद्र, खार्ग द्वीप पर कब्जा कर सकता है। ट्रंप ने कहा कि ईरानी नौसेना और वायुसेना लगभग तबाह हो चुकी है और अमेरिका के पास ईरान को घुटनों पर लाने के लिए कई सैन्य विकल्प मौजूद हैं। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ईरान के लिए यह एक बड़ा दिन है क्योंकि अमेरिकी सेना ने कई महत्वपूर्ण लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया है।

## लश्कर का मास्टरमाइंड आतंकी शब्बीर अहमद लोन गिरफ्तार

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, लोन उस पूरे आतंकी मॉड्यूल का हैंडलर था जो राजधानी में बड़े हमले की फिराक में था। उसे गाजीपुर इलाके से दबोचा गया।



स्पेशल सेल की नई दिल्ली रेंज के डीसीपी प्रवीण त्रिपाठी की देखरेख में हुई इस कार्रवाई के दौरान आतंकी के पास से संदिग्ध सामग्री बरामद हुई है। जांच अधिकारियों ने बताया कि उसके कब्जे से 2,300 बांग्लादेशी टका, पाकिस्तानी मुद्रा और एक नेपाली सिम कार्ड मिला है। लोन लंबे समय से बांग्लादेश में बैठकर भारत विरोधी गतिविधियों को संचालित कर रहा था और उसने कोलकाता के हटियारा में आतंकियों के छिपने के लिए एक 'सेफ हाउस' भी बना रखा था।

### रांची में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव

### राज्यपाल ने मुनि प्रमाण सागर जी के संयम और साधना को सराहा, कहा

# भगवान महावीर के सिद्धांत ही विश्व शांति का मार्ग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि भगवान महावीर का जीवन और उनके सिद्धांत केवल जैन समाज के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। सोमवार को रांची के बिरसा मुंडा फन पार्क में आयोजित श्री 1008 आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ को संबोधित करते हुए उन्होंने अहिंसा और करुणा के संदेश को आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया।



#### जियो और जीने दो का मूल मंत्र आज भी प्रासंगिक

महावीर जयंती और मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज के दीक्षा दिवस के अवसर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में राज्यपाल ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा वर्तमान वैश्विक चुनौतियों के दौर में महावीर स्वामी का 'जियो और जीने दो' का मंत्र सह-अस्तित्व और आपसी सम्मान की भावना को मजबूत करता है। उनके सत्य, अपरिग्रह और अहिंसा के सिद्धांत एक समरस समाज के निर्माण की प्रेरणा देते हैं।

#### आध्यात्मिक चेतना का संगम है महोत्सव

राज्यपाल ने श्री दिगम्बर जैन समाज, रांची द्वारा आयोजित इस पंचकल्याणक महोत्सव की सराहना करते हुए इसे आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक परंपरा और विश्व शांति का पवित्र संगम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में नैतिक मूल्यों को मजबूती मिलती है और नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ती है।

#### मुनि प्रमाण सागर जी के तप की सराहना

मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज के दीक्षा दिवस पर राज्यपाल ने उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि मुनि श्री का जीवन आत्मसंयम और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**सरल दर्शनः** राज्यपाल ने उल्लेख किया कि मुनि श्री अपने प्रवचनों और साहित्य के माध्यम से जैन दर्शन के गूढ़ रहस्यों को अत्यंत सरल और प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचा रहे हैं।

**प्रेरणा पुंजः** उन्होंने मुनि श्री के तप और साधना को समाज के लिए कल्याणकारी बताया।

संबोधन के अंत में राज्यपाल ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि वे भगवान महावीर के आदर्शों को केवल उपदेश न मानें, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन में उतारें। उन्होंने कहा कि आत्मचिंतन और आत्मसंयम के जरिए ही समाज में शांति और सद्भाव की भावना को सुदृढ़ किया जा सकता है।

# कुसुंबा कांड के विरोध में हजारीबाग बंद सड़कों पर उतरे जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव -कुसुंबा में 12 वर्षीय अबोध बालिका के साथ हुई दरिंदगी और उसकी निर्मम हत्या की हृदयविदारक घटना ने पूरे झारखंड को झकझोर कर रख दिया है। इस वीभत्स और अमानवीय कृत्य के विरोध में तथा दोषियों पर अविलंब कठोरतम कार्रवाई की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू की घोषणा के अनुरूप सोमवार को हजारीबाग जिला पूर्णतः बंद कराया गया। इस गंभीर मामले पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष



जायसवाल ने गहरी संवेदना और आक्रोश व्यक्त करते हुए जिला वासियों से इस बंदी को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का आह्वान किया था, जिसका व्यापक असर देखने को मिला । सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हमारी मासूम बेटी के साथ जो हुआ वह मानवता पर कलंक है और सोए हुए प्रशासन को जगाने के लिए हम सबको एकजुट होना होगा। उन्होंने जिले के तमाम व्यवसायियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से अपने-अपने प्रतिष्ठान स्वतः बंद रखकर इस विरोध प्रदर्शन में सहभागी बनने का विनम्र आग्रह किया। इसी कड़ी में सोमवार को बंदी को सफल बनाने के लिए खुद सांसद मनीष जायसवाल, बरही विधायक मनोज कुमार यादव और भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह भाजपा नेताओं और कार्यकताओं के साथ हजारीबाग की सड़कों पर उतरे। शहर के झंडा चौक, मेन रोड़, पैगोडा चौक, इंद्रपुरी चौक, नवाबगंज, गुरु गोविंद सिंह रोड़, अन्नदा चौक, कांग्रेस ऑफिस रोड़, भगत सिंह चौक, पंच मन्दिर चौक, सेठ मोहल्ला, महावीर स्थान चौक, जादो बाबू चौक, कुआं चौक सहित अन्य क्षेत्रों में घूम-घूमकर बंदी का समर्थन का अपील किया। भाजपा नेताओं ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर जोरदार नारेबाजी की और जिन प्रतिष्ठानों के शटर खुले थे, उनसे हाथ जोड़कर बंद करने का आग्रह किया। जिसे लोगों ने स्वीकार करते हुए तत्काल अपना दुकान बंद कर दिया किया। देखते ही देखते पूरा हजारीबाग स्वतः बंद हो गया और सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने विश्वास जताया है कि जनता की यह एकजुटता और संवेदना सोई हुई राज्य सरकार और प्रशासन पर दबाव बनाएगी ताकि मासूम को जल्द से जल्द न्याय मिल सके और दोषियों को फांसी के फंदे तक पहुँचाया जा सके।

## एक नजर

### वन पर्यावरण मेला सह वृक्षों का रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन कल



**बड़कागांव:** बड़कागांव बुढ़वा महादेव परिसर अंतर्गत रानी बाग सरहुलटांड़ में कल बुधवार 1 अप्रैल को वन पर्यावरण मेला सह वृक्षों का रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति पड़रिया, पश्चिमी वन क्षेत्र बड़कागांव के द्वारा किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग डीएफओ, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और पूर्व विधायक लोकनाथ महतो होंगे। 1 अप्रैल को कार्यक्रम 6:30 सुबह से शाम 5 बजे तक चलेगा, इस दौरान पेड़ों का रक्षाबंधन साथ ही साथ नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उक्त आशय की जानकारी पर्यावरण मेला समिति के अध्यक्ष भोला महतो द्वारा दी गई है।

### गोंदलपुरा में मनाया गया प्राकृतिक पर्व सरहुल



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत ग्राम गोंदलपुरा में आदिवासी करमाली समाज गोंदलपुरा पंचायत के मूलवासी के द्वारा सरहुल पर्व बड़े धूमधाम से बनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि वासुदेव यादव एवं पूर्व पंचायत समिति देवनाथ महतो,आदिवासी करमाली समाज गोंदलपुरा के अध्यक्ष मंगरु करमाली ,कोषाध्यक्ष गणित करमाली के अगुवाई में मनाया गया। करमाली समाज के गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा पारंपारिक तरीके से सखुआ के वृक्ष में पूजा किया गया। लोगो को संबोधित करते हुए प्रकाश करमाली ने कहा कि सरहुल पर्व हमें आपस में एकता और प्राकृतिक के संरक्षण करने का संदेश देता है। इसलिए जल जंगल को बचाए रखने का प्रयास करना चाहिए,मौके पर मुख्यरूप से प्रकृति प्रेमी और सहयोगीकर्ता श्री कामेश्वर करमाली,पाहन श्री विजय करमाली ,संचालक प्रकाश करमाली, सचिव मनोज करमाली, कृष्णा करमाली। बरजू करमाली, पार्वती देवी, आरती देवी, उर्मिला देवी व अन्य उपस्थित थे।

### डीएनडी 2.0 ऐप से अनचाहे कॉल से बचाव संभव : बबीता

खूंटी: केजीबीवी सीएम उत्कृष्ट विद्यालय कर्रा में सोमवार को भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, भारत सरकार, नई दिल्ली के सौजन्य से प्रगति एजुकेशनल एकेडमी, रांची की ओर से मोबाइल टेलीकॉम उपभोक्ताओं के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की वार्डन रश्मि कुमारी, संस्था की सीईओ बबीता कश्यप तथा डॉ विकास चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बबीता कश्यप ने छात्र-छात्राओं को टेलीकॉम उपभोक्ताओं के अधिकारों और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के दौर में मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग बढ़ा है, लेकिन इसके साथ सावधानी भी जरूरी है। थोड़ी सी लापरवाही से साइबर ठगी का शिकार होना पड़ सकता है। उन्होंने डीएनडी 2.0 ऐप के माध्यम से अनचाहे कॉल से बचाव और मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की जानकारी भी दी। डॉ विकास चतुर्वेदी ने बताया कि ट्राई के नियमों के तहत कोई भी टेलीकॉम कंपनी उपभोक्ताओं के साथ धोखा नहीं कर सकती।

## भामाशाह विद्यालय में आचार्य कार्यशाला का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही के भामाशाह विद्यालय में आचार्य कार्यशाला शुभारंभ तथा दो नए डिजिटल पैनल का भी उद्घाटन किया गया। विद्यालय में पूर्व से भी डिजिटल पैनल उपलब्ध है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राम नारायण यादव कालेज के प्रोफेसर बद्री साहू विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अमित साहू,बहन नीलिमा कुमारी मौजूद रहे। कार्यशाला की प्रस्तावना प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय जी के द्वारा रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 2020 में नई शिक्षा नीति की घोषणा से भारत की एक क्रांतिकारी शिक्षा सुधार योजना है, जिसने 1986 की नीति को बदला है। इसका मुख्य उद्देश्य रटने की जगह समझ, रचनात्मकता, संरचना के माध्यम से शिक्षा को समावेशी व व्यावहारिक बनाना है। उन्होंने कहा कि भामाशाह विद्यालय का इस दिशा में प्रयास बहुत ही सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। इन्होंने कहा कि एक शिक्षक को अपने छात्रों में भविष्य के संभावित राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, इसरो के वैज्ञानिक के रूप में देखते हुए शिक्षा प्रदान करना चाहिए। शिक्षा संस्कार का एक प्रवल पक्ष है जिसे विद्यालय पूर्ण रूप से प्रदान कर रहा है। बहन नीलिमा कुमारी कहा कि भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर से शिक्षा प्राप्त कर आज इसरो जैसी संस्था में वैज्ञानिक पद को सुशोभित कर रही है।

## ईद एवं रामनवमी महापर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने पर प्रशासन को दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत कुल 23 पंचायतो में ईद एवं रामनवमी शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं ग्रामिणों ने जिला प्रशासन व स्थानीय प्रशासन को बधाई दी है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया एवं इंटक महासचिव राजू यादव , प्रखंड अध्यक्ष झारखंड सह श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह , प्रमुख फुलवा देवी ,जिला परिषद सदस्य गीता देवी, सुनीता देवी , यासमीन निशा, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया तकरीमुल्ला खान, रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विवेक सोनी, इलाकाई सदर हाजी तबस्सुम खान ,समाजसेवी कोलेश्वर गंझू, मुखिया गणेश साव, गीता देवी, नीलम मिंज, चरका करमाली, पंसस रितेश



कुमार, गणेश साव, रंजीत चौबे, पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद, झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, सूरज बेसरा, संजय करमाली, प्रतिनिधि दीपक करमाली, मोहम्मद इब्राहिम, चंदनपुरी, अशिम अरशद, भवानी प्रसाद दांगी, राजनाथ कुमार दांगी, मुनेश्वर गंझू , अली रजा, रमन गंझू, रमेश सिंह भोक्ता, रामजीत गंझू , शमशेर आलम, विनोद यादव, शहबान अंसारी, मिथिलेश कुमार साव, राजकुमार राणा, रंजीत कुमार, इसराइल अंसारी, बिंदु दांगी,सोनू इराकी,अफवान अंसारी, जानिसार आलम, कजरू उरांव , पुकेशवर गंझू , खिरु उरांव, महेश गंझू, मानकी मुंडा, दीपक साव, कैलाश महतो ने बड़कागांव प्रखंड में शांतिपूर्ण ईद एवं रामनवमी महापर्व संपन्न करने पर जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन को बधाई दिया है। शांतिपूर्ण ईद एवं रामनवमी पर्व संपन्न करने पर मुख्य रूप से हजारीबाग डीसी एवं एसपी बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार बीडियो जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ मनोज कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर ललित कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, सीकरी ओपी प्रभारी रामकुमार राम, डाड़ीकला ओपी प्रभारी सागेन मुर्मू , आशीष भगत सहित विधि व्यवस्था को लेकर सुरक्षा में तैनात सभी कर्मी एवं पुलिस के समस्त सशस्त्र पुलिस बल को बधाई दी गई है।

## बी.एम. मेमोरियल स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल हुआ घोषित सत प्रतिशत रिजल्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव बीएम मेमोरियल स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल 2025- 26 घोषित किया गया। जिसमें सत प्रतिशत सभी बच्चों ने अंक प्राप्त कर अपना और विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षाफल प्राप्त कर सभी बच्चे उत्साहित दिखे। जिसमें कक्षा कक्षा 2 के आदित्य कुमार दांगी 97% लाकर विद्यालय टॉप किया। इसके अलावा भारती सोनी, अंश राज,मिस्टी प्रिया, संयम सोनी ने 95% अंक प्राप्त कर अपने क्लास में टॉपर बने हैं। वहीं इसके अलावा प्रभाकर रंजन,खुशी कुमारी, निधि सोनी, सुशांत कुमार महतो, शुभ आशीष, सुफियान राजा, आनंद कुमार असद राजा, अफीफा सिद्दीकी, आरिफ राजा, हिमांशु कुमार, दुर्गेश कुमार, जीशान, अंसारी शाहिद अन्य



छात्र छात्राओं ने अपने-अपने कक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। मौके पर विद्यालय के उपनिदेशक दिनकर कुशवाहा ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए उन्हें बधाई दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षक को का विद्यार्थियों के प्रति समर्पण का परिणाम है कि आज सब प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं। आगे श्री कुशवाहा ने कहा कि हमारे विद्यालय के पूरा टीम बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए पूरी मेहनत और लगन के साथ बच्चों को सीखने का कार्य करते है। वही विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार एवं उप प्राचार्य पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारा विद्यालय में हम बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य सभी प्रकार की क्रियाकलाप करवाते हैं ताकि बच्चे सभी क्षेत्रों में अपना भविष्य बना सके। मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, ऋषभ अग्रवाल, महेंद्र विश्वकर्मा, अभिषेक कश्यप, भानु राज, विकास ठाकुर,आदित्य कुमार शहीद दर्जनों की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में हुई मासूम की दरिंदगी पर बरही में बंद और सड़क जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुंभा में 12 वर्षीय नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या से आक्रोशित भाजपा कार्यकताओं ने बरही बंद किया और बरही चौक पर सड़क जाम कर दिया। भाजपा कार्यकताओं के बरही बंद का बरही के नागरिकों और व्यवसायियों ने समर्थन करते हुए सुबह से 12 बजे तक अपनी दुकान और व्यवसायिक संस्थानों को बंद रखा। बरही पूर्वी के मंडल अध्यक्ष विजय यादव एवं बरही पश्चिमी के मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपाइयों ने बरही के चारो मुख्य मार्गों में रैली निकाली और बरही बंद का आवाह्न करते हुए बरही चौक पर बैठ गए। इससे कुछ समय के लिए सड़क जाम हो गया और वाहनों की कतार लग गई। सड़क जाम होते



ही बरही थाना पुलिस जाम स्थल पर पहुंची और सड़क जाम करने वाले भाजपा कार्यकताओं को गिरफ्तार कर थाना ले गई। थाना में कुछ घंटे रखने के बाद भाजपा के सभी कार्यकताओं को निजी मुचलके पर थाना से ही छोड़ दिया गया। गिरफ्तार होने वाले भाजपा कार्यकताओं में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, प्रद्युम्न सिंह, राजकुमार केशरी, अमित गौरव, संतोष निषाद, सागर चंद्रवंशी एवं ब्रह्मदेव यादव समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## बिष्णुगढ़ की सीता को न्याय सुनिश्चित किया जाएगा : अंबा प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** बिष्णुगढ़- विष्णुगढ़ में दिनांक 24/03/2026 को मंगला जुलूस के दौरान जुलूस देखने गई मासूम बच्ची "जिसे अंबा प्रसाद ने सीता नाम की संज्ञा दी है" के साथ घृणित बलात्कार और जघन्य हत्या की घटना के पुलिस अनुसंधान की नाकामियों के विरोध में सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट चौक में काला बिल्ला लगा कर कैंडल मार्च करते हुए प्रदर्शन किया तथा इस दौरान जिला के एसपी एवं डीसी का पुतला भी दहन किया गया। इस दौरान अंबा प्रसाद ने कहा कि पुलिस प्रशासन के नाकामी को देखते हुए अपराध के अनुसंधान को सीबीआई को सौंपा जाए तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा और पुनर्वासन सुनिश्चित किया जाए। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने फिर से राज्य मे महिला आयोग बनाने की मांग दोहराई। अंबा प्रसाद ने फिर से कहा




कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा उन्होंने आस्वस्त किया कि बतौर अधिवक्ता पीड़ित परिवार को हर संभव मदद न्यायिक कार्यों में प्रदान करने व उनका केस लड़ने का कार्य करूंगी। अंबा प्रसाद ने कहा कि यह घटना दिल्ली के निर्भया कांड से भी दर्दनाक एवं घृणित है, पुलिस प्रशासन की नाकामी व असंवेदनशीलता आम लोगों की सुरक्षा पर सवालिया निशान है। अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री को भी लिखा पत्र, सीएम हेमंत सोरेन से व्यक्तिगत हस्तक्षेप करने की मांग इस मामले को लेकर अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर व्यक्तिगत हस्तक्षेप करने की भी मांग की है। अंबा प्रसाद ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराते हुए कहा है कि विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत कांड संख्या 42/2026 में मृतका के साथ हुए जघन्य अपराध के इतने दिन बीत जाने के बाद भी हजारीबाग पुलिस अपराधियों का कोई सुराग लगाने में विफल रही है। यह स्थिति जिला पुलिस प्रशासन की कार्यकुशलता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। महिला सम्मान और सुरक्षा का वादा करने वाली सरकार के कार्यकाल में जनता न्याय की आस लगाए बैठी है। हजारीबाग पुलिस की वर्तमान कार्यशैली से ऐसा प्रतीत होता है कि या तो वे इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, या फिर वास्तविक तथ्यों को उच्च स्तर तक पहुँचने से रोका जा रहा है। यह अत्यंत चिंताजनक है कि इतने जघन्य अपराध के दोषियों का पता लगाने में भी पुलिस अब तक असमर्थ रही है। ऐसी व्यवस्था से आम जनमानस का भरोसा डगमगा रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक अंबा ने इस प्रकरण में अविलंब व्यक्तिगत हस्तक्षेप करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने, कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले हजारीबाग पुलिस अधीक्षक का स्थानांतरण कर उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने, संबंधित डीएसपी एवं विष्णुगढ़ थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उचित जाँच करने, मामले की गंभीरता और स्थानीय पुलिस की विफलता को देखते हुए, इस कांड का अनुसंधान उइकसे कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने समेत पीड़िता के परिवार को मुआवजा एवं पुनर्वास प्रदान करने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीड़िता को न्याय दिलाने को लेकर निकाला मशाल जुलूस



**चलकुशा:** विष्णुगढ़ प्रखंड के कुसुंभा पंचायत में 12 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की दर्दनाक घटना के विरोध में रविवार को चलकुशा में आक्रोशित लोगों ने मशाल जुलूस निकाला। जुलूस का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष वासुदेव यादव ने किया। मशाल जुलूस में शामिल कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने ह्लदोषियों को फांसी दोह्न जैसे नारे लगाए और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नवरात्र जैसे पवित्र पर्व के दौरान, जब समाज मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा करता है, और ऐसे समय में जघन्य घटना पूरे समाज को कलंकित करती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जाए। लोगों का कहना था कि ऐसे अपराधियों को समाज में रहने का कोई अधिकार नहीं है और उन्हें मृत्युदंड मिलना चाहिए। जुलूस में राष्ट्रीय मानवाधिकार प्रखंड अध्यक्ष विक्रम सिंह, सचिव मुन्ना यादव, मुखिया प्रतिनिधि रामजीत रजक, लखन साव, विरेंद्र यादव, धीरेन्द्र पांडेय, मोहसिन कमाल, संजय यादव, राजकुमार पंडित, शंकर यादव, महेंद्र यादव, बीरेंद्र साव, दशरथ साव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### अनुदान रोकने के विरोध में जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के शिक्षक हड़ताल पर



**बड़कागांव :** जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय बड़कागांव के सभी शिक्षक – शिक्षिकेतर एवं कर्मचारी वित्त रहित संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। मोर्चा के अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 523 वित्त रहित शिक्षण संस्थाओं ने ऑनलाइन आवेदन किए थे। जिसमें 223 शिक्षण संस्थाओ को विभागीय स्तर से अनुदान रोक दिया गया। वहीं 75% अनुदान की वृद्धि राशि का फाइल विभाग में लंबित है। जिसको लेकर वित्त रहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर एक दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया गया था। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लखन महतो, वरिष्ठ शिक्षिका विमली कुमारी, अशोक कुमार, अख्तर हुसैन, शोभा कुमारी, कुलदीप कुमार, शंकर राणा, शंकर महतो, मीना वर्मा, जितेंद्र कुमार, प्रमिला देवी एवं अर्जुन सिंह उपस्थित थे।

### ट्रांसपोर्टर मनोज कुमार का हुआ अंतिम संस्कार, शोक सभा



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के पूर्व डीलर संघ अध्यक्ष ,साहिबगंज एफसीआई के ट्रांसपोर्टर 55 वर्षीय मनोज कुमार का अंतिम संस्कार बड़कागांव दो मुहाने नदी श्मशान घाट में किया गया। शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए एवं मनोज की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख भगवान से प्रार्थना की गई । मुखाग्नि इकलौते पुत्र शुभम ने दी। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, डॉक्टर बालेश्वर महतो, पप्पू कुमार, शशि मेहता, दिनेश सिन्हा, संदीप कुशवाहा, पारसनाथ प्रसाद, टुकेश्वर प्रसाद, भीखन महतो, सुभाष सिंह, अशोक कुमार, उपेंद्र प्रसाद ,वीरेंद्र प्रसाद, सत्येंद्र गुप्ता, बालेश्वर कुमार, झमन महतो, राजू सोनी, सांवरमल अग्रवाल, महेंद्र महतो,जगरनाथ साव ,कैलाश राम,रबी महतो,सोनू यादव,अजय गुप्ता शिबू कुमार, किशोर कुमार के अलावा सैकड़ो शामिल है।

### रामनवमी के बाद सन्नाटे के बीच मानवता की मिसाल यूथ विंग ने एक घंटे में उपलब्ध कराया रक्त



**हजारीबाग :** रामनवमी जैसे बड़े और उत्साहपूर्ण पर्व की समाप्ति के बाद जहां पूरा शहर थकान के कारण सन्नाटे और विश्राम में डूबा हुआ था, वहीं दूसरी ओर हजारीबाग यूथ विंग ने मानवता और सामाजिक सेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की। जब अधिकांश लोग आराम कर रहे थे, उस समय संस्था के सदस्यों ने एक जरूरतमंद महिला के लिए जीवनरक्षक बनकर सामने आते हुए मात्र एक घंटे के भीतर रक्त की व्यवस्था कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरकट्ठा निवासी ईश्वरी सिंह की धर्मपत्नी प्रभा देवी को अचानक रक्त की अत्यंत आवश्यकता पड़ गई। परिजनों ने कई स्थानों पर प्रयास किया, लेकिन कहीं से भी रक्त की व्यवस्था नहीं हो सकी। स्थिति गंभीर होती जा रही थी। ऐसे में परिजनों ने हजारीबाग यूथ विंग के निजी ग्रुप के माध्यम से मदद की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए संस्था ने बिना समय गंवाए तत्काल सक्रियता दिखाई और रक्त की व्यवस्था के लिए प्रयास शुरू कर दिए। इसी क्रम में संस्था के पदाधिकारियों ने चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सहसचिव तारीख अहमद राजा से संपर्क किया। मानवता की पुकार सुनते ही उन्होंने तुरंत आनंद हॉस्पिटल के ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। उनके इस सराहनीय कदम से मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध हो सका और उसकी जान बचाई जा सकी। इस पूरे पुनीत कार्य में हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल के मार्गदर्शन में संस्था के सचिव रितेश खंडेलवाल सहित कई सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया को

## एक नजर

### 9 से 11 अप्रैल तक राष्ट्रीय मक्का अनुसंधान पर बैठक

**रांची** : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) और भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मक्का से संबंधित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की राष्ट्रीय समूह की बैठक 9 से 11 अप्रैल तक बीएयू परिसर में आयोजित की जाएगी। आयोजन सचिव और बीएयू के आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग की अध्यक्ष डॉ. मणिगोपा चक्रवर्ती ने सोमवार को बताया कि इस बैठक में देशभर के 37 विश्वविद्यालयों में कार्यरत वैज्ञानिकों के साथ-साथ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधिकारी भी भाग लेंगे। कुल मिलाकर करीब 250 विशेषज्ञ इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में शामिल होंगे।

### सात जिलों में आज बारिश और ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट

**रांची** : झारखंड के सात जिलों में 31 मार्च को गर्जन के साथ बारिश होने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने एवं ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की गई है। यह जानकारी मौसम विभाग ने सोमवार को दी। विभाग ने बताया कि उपर्युक्त जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने राज्य के दक्षिणी और इससे सटे मध्यवर्ती जिलों में गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना भी विभाग ने व्यक्त की है। इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 38.2 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला में 17.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सोमवार की सुबह में रांची और आसपास के इलाकों में घना कुहासा छाया रहा। लोगों को आस-पास की चीजें भी साफ-साफ नहीं दिखाई दे रही थी।

# सदर अस्पताल का उपाधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण
# मरीजों को नहीं मिल रहीं दवाएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राजधानी के रांची सदर अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए सोमवार को उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश कुमार सिंह ने विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की अव्यवस्था और दवाओं की उपलब्धता को लेकर कई खामियां सामने आईं। एक महिला मरीज ने सीधे उपाधीक्षक से शिकायत की कि डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाएं अस्पताल की फामेर्सी में उपलब्ध नहीं हैं।



> हमारा लक्ष्य है कि मरीजों को अस्पताल परिसर के भीतर ही सभी सुविधाएं मिलें। दवाओं की जो भी कमी पाई गई है, उसे जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।
> — डॉ. बिमलेश कुमार सिंह, उपाधीक्षक

#### मरीजों की शिकायतः बाहर से खरीदनी पड़ रही दवा

निरीक्षण के दौरान सुमन नामक महिला मरीज ने उपाधीक्षक को बताया कि उसे डॉक्टर ने जो दवाएं लिखी थीं, उनमें से दो महत्वपूर्ण दवाएं फामेसी काउंटर से नहीं मिलीं। इस पर डॉ. सिंह ने स्वीकार किया कि फिलहाल कुछ दवाओं की कमी है, लेकिन उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में एंटीबायोटिक्स और इंजेक्शन का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

#### इन विभागों की हुई जांच

उपाधीक्षक ने इमरजेंसी वार्ड, रजिस्ट्रेशन काउंटर, ओपीडी, किचन और फामेसी का दौरा किया। उन्होंने बताया कि यह निरीक्षण इसलिए किया गया ताकि अस्पताल की कार्यप्रणाली में जो भी छोटी-बड़ी कमियां हैं, उन्हें समय रहते सुधारा जा सके। गौरतलब है कि सदर अस्पताल में वर्तमान में ऑन्कोलॉजी, कार्डियोलॉजी और न्यूरोसर्जरी जैसी सुपर-स्पेशियलिटी ओपीडी भी संचालित की जा रही हैं, जहां मरीजों को मुफ्त इलाज और दवा का प्रावधान है।

#### फार्मेसी में दवाओं की एक्सपायरी जांच

डॉ. बिमलेश कुमार सिंह ने खुद फार्मेसी और स्टोर का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कई दवाओं की एक्सपायरी डेट की स्वयं जांच की। फार्मेसी स्टाफ को सख्त निर्देश दिए कि मरीजों को दवा देने से पहले उसकी गुणवत्ता और तिथि की दोबारा जांच करें। कर्मचारियों को मरीजों और उनके परिजनों के साथ शालीन व्यवहार करने की हिदायत दी।

## रिश्वत कांड में रेलवे अधिकारी हिमांशु शेखर से सीबीआई ने की पूछताछ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : रांची रेल मंडल में सामने आए रिश्वत कांड की जांच तेज हो गई है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रेलवे के मुख्य वाणिज्यिक निरीक्षक हिमांशु शेखर को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। विशेष सीबीआई अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे तीन दिनों के रिमांड पर सौंपने का आदेश दिया था।

न्यायालय के निर्देश के अनुसार, सीबीआई की टीम सोमवार को हिमांशु शेखर को बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल से अपने कार्यालय लेकर आई, जहां उससे गहन पूछताछ जारी है। सीबीआई ने उसे 25 मार्च की शाम ठेकेदार अजय त्यागी से 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तारी के बाद जांच एजेंसी ने मामले से जुड़े अन्य अधिकारियों से भी पूछताछ की। इसी क्रम में तत्कालीन सीनियर मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (डीसीएम) शुचि सिंह से करीब तीन घंटे तक पूछताछ की गई। हालांकि बाद में उन्हें छोड़ दिया गया, लेकिन जांच के लिए उनका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है, जिसकी जांच जारी है।

सीबीआई ने 26 मार्च को आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की मांग की थी। अदालत ने सुनवाई के लिए 28 मार्च की तारीख तय की और तब तक उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बाद में 28 मार्च को हुई सुनवाई में अदालत ने तीन दिनों की रिमांड मंजूर कर ली।

इस बीच, मामले की जांच में नाम आने के बाद रेल प्रशासन ने शुचि सिंह को उनके पद से हटा दिया है। उन्हें अब पीओ-आरसीटी के पद पर तैनात किया गया है, जबकि श्रेया सिंह को नया सीनियर डीसीएम बनाया गया है। हालांकि, रेलवे प्रशासन ने इस बदलाव को सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया बताया है।

सीबीआई फिलहाल इस पूरे मामले में रिश्वतखोरी के नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य संभावित लोगों की भूमिका की गहन जांच कर रही है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

## रांची में किशोरियों के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरूआत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : रांची जिले में किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोमवार से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई। यह अभियान सिविल सर्जन कार्यालय के तहत जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल में चलाया जा रहा है।

सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि यह विशेष अभियान आगामी तीन महीनों तक चलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि एचपीवी एक सामान्य वायरस है, जो आगे चलकर गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का प्रमुख कारण बन सकता है। यह वैक्सीन संक्रमण से सुरक्षा प्रदान कर कैंसर होने की संभावना को काफी हद तक कम कर देती है। विशेष रूप से 14झ15 वर्ष की आयु में यह टीका सबसे अधिक प्रभावी माना जाता है।

डॉ. प्रभात कुमार ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल में ले जाकर इस निःशुल्क और सुरक्षित टीके का लाभ दिलाएं। उन्होंने यह भी सलाह दी कि टीकाकरण के बाद भी नियमित स्वास्थ्य जांच कराना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि यह अभियान महिला स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## पेयजल गुणवत्ता पर राज्यसभा में डॉ. प्रदीप वर्मा ने उठाया सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : राज्यसभा में पूरक प्रश्नों के माध्यम से सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तैयार किए गए पेयजल गुणवत्ता निगरानी ढांचा के अंतर्गत समग्र प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) के जरिए झारखंड में जल गुणवत्ता प्रबंधन, वास्तविक समय (रियल टाइम) डेटा निगरानी तथा पेयजल की गुणवत्ता की जांच और प्रबंधन हेतु ग्राम स्तर पर विकसित क्षेत्रीय परीक्षण प्रणाली के संबंध में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर पाटिल से महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा। सांसद डॉ. वर्मा ने अपने प्रश्न के माध्यम से झारखंड में पेयजल की वर्तमान गुणवत्ता स्थिति, उसकी निगरानी व्यवस्था एवं वास्तविक समय के आंकड़ों के आधार पर उठाए जा रहे सुधारात्मक कदमों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि ग्रामीण स्तर पर लागू क्षेत्रीय परीक्षण प्रणाली कितनी प्रभावी है और इससे आमजन को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में कितना लाभ मिल रहा है। यह विषय न केवल जनस्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है, बल्कि ग्रामीण भारत में सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी है। इस प्रश्न के माध्यम से जल गुणवत्ता निगरानी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, सशक्त एवं प्रभावी बनाने की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया गया।

## जमुवारी में बिरसा मुंडा की प्रतिमा निर्माण हेतु भूमि पूजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगडा/ हेसल** : पंचायत ग्राम जमुवारी गांव में सरना स्थल के पास विरसा मुंडा प्रतिमा का निर्माण हेतु गांव के पुजारी बिरसा पहान के द्वारा भूमि पूजन किया गया` मुख्य रूप से हेसल पंचायत मुखिया कविता देवी ग्राम प्रधान देवराज पहान उप मुखिया दुर्गा पहान पंचायत समिति सदस्य मदरा मुंडा सोहन पहान कृष्णा भगत आसीन मुंडा साकीर अंसारी तुलसी पहान गोविंद मुंडा अर्जुन राम मेघनाथ मुंडा जमुना मुंडा बबलू तारा देवी मुन्नी देवी कोशल्या देवी आशाराम मुंडा विजय महतो पन्ना लाल महतो राजेन्द्र महतो बहादूर महतो आदि उपस्थित थे।

## अवसाद और ओसीडी जैसी बीमारियों का अब रांची में होगा आधुनिक उपचार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सीसीएल, रिनपास व रोटरी फाउंडेशन के बीच हुआ त्रि-पक्षीय समझौता



**रांची** : सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पहल के तहत झारखंड में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सोमवार को सीसीएल, रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो-साइकियाट्री एंड एलाइड साइंसेज और रोटरी फाउंडेशन के बीच एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

#### क्या है डीटीएमएस तकनीक और इसके लाभ?

इस समझौते के तहत रिनपास, रांची में डीप ट्रांसक्रैनियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन मशीन स्थापित की जाएगी। यह तकनीक बिना किसी सर्जरी के मस्तिष्क के गहरे हिस्सों को लक्षित कर मानसिक रोगों का उपचार करती है। यह मशीन मुख्य रूप से गंभीर अवसाद, ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर और निकोटीन (धूम्रपान) की लत छुड़ाने में बेहद प्रभावी है।

यह सिस्टम अमेरिकी संस्था यूएस-एफडीए द्वारा अनुमोदित है, जो इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता की पुष्टि करता है।

#### परियोजना की लागत और क्षमता

इस पूरी परियोजना की कुल लागत 1,98,72,488 रुपये (लगभग 2 करोड़) है। पूरी राशि का भुगतान सीसीएल द्वारा अपने उरफ फंड से किया जाएगा, जिसमें तीन वर्षों का रखरखाव भी शामिल है।

अनुमान है कि इस मशीन के लगने से प्रतिवर्ष 600 से अधिक गंभीर मानसिक रोगियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

#### सुलभ और किफायती उपचार

आम नागरिकों को राहत देने के लिए इस उपचार सेवा को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और झारखंड राज्य स्वास्थ्य योजना के साथ जोड़ा जाएगा। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग भी इस महंगी और आधुनिक तकनीक का लाभ उठा सकेंगे।

त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर के अवसर पर सीसीएल के महाप्रबंधक सिद्धार्थ शंकर लाल, रिनपास की निदेशक डॉ. जयंती सिमलाई तथा रोटरी फाउंडेशन के प्रतिनिधि ललित त्रिपाठी एवं गौरव बगरोय उपस्थित थे।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर प्रशासन सख्त
## फीस वृद्धि और री-एडमिशन वसूली पर कड़ा शिकंजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राजधानी में निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि और री-एडमिशन के नाम पर की जा रही अवैध वसूली के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अभिभावकों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय 'जिला स्तरीय जांच एवं निर्णय समिति' का गठन किया गया है। यह समिति दोषी स्कूलों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।



**अभिभावकों की चिंता** हर साल समिति बनती है, लेकिन कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाती है। इस बार हमें ठोस और स्थायी समाधान की उम्मीद है। –अभिभावक संघ

#### किताब-ड्रेस के लिए नहीं कर सकते मजबूर

प्रशासन के नए दिशा-निदेर्शों के अनुसार कोई भी स्कूल परिसर में किताबें, यूनिफॉर्म या स्टेशनरी बेचने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से सामग्री खरीदने के लिए मजबूर करना अब पूरी तरह प्रतिबंधित है। नियमों के उल्लंघन पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में सीधे शिकायत की जा सकती है।

#### लाखों का जुमार्ना और मान्यता रद्द करने की चेतावनी

प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर 50,000 रुपये से लेकर 2.5 लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। गंभीर मामलों में स्कूल की मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। उपायुक्त ने साफ संदेश दिया है कि शिक्षा के नाम पर अभिभावकों का आर्थिक शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### समिति में शामिल होंगे ये सदस्य

जांच को पारदर्शी बनाने के लिए समिति में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी, एक चार्टर्ड अकाउंटेंट और अभिभावक प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। यह टीम शिकायतों की समयबद्ध जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी।

## दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए विशेष अभियान का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : समाज में शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग जनों का विकास एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इनको समाज के मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में विशेष पहल किया जाना चाहिए। दिव्यांग की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। उक्त बातें उषा मार्टिन फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने कहीं। वह आज गुंदलीपोखर में उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से आयोजित दिव्यांग सहायता कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उषा मार्टिन के माध्यम से इर्द गिर्द के गांवों के लोगों को रोजगार के साथ ग्रामीण विकास का वैकल्पिक उपाय मिल रहा है। इसका लोगों को लाभ उठाना चाहिए ताकि समाज का संपूर्ण विकास हो सके। उन्होंने समाज को रोजगार के लिए आगे आनेश्रका आह्वान किया।

डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि उषा मार्टिन के माध्यम से गांवों के विकास के लिए एकीकृत कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें स्वास्थ, शिक्षा एवं क्षमता निर्माण के साथ रोजगारोन्मुख कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इसके अलावा कृषि को वैकल्पिक आय का माध्यम बनाने के लिए कई र्यक्रम चल रहे हैं। गांवों के लोगों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है।

मुख्य अतिथि अंगड़ा प्रमुख दीपा उरांव ने कहा कि उषा मार्टिन फाउंडेशन इस क्षेत्र में दिव्यांगजनों के लिए एक मजबूत सहारा बनकर उभरा है।

## संक्षिप्त खबरें

### दुर्घटना में विद्युत कर्मी की मौत पर श्रमिक संघ आक्रोशित, उच्च स्तरीय जांच की मांग



**रांची** : झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कांके सबडिवीजन में कार्यरत विद्युतकर्मी मो. शमी आलम के साथ 29 मार्च को हुई गंभीर दुर्घटना पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग उठाई है। श्रमिक संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ अजय राय ने सोमवार को विद्युत आपूर्ति क्षेत्र, रांची के महाप्रबंधक (तकनीकी) को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने कई अहम मांगें रखीं। इनमें दुर्घटना की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन, दोषी पदाधिकारियों और संबंधित एजेंसी पर कड़ी कार्रवाई, घायल कर्मी के समुचित और नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था, पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा प्रदान करना तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना शामिल है। संघ के अनुसार, घायल मो. शमी आलम जेएमडी एजेंसी के माध्यम से आउटसोर्सिंग के तहत कार्यरत थे। वर्तमान में उनका इलाज रांची स्थित देवकमल हॉस्पिटल में चल रहा है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। अजय राय ने इस घटना को विभागीय लापरवाही का उदाहरण बताते हुए कहा कि हाल के दिनों में इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी को दशार्ती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी लापरवाही से विद्युतकर्मियों का जीवन खतरे में पड़ रहा है और इस दिशा में तत्काल प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।

### रांची यूनिवर्सिटी में सत्र की देरी से नाराज बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने किया घेराव



**रांची**: लगातार लेट हो रहे सत्र को लेकर रांची विश्वविद्यालय के बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं का गुस्सा अब सड़कों पर दिखने लगा है. सोमवार को करीब 500 से अधिक विद्यार्थी विश्वविद्यालय मुख्यालय पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर घेराव किया. यह आंदोलन एनएसयूआई छात्र संगठन के बैनर तले आयोजित किया गया, जिसमें झारखंड के अलावा लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के छात्र भी शामिल हुए. छात्रों का कहना है कि वे रिम्स में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे हैं लेकिन उनका शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो रहा है. 2023-26, 2024-27 और 2024-28 सत्र के विद्यार्थी इस देरी से सबसे ज्यादा परेशान हैं. कई छात्रों का अब तक रजिस्ट्रेशन तक नहीं हो पाया है, जिससे उनका भविष्य अधर में लटका हुआ है. स्थिति यह है कि 2022-26 सत्र के छात्रों की अब तक केवल दो सेमेस्टर की ही परीक्षा हो पाई है, जबकि कोर्स काफी आगे बढ़ जाना चाहिए था. प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने बताया कि इससे पहले 2 फरवरी को भी उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, लगातार आश्वासन मिलने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने से मजबूर होकर उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है. छात्रों का कहना है कि परीक्षा और रिजल्ट में देरी के कारण उनके करियर पर सीधा असर पड़ रहा है और आगे की पढ़ाई एवं नौकरी के अवसर भी प्रभावित हो रहे हैं. आंदोलन में शामिल छात्रों ने साफ कहा कि वे लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी परेशानियों को गंभीरता से नहीं ले रहा है. उनका आरोप है कि कई बार लिखित शिकायत करने के बावजूद सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा है. ऐसे में अब उनके पास विरोध प्रदर्शन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था.

### सहकारी समितियों के रैपिड सर्वेक्षण के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**रांची** : राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), क्षेत्र संकाय प्रभाग, रांची की ओर से कार्यात्मक सहकारी समितियों के रैपिड सर्वेक्षण (आरएसएफसी) के लिए सोमवार को एक दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर (आरटीसी) का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर आगामी सर्वेक्षण को सफलतापूर्वक संचालित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन उप निदेशक आशीष कुमार तथा सहकारिता विभाग के सहायक निबंधक कालीचरण सिंह ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन सत्र में दोनों अधिकारियों ने सर्वेक्षण के महत्व और इसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उप निदेशक आशीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारी क्षेत्र देश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास का एक मजबूत स्तंभ है। यह विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, वित्तीय समावेशन और सामुदायिक सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि यह रैपिड सर्वेक्षण देश के 30 प्रमुख सहकारी क्षेत्रों से संबंधित सकल मूल्य संवर्धन (जीवीए), उत्पादन तथा रोजगार के विश्वसनीय आंकड़े जुटाने में सहायक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आंकड़े सरकार को नीतियां बनाने, योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने और सहकारी क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने में मदद करेंगे।

### आनंद विहार-पुरुलिया साप्ताहिक एक्सप्रेस (वाया रांची) शुरू, लाभान्वित होंगे प्रदेश के यात्री

**रांची**: यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल ने एक नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन की घोषणा की है. रेल मंत्रालय की स्वीकृति के बाद ट्रेन संख्या 14022/14021 आनंद विहार टर्मिनलझ्झपुरुलियाझ्झआनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस (वाया रांची) का परिचालन शुरू किया जा रहा है. इस नई ट्रेन सेवा से झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के यात्रियों को सीधी और सुविधाजनक कनेक्टिविटी मिलेगी. ट्रेन संख्या 14022 आनंद विहार टर्मिनलझ्झपुरुलिया साप्ताहिक एक्सप्रेस 2 अप्रैल 2026 से प्रत्येक गुरुवार को आनंद विहार टर्मिनल से सुबह 05:00 बजे प्रस्थान करेगी. यह ट्रेन बरेली, लखनऊ, अयोध्या कैंट, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गढ़वा रोड, डालटनगंज, लातेहार, टोरी, लोहरदगा होते हुए सुबह 07:20 बजे रांची पहुंचेगी और यहां से 07:30 बजे प्रस्थान कर मुरी होते हुए 10:40 बजे पुरुलिया पहुंचेगी.

# सौंदा डी में बिजली-पानी बंद कर विस्थापन का दबाव, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**भुरकुंडा :** सौंदा डी पंचायत के ग्रामीणों ने अपने अस्तित्व और अधिकारों की रक्षा को लेकर एकजुटता दिखाते हुए सोमवार को सौंदा डी परियोजना कार्यालय के समक्ष जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। पहले बसाओ, फिर उजाड़ो के नारों के बीच ग्रामीणों ने सीसीएल बरका सयाल एरिया प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए और अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले 19 दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद है, जबकि पानी जैसी आवश्यक सुविधाएं भी बाधित कर दी गई हैं। इससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया है और बच्चों की पढ़ाई भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। लोगों का आरोप है कि जानबूझकर सुविधाएं बंद कर उन्हें क्षेत्र छोड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है। धरना में शामिल ग्रामीणों ने बताया कि वे 1965 से पहले से इस क्षेत्र में निवास कर रहे हैं और कंपनी के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कई परिवारों के सदस्य कंपनी से सेवानिवृत्त हो चुके हैं और अब अपने परिजनों के साथ यहां रह रहे हैं। इसके बावजूद प्रबंधन द्वारा आवास खाली करने के नोटिस दिए जा रहे हैं, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने अपनी तीन प्रमुख मांगें रखीं—बिजली आपूर्ति को तुरंत बहाल किया जाए, आवास खाली करने के नोटिस पर रोक लगे और खनन सहित किसी भी कार्य से पहले पंचायत व ग्रामीणों से समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे सीसीएल के उत्खनन और परिवहन कार्य को बाधित करने के लिए बाध्य होंगे। धरना स्थल पर पहुंचे बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने ग्रामीणों का समर्थन करते हुए कहा कि उनकी मांगें पूरी तरह जायज हैं। उन्होंने प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को बंद करना अमानवीय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीणों की लड़ाई में वे हर कदम पर साथ हैं। धरना के दौरान विधायक की मौजूदगी में ग्रामीणों ने तीन सूत्री मांग पत्र प्रबंधन को सौंपा। इसमें बिजली समस्या के त्वरित समाधान, नोटिस वितरण पर रोक और विकास कार्यों में पंचायत की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग शामिल है। धरना में उपेंद्र शर्मा, कुमकुम देवी, डब्लू पांडेय, राकेश सिन्हा, संजय यादव, सुशील कुमार, दीपक सिंह, घनश्याम बैद्य, रंजीत तुरी, संजय भारती, उमेश सिंह, गुरुदयाल ठाकुर, महेश तिवारी, राजाराम सिंह, जयंत तुरी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल सश्रम कारावास

**कोडरमा :** नाबालिक का किडनैप कर, तस्करी करने, फिर जबरन दुष्कर्म किए जाने व शादी करने के एक मामले की सुनवाई करते हुए, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह स्पेशल पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश गुलाम हैदर की अदालत ने सोमवार को पोक्सो केस नंबर. 15/2025 के आरोपी बनवारी लाल, पिता- बाबूलाल, 20 वर्ष, पाल खंडा, थाना- घटोली, जिला- झालावाड़, राजस्थान को 6 पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 20 साल सश्रम कारावास एवं 20000 जुर्माना लगाया जुर्माना की राशि नहीं देने पर 1 साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी, इसके अलावा न्यायालय ने 4(2) पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 20 साल सश्रम कारावास एवं 10000 जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 87 इठर में 7 साल व 9 ऑफ चाइल्ड मैरिज एक्ट में 2 वर्ष की सजा सुनाई और जुर्माना लगाया। सभी सजाए साथ-साथ चलेंगी। जुर्माना की राशि पीड़िता को दी जाएगी। साथ ही न्यायालय ने पीड़ित मुआवजा स्कीम के तहत पीड़ित को मुआवजा दिलाने का भी निर्देश दिया।

### विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम किया गया घोषित

**कोडरमा :** चेचाई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा नर्सरी से नवम तक के सभी बच्चों को उनके अभिभावकों के उपस्थिति में शिक्षकों ने परीक्षा परिणाम दिया। अभिभावकों ने अपने अपने बच्चों के परीक्षा परिणाम लेकर उत्साहित दिखे। परीक्षा परिणाम कुछ इस प्रकार हैं... कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान चित्रा कुमारी, द्वितीय कुणाल कुमार, तृतीय सारांश कुमार साव कक्षा एलकेजी में प्रथम स्थान सुधांशु मंडल, द्वितीय सोनम कुमारी, तृतीय अनुराग कुमार कक्षा यूकेजी में प्रथम स्थान विराज राणा, द्वितीय शौर्य कुमार, तृतीय अहद हसन कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान मानवी गुप्ता, द्वितीय रेहान अंसारी, तृतीय अनुराग कुमार कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान एकता प्रिया, द्वितीय ऋषभ राज, तृतीय विराज कुमार कक्षा तृतीय में प्रथम शुभम कुमार, द्वितीय प्रीति कुमारी, तृतीय यश कुमार कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान सम्राट राणा, द्वितीय सत्यम कुमार, तृतीय प्रतीक कुमार साव कक्षा पंचम में प्रथम स्थान परी कुमारी, द्वितीय स्वीटी कुमारी, तृतीय अभिनन्दन कुमार कक्षा षष्ठ में प्रथम इस्तेखार अंसारी, द्वितीय शशि रजक, तृतीय साहू आरव कक्षा सप्तम में प्रथम स्थान रंजन कुमार राणा, द्वितीय ऋषि गुप्ता, तृतीय लक्ष्मी कुमारी कक्षा अष्टम में प्रथम स्थान खुशी रानी, द्वितीय आलेक्स गुप्ता, तृतीय तान्या कुमारी, कक्षा नवम में प्रथम स्थान आयुष कुमार यादव, द्वितीय आदर्श कुमार, तृतीय अदिति राजश्री ने हासिल किया।

### ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच आल्हो में प्रतिमा विसर्जन

**कोडरमा :** प्रखंड जयनगर अंतर्गत ग्राम आल्हो (पंचायत बेको) में बासंती दुर्गा पूजा के अवसर पर माँ दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और माँ को भावभीनी विदाई देते हुए सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। विसर्जन यात्रा के दौरान पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन एवं ह्लजय माता दीह्व के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं का उत्साह और अनुशासन आयोजन की विशेष पहचान रहा। ग्रामीणों एवं आयोजन समिति के आपसी समन्वय से कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# चंदवारा में अवैध महुआ शराब का धंधा चरम पर, प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चंदवारा :** चंदवारा थाना और तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में इन दिनों अवैध महुआ शराब का कारोबार चरम पर है। बेंदी मदनगुंडी करौंजिया ढाब और थाम जैसे क्षेत्रों सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर अवैध शराब की चुलाई और बिक्री धड़ल्ले से जारी है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि प्रशासन की नाक के नीचे इतना बड़ा सिंडिकेट कैसे फल-फूल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, चंदवारा बेंदी मदनगुंडी तिलैया डैम में वर्तमान में दर्जनों अवैध शराब भट्टियां संचालित हैं। यहाँ तैयार होने वाली शराब को बाइक और साइकिल के जरिए अहले सुबह पिपराडीह बांधचक भोण्डो जोगी आरागरों बंझेडीह फोरलाइन चौक और चौराही जैसे गांवों में सप्लाई किया जाता है। पकड़े जाने के डर से शराब माफियाओं ने अब शराब आपूर्ति के तरीके में बदलाव किया है। अब बड़े गैलन के बजाय प्लास्टिक की छोटी-छोटी थैलियों में भरकर शराब गंतव्य तक पहुंचाई जा रही है। इसके लिए बाकायदा दिहाड़ी पर लोग रखे गए हैं, जो सुबह होने से पहले ही दुकानों और झोपड़ीनुमा होटलों तक खेप पहुंचा देते हैं। प्रखंड के अधिकांश झोपड़ीनुमा होटलों, विशेषकर बंझेडीह फोरलाइन चौक मदनगुंडी और पिपराडीह स्टेशन रोड करौंजिया ढाब थाम रोड पर स्थित दुकानों में सुबह से ही शराबियों का जमावड़ा शुरू हो जाता है, जो देर रात तक चलता है। खुलेआम बिक रही इस शराब से न केवल युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है, बल्कि क्षेत्र में आए दिन विवाद और दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। हालांकि पुलिस विभाग का दावा है कि किसी भी कीमत पर अवैध शराब का कारोबार पनपने नहीं दिया जाएगा, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। उत्पाद विभाग और स्थानीय पुलिस की चुप्पी पर अब ग्रामीण सवाल उठाने लगे हैं। शराब माफियाओं के मन से पुलिस का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है।

# डोमचांच के नव नियुक्त सदस्यों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

## ज्वलंत मुद्दों पर की कार्रवाई की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**डोमचांच :** नगर अध्यक्ष उमेश वर्मा, उपाध्यक्ष सहित डोमचांच के सभी नव नियुक्त सदस्यों ने सोमवार को कोडरमा उपायुक्त से मुलाकात कर क्षेत्र से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर सामूहिक रूप से आवेदन सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न स्थानीय समस्याओं को गंभीरता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। सदस्यों ने कहा कि क्षेत्र में कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर तत्काल प्रशासनिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है। उपायुक्त ने आवेदन प्राप्त कर संबंधित विषयों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर डोमचांच नगर के गुड़िया देवी, रंजीत साव राजेश साव, मुकेश राम के साथ कई जनप्रतिनिधि एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने एकजुट होकर अपनी बात प्रशासन को कही।

# चार श्रम संहिताओं के खिलाफ 1 अप्रैल को काला दिवस, सीटू का एलान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र फेडरेशनों के आह्वान पर चार श्रम संहिताएं (लेबर कोड) के खिलाफ 1 अप्रैल को काला दिवस मनाया जाएगा. मालूम हो कि इस दिन केंद्र सरकार द्वारा चार श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन हेतु केंद्रीय नियमों की अधिसूचना के लिए पहले से घोषित तिथि है। तैयारी को लेकर सीटू की लीडरशिप की बैठक सोमवार को वर्षा रानी की अध्यक्षता में झुमरीतिलैया में हुई. जिसमें 1 अप्रैल को काला दिवस जिला समाहरणालय पर मनाने का निर्णय लिया गया. बैठक में सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश, आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, बीएसएसआर यूनियन के सचिव दिलीप कुमार सिन्हा ने अपने विचार रखे.बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि 12 फरवरी की ऐतिहासिक आम हड़ताल के बाद भी केंद्र सरकार इन श्रम संहिताओं को वापस लेने या इस मुद्दे पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ कोई वार्ता नहीं किया. लेबर कोड यूनियन बनाने और हड़ताल के अधिकार को कुचलती है. 8 घंटे के कार्य दिवस को समाप्त कर मालिक की मर्जी पर छोड़ती हैं, ठेका प्रथा और फिक्स्ड टर्म रोजगार को स्थायी बनाती हैं, न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा, बोनस, ग्रेच्युटी जैसे अधिकारों को कमजोर करती हैं, मालिकों द्वारा कानून के उल्लंघनों को अपराधमुक्त करती हैं, जबकि यूनियन गतिविधियों को दंडनीय बनाती हैं। लगभग 150 वर्षों के संघर्ष से हासिल अधिकारों को एक झटके में छीनने का प्रयास किया जा रहा है, जो मजदूर वर्ग को फिर से औपनिवेशिक गुलामी की ओर धकेलने की साजिश है।

# अवैध शुल्क पर भड़के छात्र, जेएम कॉलेज में अभाविप का धरना, दस अप्रैल तक समाधान का अल्टीमेटम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**भुरकुंडा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की भुरकुंडा नगर इकाई ने छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर जेएम कॉलेज के प्राचार्य कक्ष के बाहर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों से जुड़े विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। धरना के दौरान अभाविप के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों से अवैध रूप से शुल्क लिया गया है, जिसे तत्काल वापस किया जाना चाहिए। इसके साथ ही अन्य शैक्षणिक व प्रशासनिक समस्याओं के समाधान की भी मांग की गई। इस पर कॉलेज प्रशासन ने सभी मुद्दों के समाधान के लिए 10 अप्रैल तक का समय मांगा है। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए झारखंड प्रांत के जनजातीय छात्र प्रमुख पिंटू मुंडा ने कहा कि छात्रों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिषद लगातार छात्रों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेगी। वहीं नगर मंत्री अभिनव यादव ने स्पष्ट कहा कि कॉलेज प्रशासन को छात्रों से लिए गए पैसे वापस करने होंगे और निर्धारित समयसीमा में सभी समस्याओं का समाधान करना होगा, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना के दौरान कॉलेज प्रशासन ने आश्वासन दिया कि सभी मामलों को गवर्निंग बॉडी की बैठक में रखा जाएगा और आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। प्रशासन ने कहा कि छात्रों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। अभाविप का कहना है कि उनका मुख्य उद्देश्य छात्रों के साथ हुए अन्याय को समाप्त करना और उनसे लिए गए पैसों की वापसी सुनिश्चित करना है। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि तय समयसीमा में मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# नौकरी के वादे पर फिर धोखा, विस्थापितों का पीवीयूएनएल के खिलाफ आंदोलन का एलान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पतरातू :** पतरातू प्रखंड के ग्राम रसदा के विस्थापित एवं प्रभावित ग्रामीणों ने पीवीयूएनएल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्हें स्थायी नौकरी देने के नाम पर लगातार गुमराह किया गया। इसको लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है और मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों के मुताबिक 10 नवंबर 2025 को पीवीयूएनएल अधिकारियों के साथ हुई बैठक में प्रभावित युवाओं की सूची तैयार कर उन्हें स्थायी रोजगार देने का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद कई बार ग्रामीण प्रबंधन से बातचीत करने पहुंचे, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया गया। इससे लोगों में असंतोष बढ़ता गया। निराश होकर ग्रामीणों ने 19 जनवरी 2026 को छाई डैम निर्माण स्थल पर धरना-प्रदर्शन शुरू किया, जो 20 जनवरी तक चला। इस दौरान देर रात प्रशासनिक अधिकारियों और पीवीयूएनएल प्रबंधन के साथ वार्ता हुई, जिसमें एक माह के भीतर सभी प्रभावितों को स्थायी नौकरी देने का भरोसा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि तय समय सीमा से दो माह से अधिक समय गुजर चुका है, लेकिन अब तक किसी भी व्यक्ति को नौकरी नहीं मिली है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ गया है और प्रबंधन के प्रति भरोसा खत्म होता जा रहा है। इसी के विरोध में ग्रामीणों ने 30 मार्च 2026 से बलदरा छाई डैम स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि आंदोलन के दौरान कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह पीवीयूएनएल प्रबंधन की होगी। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग की है कि मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर विस्थापित परिवारों को न्याय दिलाया जाए। आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, राज्यपाल, पुलिस अधीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है। इस आंदोलन में विकास मुंडा, राम बिलास मुंडा, निटक मुंडा, रमेश मुंडा समेत कई विस्थापित ग्रामीण शामिल हैं, जो अब अपने अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष की तैयारी में हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### गोला में तंबाकू बेचने वालों पर सख्ती, कई दुकानदारों से वसूला जुर्माना



**गोला :** जिले में तंबाकू नियंत्रण को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए गोला थाना क्षेत्र में विशेष छापेमारी अभियान चलाया। सिविल सर्जन अनिल कुमार और जिला तंबाकू नियंत्रण पदाधिकारी तूलिका रानी के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई, जिसमें पुलिस और तंबाकू नियंत्रण कोषांग की संयुक्त टीम शामिल रही। अभियान के तहत गोला थाना की टीम के एसआई अमित कुमार और जिला परामर्शी बिनय शर्मा ने एसएस प्लस टू हाई स्कूल गोला और डीवीसी चौक के आसपास स्थित तंबाकू दुकानों की जांच की। इस दौरान कई दुकानदारों द्वारा तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर ही कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान धारा 6अ और 6ब के उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर अर्थदंड लगाया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि तंबाकू उत्पादों की बिक्री के लिए चेतावनी बोर्ड या पोस्टर लगाना अनिवार्य है। बिना चेतावनी बोर्ड के तंबाकू बेचते पाए जाने पर 1000 तक का जुमार्ना लगाया जाएगा। टीम ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि किसी भी स्कूल या शैक्षणिक संस्थान के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू या अन्य मादक पदार्थों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को जागरूक करने का भी प्रयास है। बच्चों और युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे। प्रशासन ने साफ किया कि नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ आगे और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### रामगढ़ में एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू, बच्चियों को लगाया गया पहला टीका




**रामगढ़ :** जिले में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने स्वयं उपस्थित रहकर बच्चियों को एचपीवी का टीका दिलवाया और उन्हें टीकाकरण से संबंधित प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। इस पहल का उद्देश्य किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना है। इस अवसर पर सिविल सर्जन ने कहा कि एचपीवी टीका पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है। यह सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एक मजबूत माध्यम है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को इस टीकाकरण के प्रति जागरूक करें और बिना किसी डर के उन्हें टीका दिलवाएं। बच्चियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टीका लगवाने में किसी तरह की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। यह उनके स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि अधिक से अधिक बच्चियां इस अभियान का लाभ उठाएं। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तरह सक्रिय और सतर्क नजर आई। टीकाकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।इस मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। यह अभियान जिले में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ आने वाले समय में महिलाओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

### पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने नवलशाही थाना का किया वार्षिक निरीक्षण



**मरकच्चो :** पुलिस अधीक्षक कोडरमा अनुदीप सिंह ने सोमवार को नवलशाही थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक को थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों द्वारा सलामी दी गयी। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने थाना निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर की साफ सफाई, भवन की स्थिति, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था, बैरेक, शौचालय तथा आम जनता के बैठने की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा साफ-सफाई एवं रख-रखाव को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक निर्देश थाना प्रभारी सुमन कुमार को दिया गया। निरीक्षण के दौरान थाना के विभिन्न अभिलेखों तथा - थाना दैनिकी, तख्तियों, वारंट, कुर्की, लूट, डकैती, मालखाना, एल्फाबेटिकल एवं एम०ओ०, खतियान आदि रजिस्टरों एवं अभिलेखों का गहन अवलोकन किया गया। अभिलेखों के अद्यतन संधारण पर संतोष व्यक्त करते हुए जहाँ कमी पाई गई, वहाँ सुधार हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा की गयी। उन्होंने अनुसंधानकर्ताओं को निर्देश दिया कि कांडों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब न हो तथा साक्ष्य संकलन में तकनीकी संसाधनों का का अधिकाधिक उपयोग किया जाय। गंभीर अपराधों, महिला एवं बाल अपराध, साईबर अपराध तथा संगठित अपराध से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। मालखाना का निरीक्षण करते हुए जप्त सामानों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित संधारण का निर्देश दिया गया। हाजत का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा बंदिया के मानवाधिकारों का विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। थाना क्षेत्रों में गश्ति व्यवस्था को और सुदृढ करने, रात्रि गश्ति बढाने, संवेदनशील एवं भीड भाड वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा वारंट एवं कुर्की के निष्पादन की समीक्षा करते हुए फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा लंबित शिकायतों के त्वरित निष्पादन एवं जनसुवाई को प्रभावी बनाने पर बल दिया गया।

एक नजर

## माचा में 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन का धुलट के साथ समापन



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के माचा गांव में 24 प्रहर अखण्ड हरिनाम संकीर्तन के अंतिम दिन हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी साथ ही महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी भोग एवं खीर का वितरण किया गया। वही सोमवार को धुलट के साथ गुलाल की होली खेली गई। मौके पर अंचल अधिकारी डॉ राजेन्द्र कुमार दास सपरिवार, पूर्व मंत्री –दुलाल भुइयां ,समाजसेवी पूर्ण सिंह, एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए मौके पर कमेटी सदस्य अजित कुमार दत्त, दिलीप कुमार दत्त, महादेव दत्त, मनोज कुमार दत्त , अमित कुमार दत्त, राजकुमार दत्त , जीवित दत्ता आदि उपस्थित थे।

## समाहरणालय के सामने अनियंत्रित हुई स्विफ्ट कार गड्ढे में गिरकर क्षतिग्रस्त

**साहिबगंज :** समाहरणालय के सामने उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब एक स्विफ्ट कार (बी.आर. 01 ई.एल. 7702) टर्निंग लेते वक्त अचानक अनियंत्रित हो गई। चालक के नियंत्रण खो देने के कारण वाहन सड़क किनारे बने गड्ढे में जा गिरा, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी भी व्यक्ति को जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क किनारे बने गड्ढे की वजह से अक्सर इस स्थान पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की स्थिति में जल्द सुधार किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई भगवान महावीर जयंती, भव्य शोभायात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर आज हजारीबाग नगर में प्रातः 5:00 बजे भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी बौड़म बाजार दिगंबर जैन मंदिर से निकलकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनःबाड़म बाजार में आकर संपन्न हुई। तत्पश्चात भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन-पाठ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। प्रातः 10:00 बजे बटन बाजार से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा में सुसज्जित युगल घोड़ों का रथ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। आगे-आगे पाठशाला के बच्चे, गुरुकुल आर्ष कन्या की छात्राएं, बैंड-बाजा एवं ढोल-नगाड़ों के साथ चल रहे थे। पुरुष श्वेत वस्त्र एवं महिलाएं केसरिया व पारंपरिक परिधानों में शोभायात्रा की गरिमा को बढ़ा रही थीं। पूरा मार्ग ह्लभगवान महावीर स्वामी की जयह्व के जयकारों से गूंजायमान रहा। इस अवसर पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, महापौर अरविंद राणा, उपमहापौर अविनाश यादव, भाजपा के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अमरदीप यादव, गुरुकुल आर्ष कन्या के आचार्य कौटिल्य जी, बेजेपी की शेफाली गुप्ता, भाजपा नेता विनोद झुनझुनवाला, बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास जी, विद्यार्थी परिषद के अजय सागर दास, सरस्वती विद्या मंदिर के शिक्षकगण सहित कई गणमान्य लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष नागेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष जेपी विनायका, महामंत्री संजय अजमेरा एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा का स्वागत नगर के विभिन्न समुदायों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। शोभायात्रा पुनः बटन बाजार पहुंचकर संपन्न हुई, जहां भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को पुनः विराजमान किया गया। इसके उपरांत वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया तथा संध्या में महाआरती संपन्न हुई। दोनों मंदिरों में आरती के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



## पीड़ित परिजनों के प्रति सरकार की है पूरी संवेदना : राधाकृष्ण किशोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में बीते मंगलवार को 12 वर्षीय मासूम के साथ हुई दरिंदगी एवं हत्या की घटना को लेकर सोमवार को सूबे के वित्त सह संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर पीड़िता के गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिजनों से अकेले मिलकर उनका दर्द सुना और पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। अधिकारियों को भी पीड़ित परिवार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह घटना मानवता को झकझोर देने वाली घटना है। पीड़ित परिजनों के प्रति हेमंत सोरेन की सरकार की पूरी सहानुभूति और संवेदना है। मेरा यहां आने का उद्देश्य राजनीतिक नहीं है। मानवता के आधार पर आए हैं। यह साश्वत सत्य है कि किसी भी कीमत पर अब बच्ची को वापस नहीं किया जा सकता। पीड़ित परिवार को यथोचित सहयोग कर उनके आंसू को कुछ हद तक पोछा जा सकता है। फिलहाल मंत्री विवेकाधीन कोटे से पीड़ित परिवार को एक लाख रुपए की मदद दी जा रही है। कहा कि इस तरह की घटना झारखंड के किसी कोने में न हो इसके लिए कानून को और कठोर बनाने की जरूरत है। ताकि पूरे राज्य में इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो। कहा कि इसके लिए हमारे समाज को भी सोचने की जरूरत है। उन्होंने बीडीओ, सीओ और एसडीपीओ को भी कड़े निर्देश दिए।



## पांच दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, झारखंड के गौरियाकर्मा केंद्र में निदेशक एवं कुलपति डॉ. सी. एच. श्रीनिवासराव के मार्गदर्शन में पाकुड़ जिले के किसानों को प्राकृतिक एवं एकीकृत कृषि प्रणाली की नवीनतम तकनीकों एवं पद्धतियों से जोड़ने के उद्देश्य से पांच दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 मार्च से 3 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसका मुख्य विषय प्राकृतिक खेती तथा एकीकृत कृषि तकनीकों एवं पद्धतियों पर आधारित है। इस कार्यक्रम का प्रायोजन आत्मा, पाकुड़ द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ, जैविक खाद निर्माण, रसायन-मुक्त खेती के तरीके तथा एकीकृत कृषि प्रणाली के माध्यम से आय बढ़ाने की तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही, व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से किसानों को नई तकनीकों का अनुभव भी कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में 25 किसान भाग लेंगे। इस प्रशिक्षण से किसानों को नई दिशा मिलेगी और वे आधुनिक एवं पर्यावरण-अनुकूल खेती अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर परिसर प्रभारी डॉ. एस. के. महंता, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विशाल नाथ, डॉ. मुकेश तिवारी, डॉ. मनोज चौधरी तथा अन्य वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय डॉ. दीपक कुमार द्वारा किया जा रहा है।



संक्षिप्त खबरें

## सरिया को जिला बनाने की मांग को लेकर एकदिवसीय धरना



**सरिया :** समाजसेवी प्रकाश मंडल ने सरिया को जिला बनाने की मांग को लेकर अपने समर्थकों के साथ सोमवार को अनुमंडल कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया। धरना सुबह 10:00 बजे से शुरू होकर शाम 5:00 बजे तक चला। धरना समाप्ति के बाद अनुमंडल पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसके बाद धरना की समाप्ति की घोषणा की गई। धरना में मदन मंडल, जिमी चौरसिया, प्रमोद मंडल, सोनू पांडे, गोपाल यादव, रशीद अंसारी, सुमित मंडल, देवनंदन मंडल, अब्दुल रशीद, देबू वर्मा, अरशद खान, पंकज सिंह, आनंद मंडल, कैलाश मंडल समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। समाजसेवी प्रकाश मंडल ने कहा कि सरिया क्षेत्र को जिला का दर्जा दिलाने के लिए यह धरना आयोजित किया गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई की जाए।

## "स्ट्रेचनिंग असेस्मेंट एवं इवाल्युसन प्रेक्टिसेस" का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न




**पटमदा :** साउथ प्वाइंट स्कूल में सीबीएसई द्वारा आयोजित "स्ट्रेचनिंग असेस्मेंट एवं इवाल्युसन प्रेक्टिसेसर का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न। साउथ प्वाइंट स्कूल पटमदा के प्रांगण में शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सीबीएसई द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में सीबीएसई के द्वारा रिसोर्स पर्सन के रुप में जसबीर कौर गिल प्राचार्या ए .आई .डब्लू .सी उच्च विद्यालय व प्रियंका सिंह साउथ प्वाइंट स्कूल ने भाग लिया। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य अरुण कुमार सिंह के द्वारा अतिथियों को पौधा एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि सीबीएसई के द्वारा विभिन्न विषयो पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कराया जाता हैं। इस तरह के आयोजन से शिक्षको के अंदर आत्मविश्रवास के साथ साथ बच्चों की पढ़ाई की कला की विकास होती हैं।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, गुमला**
**(पंचायत शाखा)**

**संशोधित आम सूचना**

नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के निमित अध्यक्ष, सभी वार्ड पार्षद पद के उम्मीदारों के निर्वाचन व्यय पंजी की जाँच हेतु व्यय प्रेक्षक, गुमला द्वारा नगर भवन, गुमला में दिनांक 27.03.2026 (शुक्रवार) समय 11:00 बजे पर्वाह्न में निर्धारित की गयी थी। वह रामनवमी पर्व के कारण विस्तांरित की गई है:–

| क्र0सं0 | पर्व तिथि एवं समय | स्थान | संशोधित तिथि एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 27.03.2026 एवं 11:00 बजे पूर्वाह्न | नगर भवन, गुमला | 01.04.2026 एवं 11:00 बजे पूर्वाह्न | नगर भवन, गुमला |

सहायक व्यय प्रेक्षक
निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग ,
गुमला

PR 376272 (Panchayati Raj)25-26*D

## सड़क मरम्मती कार्य को जल्द पूर्ण कराने सहित कई मांगों को लेकर डीसी व सड़क निर्माण विभाग को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** चांडिल से काण्ड्रा सड़क मरम्मती कार्य को जल्द पूर्ण कराने सहित कई मांगों को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का एक शिष्टमंडल द्वारा सोमवार को उपायुक्त एवं पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर लगाने, नियमित पानी का छिड़काव कराने, नहर पुल पर रेलिंग लगवाने , मरम्मती कार्य पूरा नहीं होने तक भारी वाहनों का परिचालन बंद करने का मांग किया गया है। ग्रामीण व समाज सेवी आशु देव महतो ने बताया कि सड़क मरम्मती कार्य को अधुरा छोड़ दिया गया है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढों से वाहन चालकों को जान हथेली में लेकर आवाजाही करना पड़ता है। भारी वाहनों से कभी भी बढ़ा दुर्घटना हो सकता है। उन्होंने कहा कि नहर पुल पर रेलिंग नहीं रहने से स्कूली बच्चों के लिए काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर मरम्मती कार्य नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। मौके पर राकेश रंजन महतो,ज्योतिलाल महतो, कृष्ण चंद्र महतो आदि उपस्थित थे।



## 6 घरों में ताला तोड़कर चोरों ने किया हाथ साफ, ग्रामीणों ने एक को पकड़कर की धुनाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** थाना क्षेत्र के डुमरडीह एवं दीगारडीह टोला में रविवार देर रात को चोरों द्वारा 6 घरों में ताला तोड़कर जेवर सहित करीब डेढ़ लाख रुपए की चोरी कर ली। सोमवार की अहले सुबह रांगामाटी सिल्ली सड़क पर डुमरडीह मोड़ के पास ग्रामीणों को देखकर भागने के दौरान ग्रामीणों ने धर दबोचा। आक्रोशित ग्रामीणों ने चोर का जमकर धुनाई कर दिया। सुचना मिलते ही थाना प्रभारी बजरंग महतो दलवल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए युवक को कब्जे में लेकर ईचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज हेतु एमजीएम जमशेदपुर भेज दिया। थाना प्रभारी बजरंग महतो ने बताया कि चोरी में शामिल युवक अपनी पहचान बंगाल के पुरूलिया जिला झालदा थाना क्षेत्र का कोटशीला निवासी 30 वर्षीय अमरजीत भुईयां बताया। वह वर्तमान में पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया में रहते हैं। उन्होंने कहा कि डुमरडीह गांव में दो घरों एवं दीगारडीह टोला में चार घरों में ताला तोड़कर जेवर सहित करीब डेढ़ लाख की चोरी कर लिया है। उन्होंने कहा कि चोरी में शामिल अन्य बदमाशों का भी पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीड़ित के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है एवं आगे की कारवाई किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि डुमरडीह में ग्रामीण अपने घरों में ताला लगाकर छऊ नृत्य देखने गए थे,मौका देखकर चोरों द्वारा चोरी का घटना को अंजाम दिया गया।



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. -1. RANCHI**

**VERY SHORT NOTICE INVITING QUOTATION**

In Sealed quotation (inclusive of all taxes, labour Cess & overhead Charges) are invited for the work of **Supply and Installation of Roller Blinds in State Hanger at Hinoo, Ranchi** by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi from agencies at the Office of the undersigned on 07.04.2026 up to 3.00 pm and will be opened on 07.04.2026 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-1, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening. Detail list of work, specification, Quantity & Unit etc. may be obtained from the office in working day up to 06.04.2026 which Cost of Bid Rs.10000/- for work in shape of Demand draft (nonrefundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code – 0167)/any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi.

Time of completion for work is One Month.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be *2%* of the quoted amount (Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-1, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) All technical specification must be complied; no deviation will be accepted. In the case of Gazetted holiday, the quotation will be received/opened on the next working day.

*Executive Engineer*
*Building Construction Department*
*Building Division No.-1, Ranchi*

PR 376338 (Building) 25-26 (D)

# सेक्टर स्तरीय बैठक, रिम्स के डॉक्टरों ने दिया कुपोषण प्रबंधन पर प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** कुकड़ू प्रखंड सभागार में सोमवार को सेक्टर स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कुकड़ू प्रखंड की बीडीओ सह प्रभारी सीओ राजश्री ललिता बाखला ने की। बैठक में रिम्स रांची के राज्य उत्कृष्टता केंद्र के फैकल्टी सदस्य डॉ. मनीषा कुजूर एवं डॉ. एस.एन. रजनीश सहित महिला पर्यवेक्षिका मीनाक्षी पांडेय, फील्ड मैनेजर सोनू नंदी, निलेश कुमार मिश्रा, आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं क्लस्टर दीदी उपस्थित रहीं। बैठक में पोषण ट्रैकर, समर कार्यक्रम, कुपोषित बच्चों की पहचान एवं अनुवर्ती कार्रवाई तथा शिशु स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रोजेक्टर के माध्यम से सेविकाओं को प्रशिक्षण देते हुए कुपोषण प्रबंधन की प्रक्रिया समझाई गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि अति गंभीर कुपोषण से ग्रसित बच्चों को उपचार केंद्र में भर्ती किया जाता है। इसके साथ ही समुदाय आधारित प्रबंधन कार्यक्रम के 11 चरणों की जानकारी दी गई। इसमें सामुदायिक सक्रियता, शारीरिक माप, भूख की जांच, चिकित्सकीय आकलन, उपचार स्थल का निर्धारण, पोषण उपचार, दवाइयां, स्वास्थ्य एवं पोषण परामर्श, कार्यक्रम में अनुवर्ती कार्रवाई, कार्यक्रम से छुट्टी तथा छुट्टी के बाद अनुवर्ती देखभाल जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। बैठक में कुपोषण मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने, पोषण सेवाओं की बेहतर निगरानी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।



**कार्यालय,**
**विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, रॉंची।**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/117/2025-26**

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | दिनदयाल नगर, रॉंची स्थित सूचना भवन कमरा सं0 207 एवं 308, पीएस फ्लैट सं0–4 एवं क्वाटर सं0 डी15 (पुराना) माननीय मुख्य मंत्री आवासीय कार्यालय, मंत्री आवासीय कार्यालय, एन्टी करपसन ब्यूरो कार्यालय में 16 अदद् 1.5/2.0 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 13,87,838=00 | 2,500=00 | 28,000=00 | 21 दिन |
| II | झारखण्ड उच्च न्यायालय, धुर्वा रॉंची के एडवोकेट जेनरल भवन के प्रथम तल्ल में स्थित अपर लोक अभियोजन कार्यालय के 15 अदद् 1.5 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 12,24,825=00 | 2,500=00 | 25,000=00 | 21 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.04.2026 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 09.04.2026 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 15.04.2026 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 16.04.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

PR 376341 (Energy) 25-26 (D)

## मोदी पर व्यक्तिगत प्रहार टिकेगा नहीं!

जब पूरी दुनिया अपने अस्तित्व पर चुनौती महसूस कर बचाव के लिए संघर्ष करने में लगी है, तो भारत में अस्तित्वहीन पड़ा विपक्ष अपने लिए इस संकट की घड़ी को सत्ता में लौटने का एक अवसर मान रहा है। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की जंग में जब हर देश में राजनीतिक रूप से पक्ष विपक्ष एक टेबल पर बैठ कर चुनौतियों से पार पाने का दम भर रहा है, तो भारत में विपक्ष और विरोधियों की ओर से सरकार के मुखिया पर सबसे भीषण प्रहार किया जा रहा है, केवल नीतिगत ही नहीं, व्यतिगत रूप से भी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमा और विश्वसनीयता को चोट पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। एक तरफ उन्हें कमजोर प्रधानमंत्री ठहराने का एक बड़ा अभियान शुरू किया गया है, तो दूसरी तरफ उनके व्यक्तित्व और आचरण को ही तार-तार करने का षड्यंत्र रचा रहा है। वैसे ही जैसे 2013 में कोबरापोस्ट और गुलेल द्वारा किसी नारी की निजता भंग करने के आरोप के सहारे मोदी की छवि बिगाड़ने का एक प्रयास किया गया था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी बिना विचलित हुए ईरान और अरब दोनों के साथ अद्भुत सामंजस्य बिठाते हुए, केवल भारतीयों की सुरक्षा और देश की ऊर्जा संरक्षता के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। विपक्ष के कुछ बड़े नेता पहले भी कुछ विदेशी ताकतों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ निजता भंग करने के आरोप लगाते रहे हैं, उनमें ही एक आरोप प्रयास पेगासस स्पाइवेयर के इस्तेमाल के जरिए जासूसी करने का भी रहा, मामला उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) तक गया। वहां विरोधियों की दाल नहीं गली, और वे झटका खा कर लौट आए। वर्तमान सरकार के मुखिया विपक्ष के नेताओं से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, यह बात आम लोगों को भी हास्यास्पद लगी। विपक्ष में इस समय कोई ऐसा नेता नहीं है, जो प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत छवि पर दाग लगाने और जनता में उसकी विश्वसनीयता स्थापित करने का माद्दा रखता है। कारण केवल यह नहीं कि विपक्ष के किसी नेता की इतनी हैसियत नहीं है एक राजनीतिज्ञ के नाते नरेन्द्र मोदी द्वारा स्थापित अपने सार्वजनिक जीवन के मानदंड पर उंगली उठा सके, बल्कि मोदी की जीवनशैली ऐसी रही है, कि वहां किसी तरह की कोई शंका की गुंजाइश ही नहीं बनती है। मोदी जब सत्ता की राजनीति के नायक बने तब उम्र की 50 वीं दहलीज पार कर चुके थे। उसके पहले वे या तो संघ के काम में देश भर के संघ कार्यालयों में रहे या फिर भाजपा की व्यवस्था में। निजी जिंदगी और निजता के संरक्षण का कोई विकल्प भी अपने लिए नहीं चुना। मीडिया में भी सुब्रमण्यम स्वामी को छोड़कर किसी और राजनीतिज्ञ ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में अनर्गल टिप्पणी नहीं की। स्वामी ने तो अटल बिहारी वाजपेयी के बारे में भी कई ऐसी टिप्पणियां की हैं और इसके कारण ही उन्होंने एक गंभीर राजनेता की पहचान खो दी है। प्रधानमंत्री मोदी लगभग 25 वर्षों से विपक्ष के लिए एक बड़ी समस्या बने हुए हैं। काम के मामले में कोई उन्हें चुनौती दे नहीं पा रहा है। राजनीति के मैदान में वे विपक्ष की पकड़ से बहुत आगे निकल गए हैं। इसीलिए विरोधी राजनतिक पार्टियां जनता में मोदी के प्रति बनी धारणा को ही कमजोर करने की जरूरत शिद्दत के साथ महसूस कर रही हैं। कांग्रेस का नेतृत्व चुनावी मुकाबले में कमजोर और अक्षम सिद्ध हो चुका है। प्रधानमंत्री के साथ विकास के मुद्दे पर कांग्रेस बहस से भी बचती है। जनता से किये हर वादे पर भी मोदी खरे उतरते हैं। हर भारतीय को मोदी सरकार के कारण अपने अपने जीवन में कोई ठोस सुधार दिखाई देता है। 12 साल के केंद्र में शासन में किसी भ्रष्टाचार या घोटाला का नाम तक नहीं आया। इसलिए ही मोदी की व्यक्तिगत छवि पर लगातार हमले की रणनीति पर विपक्ष अब काम कर रहा है और मोदी के जीवन के कुछ पहलुओं को बुरा दिखाने का प्रयास कर रहा है, ताकि लोगों के मन में कुछ सवाल पैदा कर सके। पर वे शायद भूल रहे हैं कि उनके इस बचकाने रवैये से उनकी थोड़ी-बहुत साख जो बची है उसे भी गंवा बैठेंगे। कांग्रेस के रणनीतिकारों ने देश-विदेश के अपने सलाहकारों से मंत्रणा करने के बाद शायद यह तय कर लिया है कि मोदी को कमजोर करने के लिए एंटी परसेप्शन मैनेजमेंट पर ही सारा जोर देना होगा और सोशल मीडिया के जरिए उनकी व्यक्तिगत छवि पर आघात करना होगा।

### सूडोकु नवताल- 7750

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7749 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# माओवादी मुक्ति से शांति एवं संतुलन की नई संभावनाएं

**ललित गर्ग**

भारत जैसे विशाल, विविधतापूर्ण और लोकतांत्रिक राष्ट्र के सामने आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियां हमेशा से बहुआयामी रही हैं। इन चुनौतियों में नक्सलवाद या माओवादी हिंसा एक ऐसी समस्या रही, जिसने दशकों तक देश की आंतरिक शांति, विकास और सुशासन को गंभीर रूप से प्रभावित किया। विशेषकर छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार और आंध्र प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में माओवादी गतिविधियों ने न केवल विकास को अवरुद्ध किया, बल्कि हजारों निर्दोष नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों की जान भी ली। लेकिन आज जब बस्तर जैसे माओवादी गढ़ से 25 लाख के इनामी सरगना पापा राव का अपने साथियों सहित आत्मसमर्पण करना एक निर्णायक मोड़ के रूप में सामने आया है, तब यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारत माओवादी मुक्ति की ऐतिहासिक दहलीज पर खड़ा है। नक्सलवाद की जड़ें सामाजिक-आर्थिक असमानता, उपेक्षा और शोषण में रही हैं, लेकिन समय के साथ यह आंदोलन अपने मूल उद्देश्यों से भटककर एक हिंसक और विध्वंसकारी विचारधारा में बदल गया। माओवादी संगठन न केवल विकास कार्यों में बाधा डालते रहे, बल्कि उन्होंने स्थानीय लोगों को भय और हिंसा के माध्यम से नियंत्रित किया। स्कूल, सड़क, स्वास्थ्य केंद्र जैसे बुनियादी ढांचे को नष्ट करना उनकी रणनीति का हिस्सा बन गया था। इससे यह स्पष्ट हो गया कि यह आंदोलन अब जनहित का नहीं, बल्कि सत्ता और नियंत्रण का माध्यम बन चुका है। भारत सरकार द्वारा 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद/माओवाद से मुक्त करने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था, वह अब लगभग अपनी अंतिम अवस्था में पहुंचता दिखाई दे रहा है। पिछले एक दशक में 10,000 से अधिक माओवादियों के आत्मसमर्पण, सुरक्षा बलों की आक्रामक एवं रणनीतिक कार्रवाई तथा प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से हुए विकास कार्यों ने माओवादी आंदोलन की जड़ों को कमजोर कर दिया है। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में माओवादी हिंसा की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। विशेष रूप से शीर्ष नेतृत्व के आत्मसमर्पण, जैसे दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्यों के सरेंडर ने संगठन को नेतृत्वहीन कर दिया, जिससे माओवादी संरचना भीतर से कमजोर पड़ गई। इस सफलता के पीछे सरकार की बहुआयामी रणनीति रही, जिसमें केवल सैन्य-पुलिस कार्रवाई ही नहीं, बल्कि विकास, पुनर्वास और प्रशासनिक पहुंच को भी समान महत्व दिया गया। रेड कॉरिडोर क्षेत्रों में सड़कों और पुलों का निर्माण, मोबाइल टावरों के माध्यम से 4जी नेटवर्क का विस्तार, स्कूलों और आईटीआई संस्थानों की स्थापना ने इन क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा। वहीं ह्यफोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनोंह्न की रणनीति के माध्यम से सुरक्षा बलों ने माओवादियों के गढ़ों में घुसकर



निर्णायक कार्रवाई की। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के लिए पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता, रोजगार और समाज में पुनर्स्थापना की व्यवस्था ने भी माओवादी कैडर को हथियार छोड़ने के लिए प्रेरित किया। यह समन्वित रणनीति, दूरदर्शिता और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है कि देश आज नक्सलवाद के अंत के ऐतिहासिक चरण के निकट खड़ा दिखाई दे रहा है।

निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए बहुआयामी और दृढ़ रणनीति अपनाई। गृहमंत्री अमित शाह की सूझबूझ और स्पष्ट दृष्टिकोण ने इस अभियान को एक नई दिशा दी। सरकार ने एक ओर जहां सुरक्षा बलों को आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रशिक्षण और संसाधनों से सशक्त किया, वहीं दूसरी ओर विकास योजनाओं को भी गति दी। ह्यसुरक्षा और विकासह्न के इस दोहरे दृष्टिकोण ने माओवादी प्रभाव वाले क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखी। पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए सघन अभियानों ने माओवादी नेटवर्क को गहराई से कमजोर किया है। बस्तर, जो कभी माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता था, वहां आज आत्मसमर्पण की घटनाएं बढ़ रही हैं। पापा राव जैसे शीर्ष माओवादी नेता का आत्मसमर्पण इस बात का संकेत है कि माओवादी संगठन अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। यह केवल एक व्यक्ति का आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि एक विचारधारा के पतन का प्रतीक है। माओवादी मुक्ति का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि देश के उन क्षेत्रों में शांति और स्थिरता स्थापित होगी, जो लंबे समय से हिंसा की चपेट में रहे हैं। जब बंदूकें खामोश होंगी, तब विकास की आवाज बुलंद होगी। सड़कें बनेंगी, स्कूल खुलेंगे, अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ेंगी और सबसे महत्वपूर्ण, लोगों के जीवन में सुरक्षा और विश्वास का संचार होगा। आदिवासी और ग्रामीण समुदाय, जो अब तक भय और असुरक्षा में जी रहे थे, वे अब अपने अधिकारों और अवसरों का पूर्ण लाभ उठा सकेंगे। इसके साथ ही, माओवादी हिंसा के समाप्त होने से भारत की आंतरिक सुरक्षा मजबूत होगी। जब देश के भीतर शांति होगी, तब ही बाहरी खतरों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकता है। नक्सलवाद जैसी समस्याएं अक्सर विदेशी शक्तियों और असामाजिक तत्वों के लिए भी अवसर प्रदान करती हैं, जिन्हें समाप्त करना राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक है। इस दृष्टि से माओवादी मुक्ति न केवल आंतरिक, बल्कि सामरिक रूप से भी महत्वपूर्ण है।

आदर्श शासन व्यवस्था की स्थापना के लिए कानून का शासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास की समान पहुंच आवश्यक होती है। माओवादी प्रभाव वाले क्षेत्रों में इन सभी तत्वों का अभाव था। वहां प्रशासन की पहुंच सीमित थी और लोकतांत्रिक संस्थाएं प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर पा रही थीं। लेकिन अब जब माओवादी प्रभाव घट रहा है, तब सरकार के लिए यह अवसर है कि वह इन क्षेत्रों में सुशासन की मजबूत नींव रखे। पंचायतों को सशक्त किया जाए, स्थानीय नेतृत्व को प्रोत्साहित किया जाए और जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाए। यह भी आवश्यक है कि माओवादी विचारधारा के प्रभाव को केवल सुरक्षा उपायों से ही नहीं, बल्कि वैचारिक स्तर पर भी चुनौती दी जाए। शिक्षा, जागरूकता और संवाद के माध्यम से लोगों को यह समझाना होगा कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकती। लोकतंत्र में परिवर्तन का मार्ग शांतिपूर्ण और संवैधानिक होता है। इस दिशा में समाज, सरकार और नागरिक संगठनों को मिलकर प्रयास करना होगा। माओवादी मुक्ति के इस दौर में यह भी ध्यान रखना होगा कि जिन कारणों से यह समस्या उत्पन्न हुई थी, वे दोबारा न उभरें। सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और विकास की समावेशी नीति को प्राथमिकता देना आवश्यक है। आदिवासी क्षेत्रों में उनकी संस्कृति, पहचान और अधिकारों का सम्मान करते हुए विकास की योजनाएं लागू की जानी चाहिए। केवल भौतिक विकास ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जिस दृढ़ता और दूरदर्शिता के साथ माओवादी समस्या का समाधान किया जा रहा है, वह न केवल वर्तमान के लिए, बल्कि भविष्य के लिए भी एक मार्गदर्शक है। यह दिखाता है कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत हो, रणनीति स्पष्ट हो और कार्यान्वयन प्रभावी हो, तो कोई भी समस्या असाध्य नहीं है। निश्चिततौर पर माओवादी मुक्ति केवल एक सुरक्षा उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह भारत के लोकतंत्र, विकास और सुशासन की जीत है। यह उस विश्वास का प्रतीक है कि भारत अपने आंतरिक संघर्षों को शांतिपूर्ण और निर्णायक ढंग से सुलझाने में सक्षम है। अब समय है कि इस उपलब्धि को स्थायी बनाया जाए और देश के हर कोने में शांति, समृद्धि और संतुलन का वातावरण स्थापित किया जाए। जब हर नागरिक सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महसूस करेगा, तभी सच्चे अर्थों में एक आदर्श शासन व्यवस्था का निर्माण संभव हो सकेगा।

# हिंसा से व्याकुल दुनिया को महावीर का मार्गदर्शन

**योगेश कुमार गोयल**

अहिंसा परमो धर्मः का उद्घोष करने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन केवल एक धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है बल्कि यह सम्पूर्ण मानवता के लिए शाश्वत मार्गदर्शक सिद्धांतों का स्रोत है। आज का युग विज्ञान, तकनीक और भौतिक उपलब्धियों के शिखर पर अवश्य पहुंच गया है लेकिन इसके साथ ही मानवता नैतिक, मानसिक और पर्यावरणीय संकटों से भी जूझ रही है। ऐसे समय में भगवान महावीर के उपदेश और अमृतवाणी पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठती है। आधुनिक जीवन की आपाधापी में मनुष्य अपने स्वार्थ, लोभ और अहंकार के वशीभूत होकर ऐसे निर्णय लेने लगा है, जो न केवल उसके अपने जीवन को प्रभावित करते हैं बल्कि समाज और प्रकृति के संतुलन को भी बिगाड़ देते हैं। हिंसा आज केवल शारीरिक रूप तक सीमित नहीं रही बल्कि विचारों, शब्दों और व्यवहार में भी व्याप्त हो चुकी है। प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में व्यक्ति संवेदनहीन होता जा रहा है। ऐसे परिदृश्य में महावीर स्वामी का अहिंसा दर्शन मानवता को करुणा, सहिष्णुता और आत्मसंयम की ओर लौटने का आह्वान करता है।

भगवान महावीर का दर्शन इस मूल विचार पर आधारित है कि संसार का प्रत्येक जीव समान है और सभी में आत्मा का वास है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी जीव को पीड़ा देना स्वयं अपने अस्तित्व को आहत करना है। आज जब पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के विनाश जैसी समस्याएं हमारे सामने खड़ी हैं, तब महावीर का यह सिद्धांत अत्यंत सार्थक प्रतीत होता है कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि भी चेतन तत्व हैं और उनके प्रति भी संवेदनशीलता आवश्यक है। महावीर स्वामी ने केवल उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि संयम, तप और आत्मानुशासन के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की अशुद्धियों को दूर कर सकता है। उन्होंने कर्म के सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों के लिए स्वयं उत्तरदायी है। कर्म ही जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं और उसी के अनुसार जीव विभिन्न योनियों में भ्रमण करता है। यह विचार आज के समय में व्यक्ति को अपने आचरण के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देता है।

उनकी अमृतवाणी में जीवन के हर पहलू के लिए मार्गदर्शन निहित है। वे कहते हैं कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, इसलिए ह्यजीओ और जीने दोह्न का सिद्धांत अपनाना चाहिए। यह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि सामाजिक सद्भाव और शांति का आधार है। यदि समाज में हर व्यक्ति इस सिद्धांत को आत्मसात कर ले तो हिंसा, द्वेष और संघर्ष स्वतः समाप्त हो सकते हैं। महावीर स्वामी ने यह भी कहा कि अहिंसा से बड़ा कोई व्रत नहीं है। आज जब युद्ध, आतंकवाद और सामाजिक हिंसा विश्व के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त हैं, तब यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति स्वयं हिंसा करता है, दूसरों से करवाता है या हिंसा का समर्थन करता है, वह अपने लिए शत्रुता और दुःख का बीज बोता है। यह विचार आधुनिक समाज में नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करता है।

उनका धर्म केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं था बल्कि आंतरिक शुद्धता पर आधारित था। उन्होंने कहा कि धर्म का स्थान आत्मा की पवित्रता में है, बाहरी आडंबर उसमें सहायक तो हो सकते हैं परंतु अनिवार्य नहीं। यह विचार आज के समय में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जब धर्म का स्वरूप कई बार बाहरी प्रदर्शन तक सीमित हो जाता है। महावीर का संदेश हमें सच्चे धर्म की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है, जहां आत्मा की शुद्धता और आचरण की पवित्रता ही सर्वोपरि है। महावीर स्वामी ने मानव मन के चार प्रमुख दोषों (क्रोध, मान, माया और लोभ) को जीवन के पतन का कारण बताया। उन्होंने कहा कि क्रोध प्रेम को नष्ट करता है, अहंकार ज्ञान को, छल मित्रता को और लोभ सभी गुणों को समाप्त कर देता है। आज के तनावपूर्ण जीवन में यह शिक्षाएं अत्यंत उपयोगी हैं। यदि व्यक्ति इन दोषों पर नियंत्रण कर ले तो उसका जीवन संतुलित और सुखमय बन सकता है।

उनकी वाणी में सामाजिक समानता का भी स्पष्ट संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यह विचार सामाजिक न्याय और समानता की भावना को मजबूत करता है। आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों के संदर्भ में भी यह सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक है। महावीर स्वामी ने सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा कि रोगियों और पीड़ितों की सेवा करना प्रभु की सेवा से भी बढ़कर है। आज जब समाज में संवेदनहीनता बढ़ती जा रही है, तब यह संदेश मानवता को पुनः जागृत करने का कार्य करता है। कोरोना महामारी जैसे संकटों के दौरान हमने देखा कि सेवा और सहानुभूति ही समाज को संभालने का सबसे बड़ा आधार बनी। उनकी शिक्षाओं में स्त्री-पुरुष समानता का भी उल्लेख मिलता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुक्ति पाने का अधिकार सभी को समान रूप से है। यह विचार आज के समय में लैंगिक समानता के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। महावीर स्वामी का दर्शन हमें यह भी सिखाता है कि धैर्य और सहनशीलता के बिना अहिंसा का पालन संभव नहीं है। जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में अपना धैर्य खो देता है, वह सच्चे अर्थों में अहिंसक नहीं हो सकता। यह शिक्षा आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उनकी अमृतवाणी का सार यह है कि मन, वचन और कर्म से किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचाया जाए। यही सच्चा धर्म है और यही जीवन की सर्वोच्च साधना है। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मा अमर है, शरीर नश्वर है और जीवन का अंतिम लक्ष्य आत्मा की मुक्ति है। यह विचार व्यक्ति को आध्यात्मिक दृष्टि प्रदान करता है और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने में सहायता करता है।

आज के समय में, जब मानवता अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, चाहे वह नैतिक पतन हो, पर्यावरणीय संकट हो या मानसिक अशांति, भगवान महावीर की शिक्षाएं एक प्रकाश स्तंभ की तरह मार्गदर्शन करती हैं। उनका दर्शन न केवल व्यक्तिगत जीवन को सुधारने का मार्ग दिखाता है बल्कि समाज और विश्व में शांति, सद्भाव और संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा भी देता है। महावीर जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आत्ममंथन और आत्मसुधार का अवसर है। यह हमें अपने भीतर झांकने और यह विचार करने का अवसर देती है कि क्या हम वास्तव में अहिंसा, सत्य, संयम और करुणा के मार्ग पर चल रहे हैं। यदि हम भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सार्थक होगा बल्कि समाज और विश्व भी अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय बन सकेगा। अतः यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भगवान महावीर की अमृतवाणी सदैव प्रासंगिक रहेगी। यह मानवता के लिए एक ऐसी अमूल्य धरोहर है, जो समय, परिस्थिति और युग की सीमाओं से परे जाकर हर युग में मार्गदर्शन करती रहेगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान बनेगा जेवर एयरपोर्ट

**मृत्युंजय दीक्षित**

उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पूर्व विकास योजनाओं के लोकार्पण की लहर चल रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मार्च को जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा) राष्ट्र को समर्पित किया। यह एयरपोर्ट आधुनिकतम सुविधाओं का अद्भुत संगम होगा। यहां से पहली उड़ान उत्तर प्रदेश सरकार के विमान ने भरी, जिसमें प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यात्री बने। इस एयरपोर्ट से चार सप्ताह बाद यात्रियों के लिए नियमित उड़ानें प्रारंभ हो जाएंगी। नोएडा में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापना का प्रस्ताव 2001 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री व वर्तमान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रखा था किंतु निहित राजनीतिक कारणों से यह अधर में लटका रहा। इस प्रकार इस परियोजना के प्रथम चरण के ही पूर्ण होने में 25 वर्ष लग गए, जिस कारण उत्तर प्रदेश के साथ साथ दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र का विकास भी अटका रहा।

जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नोएडा एयरपोर्ट के साथ ही विकसित यूपी और विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय शुरू हो गया है। यूपी अब देश के सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाले राज्यों में से एक हो गया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण के पूर्व ही केंद्र सरकार ने उड़ान 2.0 योजना को मंजूरी प्रदान की है जिसके अंतर्गत 100 नए एयरपोर्ट व 200 नये हेलीपैड बनेंगे जिसके लिए 29,000 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गये हैं। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का सपना है कि हवाई चप्पल वाले भी हवाई यात्रा का सुगम आनंद ले सकें और उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उड़ान 1.0 योजना में 1.6 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की है।प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए सबका प्रयास जरूरी है इस परियोजना के लिए किसानों ने भी अपनी जमीन दी है।आधुनिक कनेक्टिविटी का जो विस्तार हो रहा है उसे पश्चिम यूपी में फूड प्रोसेसिंग को बल मिलेगा और यहां के कृषि उत्पाद दुनिया के बाजारों में और बेहतर तरीके से पहुंच सकेंगे।

**जेवर एयरपोर्ट की अहम विशेषताएं:** जेवर एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा तथा प्रथम चरण में ही यह 1.2 करोड़ यात्रियों को एक रन-वे से सेवा प्रदान करने की क्षमता रखता है। यह देश का पहला ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट होगा जो सौर ऊर्जा का उपयोग करेगा और कार्बन उत्सर्जन को कम करेगा। इस एयरपोर्ट में आगामी चरणों में 5 रन-वे का निर्माण होने के बाद यात्री क्षमता बढ़कर 22.5 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष हो जाएगी। यह एयरपोर्ट पूरी तरह से डिजी यात्रा ऐप के माध्यम से चलेगा।

एयरपोर्ट में आईएलएस कैट -3 सिस्टम है जिससे घने कोहरे में भी विमान आसानी से उतर सकेंगे। इस एयरपोर्ट में अत्याधिुनक तकनीक का उपयोग किया गया है जिसमें यात्रियों के लिए डिजी लॉकर आधारित बायोमैट्रिक चेक इन फेस स्कैन से प्रवेश और एआई आधारित सुरक्षा होगी। यहां 3900 मीटर लंबा रन-वे होगा जो बड़े विमानों का संचालन कर सकेगा। यह यमुना एक्सप्रेस वे से सीधा जुड़ा है और इसे मेट्रो रेल और प्रस्तावित रैपिड रेल से जोड़ने की योजना है। यहां यात्रियों के लिए प्रवेश से लेकर बोर्डिंग गेट तक पहुंचने की प्रक्रिया बहुत तेज होगी जो लगभग 20 मिनट में पूरी हो सकती है। यहां पर 30 एकड़ में कार्गो टर्मिनल का भी निर्माण किया गया है जिस पर 800 करोड़ रुपये की लागत आई है तथा 48 चेक इन प्वाइंट बनाए गए हैं। यहां की मल्टीमाइल कार्गो सुविधा की क्षमता आरम्भ में 2.5 लाख मीटिक टन माल की ढुलाई की है ,जिसे बढ़ाकर 18 लाख मीट्रिक टन किया जा सकता है। यहां पर 57 एकड़ में 700 करोड़ की लागत से वेयर हाउस एवं लॉजिस्टिक सुविधा विकसित की गई है। इस एयरपोर्ट के प्रथम चरण के निर्माण में 11200 करोड़ की लागत आई है।

इस एयरपोर्ट के निर्माण व संचालन के बाद दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश (ग्वालियर - मुरैना), राजस्थान ( धौलपर -भरतपुर) के हिस्सों को मिलाकर करीब सात करोड़ आबादी को सीधा लाभ मिलने जा रहा है। इस एयरपोर्ट के कारण जेवर एयरोट्रोपोलिस सिटी के रूप में चमकेगा। गौतमबुद्ध नगर और आसापास के जिलों के बीच क्षेत्रीय जुड़ाव और विकास होगा। इनके उत्पाद और सेवाओ के समक्ष आने वाली चुनौतियां भी कम होंगी। यह एयरपोर्ट पूर्ण हो जाने के बाद शहर में तमाम होटल व कार्यालय, शापिंग मॉल, लॉजिस्टिक हब आदि का निर्माण भी तीव्र गति से होने जा रहा है। शहर भर में अगली पीढ़ी वाली सुविधाएं विकसित होंगी।

यह एयरपोर्ट केवल रन-वे नहीं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने का आधार बनेगा। यह एयरपोर्ट प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा क्योंकि यह उत्तर भारत के विदेश व्यापार व औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई तक पहुंचाते हुए व्यापक रोजगार का भी सृजन करेगा। यह एयरपोर्ट पश्चिमी यूपी के किसानों, छोटे और लघु उद्योगों युवाओं के लिए भी नए अवसर लेकर आने वाला है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**31 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.40 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृष | 08.20 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 10.18 बजे से |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.31 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 14.48 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 16.59 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.10 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 21.25 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 23.41 बजे से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | मकर | 01.46 बजे से |
| | | कुंभ | 03.32 बजे से |
| | | मीन | 05.05 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 90 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 06.56 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 15.21 बजे को समाप्त।
**योग** गण्ड 15.42 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 06.56 बजे तदनन्तर गर 18.59 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 04° 04'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872665
**जूलियन दिन** 2461130.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल **तारीख** 11
**विशेष** महावीर स्वामी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# सिमडेगा में आपदा पीड़ितों को 1.61 करोड़ की सहायता, 59 लाभुकों को मिला मुआवजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा विशिष्ट स्थानीय प्राकृतिक आपदा के तहत मृत व्यक्तियों के आश्रितों एवं हकदारों को सहायता अनुदान राशि प्रदान की गई। समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने लाभुकों के बीच डेमो चेक वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान ग्रीष्म लहर, वज्रपात, पानी में डूबने, सर्पदंश तथा सड़क दुर्घटना जैसी घटनाओं में मृत व्यक्तियों के परिजनों को मुआवजा राशि दी गई। इस अवसर पर आज के आयोजित कार्यक्रम में कुल 59 लाभुकों को सहायता प्रदान की गई, जिनमें 25 लाभुकों को एक-एक लाख रुपये तथा 34 लाभुकों को चार-चार लाख रुपये के चेक सौंपे गए। इस प्रकार कुल 1 करोड़ 61 लाख रुपये की अनुदान राशि वितरित की गई। वहीं इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जिले में विभिन्न आपदाओं से प्रभावित पीड़ितों को अब तक कुल 4 करोड़ 22 लाख 4 हजार 497 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह ने कहा कि किसी भी आपदा में हुई क्षति की पूर्ण भरपाई संभव नहीं होती, विशेषकर जब परिवार का कमाने वाला सदस्य खो जाता है। ऐसे कठिन समय में परिवारों को अनेक आर्थिक एवं सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत सहायता राशि प्रदान की जाती है, ताकि पीड़ित परिवारों को कुछ राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि कई बार लोगों को इन योजनाओं की जानकारी नहीं होने के कारण वे लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसलिए कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल सहायता वितरण करना है, बल्कि लोगों को जागरूक करना भी है। उपायुक्त ने लाभुकों से अपील की कि वे अपने आसपास के लोगों को भी इन योजनाओं की जानकारी दें, ताकि किसी भी आपदा के समय प्रभावित परिवार समय पर सरकारी सहायता प्राप्त कर सकें। उपायुक्त ने लाभुकों को सलाह दी कि वे प्राप्त राशि का उपयोग सोच-समझकर करें और अनावश्यक खर्च से बचें। उन्होंने कहा कि इस सहायता राशि का उपयोग परिवार की जरूरतों को पूरा करने, बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने तथा भविष्य को सुरक्षित बनाने में किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने साइबर ठगी से सावधान रहने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति को बैंक से संबंधित जानकारी, ओटीपी या अन्य गोपनीय विवरण साझा न करें, अन्यथा आर्थिक नुकसान हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भविष्य में भी आपदा से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को समय पर सहायता मिल सके।

## दहेज हत्या में पति दोषी, बोकारो कोर्ट ने सुनाई 10 साल की सजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** झारखंड के बोकारो जिले की एक अदालत ने दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने वाले दोषी पति को कड़ा संदेश दिया है। चास थाना क्षेत्र के चर्चित 'भोजपुर कॉलोनी हत्याकांड' में सुनवाई पूरी करते हुए अदालत ने आरोपी पति को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अदालती कार्यवाही और कानूनी पक्ष यह फैसला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गरिमा मिश्रा की अदालत ने सुनाया। कोर्ट ने मामले के तमाम साक्ष्यों और गवाहों के बयानों को मद्देनजर रखते हुए पति अभिषेक आनंद को दोषी पाया। सरकारी पक्ष की ओर से दलीलें पेश करते हुए पब्लिक प्रॉसिक्यूटर राकेश कुमार राय ने अदालत को बताया कि यह केवल आत्महत्या का मामला नहीं, बल्कि सोची-समझी हत्या थी। कानूनी पहलुओं पर जानकारी देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि मृतका के शरीर पर चोट के निशान और परिस्थितियों से यह साबित हुआ कि उसे पहले शारीरिक प्रताड़ना दी गई और फिर हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे से लटका दिया गया। मामले की पृष्ठभूमि काफी दुखद है: शादी: साल 2022 में धनबाद की रहने वाली रुचि मिश्रा का विवाह चास के भोजपुर कॉलोनी निवासी अभिषेक आनंद से हुआ था। वारदात: 29 अगस्त 2023 की रात को अभिषेक के घर में रुचि की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आरोप : मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया था कि शादी के बाद से ही दहेज के लिए रुचि को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज हत्या : विवाह के सात साल के भीतर असामान्य परिस्थितियों में हुई मौत और उससे पहले दहेज प्रताड़ना के साक्ष्य।

## पलाश दीदी कैफे एवं आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बांसजोर :** प्रखंड में सोमवार को ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत पलाश दीदी कैफे सह आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन (उछत्र) की दीदियाँ तथा कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि इस पहल से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पलाश दीदी कैफे के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को खाद्य व्यवसाय से जोड़कर नियमित आय का स्रोत उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती एवं सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध कराकर रोजगार के नए अवसर विकसित किए जाएंगे। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने भी अपने विचार साझा किए और योजना को जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया। उन्होंने संकल्प लिया कि वे इस पहल को सफल बनाकर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनेंगी। पलाश दीदी कैफे के जरिए स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि ग्रामीण एक्सप्रेस सेवा से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

## ठेठईटांगर पंचायत में मनरेगा जनसुनवाई पारदर्शिता और समस्याओं के समाधान पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** जिले के ठेठईटांगर पंचायत में पंचायत स्तरीय मनरेगा जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख, पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, मेट, वार्ड सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बढ़ाना, लाभुकों की समस्याओं को सुनना तथा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना था। जनसुनवाई में प्रखंड प्रमुख, ग्राम प्रधान, पंचायत समिति सदस्य (पं.स.स.), ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, प्रखंड से आए पर्यवेक्षक, महिला समूह की एक दीदी, तथा मनरेगा के एक लाभुक जूरी मेंबर के रूप में उपस्थित थे। जूरी सदस्यों ने ग्रामीणों द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा अंतर्गत चल रही विभिन्न योजनाओं की स्थिति की जानकारी दी गई। कई ग्रामीणों ने मजदूरी भुगतान में विलंब, कार्य आवंटन, जॉब कार्ड अपडेट तथा अन्य समस्याओं से संबंधित मुद्दे रखे। जूरी सदस्यों ने आश्वस्त किया कि सभी वैध शिकायतों का जल्द निराकरण किया जाएगा। जनसुनवाई में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए योजनाओं से जुड़े दस्तावेजों का सार्वजनिक सत्यापन भी किया गया। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की जनसुनवाई से योजनाओं में जनता की भागीदारी बढ़ती है और समस्याओं के समाधान का रास्ता भी खुलता है। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और पंचायत प्रतिनिधियों ने भविष्य में भी इसी प्रकार खुले एवं पारदर्शी जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया।

## महिला कांग्रेस की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर, जोसिमा खाखा रहीं शामिल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** कांग्रेस महिला मोर्चा प्रदेश कमेटी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष रामा खलखो की अध्यक्षता में रांची में संपन्न हुई। बैठक में सिमडेगा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जोसिमा खाखा, प्रदेश कमेटी की सीमा सीता एक्का सहित सभी जिलों की महिला कांग्रेस कमेटी की पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रामा खलखो ने कहा कि महिला शक्ति ही संगठन की असली ताकत है। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव तक कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में महिलाओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होने वाली है, इसलिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा।वहीं सिमडेगा जिला अध्यक्ष जोसिमा खाखा ने कहा कि जिले में महिला कांग्रेस लगातार संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय है। उन्होंने कहा कि हर पंचायत स्तर पर महिला कार्यकताओं को जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। ताकि महिलाओं की भागीदारी बढ़े और उनकी आवाज मजबूत हो। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और महिला सशक्तिकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर ज्योति तिर्की, हेलेना लकड़ा, ख्रिस्तीना तिग्गा आदि भी उपस्थित थी।

# बोकारो इस्पात संयंत्र में गैस सुरक्षा पर विशेष प्रशिक्षण सत्र का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के लघु प्रेक्षागृह में दिनांक 30 मार्च 2026 को गैस सुरक्षा पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सत्र सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ विभाग तथा एनर्जी मैनेजमेंट डिपार्टमेंट (ईएमडी) के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों के लगभग 58 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें अधिकारी, कर्मचारी और संविदा कर्मचारी शामिल थे। इस अवसर पर एनर्जी मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के इंजीनियरिंग एसोसिएट सुनील रैना ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। इसके पश्चात उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई, जो कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने संबोधन में रैना ने औद्योगिक परिवेश, विशेषकर इस्पात संयंत्रों में गैस सुरक्षा की आवश्यकता और इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की उपयोगिता पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने स्टील प्लांट के सुचारु परिचालन के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व को रेखांकित किया और सभी प्रतिभागियों से इस सत्र से प्राप्त जानकारी को कार्यस्थल पर लागू करने की अपील की। प्रशिक्षण सत्र के दौरान रैना ने एक विस्तृत तकनीकी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियों की गैस सुरक्षा से संबंधित समझ को और सुदृढ़ किया। उन्होंने शॉप फ्लोर पर गैस संबंधी संभावित जोखिमों से बचने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी तथा संयंत्र में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न गैसों की प्रकृति, उनके गुणधर्म और उनसे संबंधित सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया, जिससे यह सत्र अत्यंत संवादात्मक और ज्ञानवर्धक रहा। गैस सुरक्षा पर आयोजित यह कार्यक्रम बोकारो इस्पात संयंत्र में एक सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। सुरक्षा मानकों के प्रति निरंतर सजगता और उचित तकनीकी ज्ञान न केवल कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम करता है, बल्कि संयंत्र की परिचालन उत्कृष्टता, उत्पादकता और कार्मिकों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को भी सुनिश्चित करता है। इस प्रकार के आयोजन सुरक्षित एवं समृद्ध कार्य-परिवेश के निर्माण के प्रति बीएसएल की अटूट प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करते हैं।

## एक नजर

### चोरी करते युवक रंगे हाथ पकड़ा, सीसीटीवी में कैद वारदात

**बोकारो :** चोरी करने घर में घुसा था चोर उसे लेने के देने पड़ गए क्योंकि घर का मालिक रात को जगा हुआ था और आरोपी को चोरी करते हुए देख लिया। चोर बचने के लिए लाख उपाय करता रहा जहां भागकर जान बचाने की कोशिश भी की लेकिन घर के मालिक के हाथों वह बच नहीं पाया। आरोपी पकड़ा गया जहां मोहल्ले वालों ने उसके हाथ पर बांध दिया और चास थाना पुलिस के हवाले कर दिया।चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी में मैं हुई कैद। मामला बोकारो के चार थाना का जांच में जुटी पुलिस। पूरी घटना के बारे में बताते चले की बोकारो में इन दोनों चोरों का आतंक मचा हुआ है और ऐसे में लोग भी रात जगा करने को विवश है साथ ही सीसीटीवी का भी सहारा ले रहे है। बीती रात चास थाना क्षेत्र के रामनगर कॉलोनी के एक घर में आरोपी के द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया और खिड़की खोलते ही घर की मालकिन जाग गई और हल्ला करने लगी इसी दौरान पड़ोस के कल्पना स्टोर दुकान के मालिक कमल प्रसाद सिंह महिला के द्वारा चोर चोर का आवाज सुनते ही अपने दुकान का हाल जानने के लिए अपना सीसीटीवी को देखा जहां एक युवक संदिग्ध घूमते हुए देखा। फिर क्या था आनफनन में उसे पकड़ने के लिए दौड़ा जहां कॉलोनी के लोग भी आ गए और हाथ पांव बांधकर उसे थाना के हवाले कर दिया।

### विशप विंसेंट बरवा ने किया टी-मार्ट का उद्घाटन

**सिमडेगा:** ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाओं के विस्तार की कड़ी में सदर प्रखंड के कोचेडेगा पंचायत में ' टी-मार्ट' सुपरमार्केट का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस नए मार्ट का उद्घाटन सिमडेगा धर्मप्रांत के विशप स्वामी विंसेंट बरवा ने प्रार्थना, आशीष जल छिड़क कर और फीता काटकर किया। ग्रामीणों को मिलेगी एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएँ। इस सुपरमार्केट की शुरूआत से अब स्थानीय ग्रामीणों को घरेलू उपयोग के छोटे-बड़े सामानों के लिए शहर की दौड़ नहीं लगानी होगी। मार्ट में खाद्य सामग्री, सौंदर्य प्रसाधन और दैनिक उपयोग के सभी सामान उच्च गुणवत्ता और उचित दाम पर उपलब्ध हैं। अब कोचेडेगा और आसपास के ग्रामीणों को मॉल जैसी शॉपिंग का अनुभव अपने ही पंचायत में मिलेगा। हम चाहते हैं कि गाँव के लोगों को भी वही सुविधा और सामान मिले जो शहरों में मिलता है, वह भी कम कीमतों पर। यह मार्ट स्थानीय सेवा के प्रति हमारे परिवार की एक छोटी सी पहल है।

### हॉकी इंडिया पुरस्कार से सम्मानित मनोज कोनबेगी का सिमडेगा में भव्य स्वागत

**सिमडेगा :** भारत में हॉकी संघ के स्थापना के 100 वर्ष होने के अवसर पर देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित हॉकी इंडिया आठवीं वार्षिक पुरुस्कार समारोह 2025 में भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार एवं युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और भारत सरकार की युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे जी सहित ओलंपियन हरबिंदर सिंह, असलम शेर खान, जफर इकबाल,बलजीत सिंह, परगट सिंह, एक्सक्यूटिव डायरेक्टर कमांडर आर के श्रीवास्तव जैसे महान हस्तियों की साथ भारत के विभिन्न राज्य इकाई के अध्यक्ष ,सचिव सहित भारतीय महिला और पुरुष हॉकी टीम के समस्त खिलाड़ियों की उपस्थिति हमारे हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी को उनके खेल में आजीवन योगदान के लिए और भारतीय हॉकी पर उनके अमिट प्रभाव को मान्यता देते हुए हॉकी इंडिया जमन लाल शर्मा अमूल्य योगदान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बेमौसम ओलावृष्टि ने बदला नजारा, बोकारो में स्नोफॉल जैसा दृश्य



**बोकारो :** बोकारो के लोगों ने सोमवार को जब खिड़कियां खोलीं, तो उन्हें अपनी आंखों पर यकीन नहीं हुआ। जो शहर अपनी भट्ठियों की गर्मी और लोहे की मजबूती के लिए जाना जाता है, वह आज अचानक 'झारखंड का स्विट्जरलैंड' बना नजर आया। भारी बारिश के साथ हुई भीषण ओलावृष्टि ने शहर का भूगोल ही बदल दिया है। आलम यह है कि सड़कों से लेकर घरों की छतों तक, हर तरफ सफेद ओलों की मोटी परत बिछ गई है। मंजर कुछ ऐसा है कि अगर आप सेक्टर की सड़कों की तस्वीरें देखें, तो धोखा खा जाएंगे कि यह बोकारो है या गुलमर्ग! लगातार गिर रहे मोटे-मोटे ओलों ने न केवल तापमान में भारी गिरावट ला दी है, बल्कि जनजीवन की रफ्तार पर भी ब्रेक लगा दिया है। जहां एक तरफ इस बेमौसम ओलावृष्टि से किसानों और आम जनजीवन को चिंता हुई है, वहीं युवाओं के लिए यह एक बड़ा 'फोटो मोमेंट' बन गया है। सोशल मीडिया पर बोकारो के 'कश्मीर' वाले वीडियो और तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। सावधानी की सलाह: ओलावृष्टि के चलते सड़कों पर फिसलन बढ़ गई है, इसलिए वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें। साथ ही, ओलों की मार से बचने के लिए सुरक्षित स्थानों पर ही रहें।

### हाईकोर्ट के निर्देश पर सिमडेगा मंडल कारा में औचक निरीक्षण, पीडीजे ने चखा बंदियों का भोजन



**सिमडेगा :** झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर सोमवार को सिमडेगा मंडल कारा में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा ने किया। उनके साथ सीजेएम निताशा बारला,डालसा सचिव मरियम हेमरोम,एसडीओ प्रभात रंजन ज्ञानी,सहायक लोक अभियोजक निशि कच्छप,चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी एलएडीसीएस ब्रीखभान अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की टीम ने जेल के वार्ड, रसोईघर, भोजनालय और बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गहन जांच की। इस दौरान पीडीजे ने स्वयं बंदियों के लिए तैयार भोजन का स्वाद लेकर उसकी गुणवत्ता परखी,जो निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई। भोजनालय की साफ-सफाई और खाद्य सामग्री के भंडारण की भी बारीकी से जांच की गई। टीम ने वार्डों में जाकर बंदियों के रहने की। व्यवस्था, साफ सफाई, रोशनी, पेयजल और शौचालय की स्थिति का जायजा लिया। बंदियों के सामान की जांच में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। निरीक्षण के दौरान बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और उन्हें उपलब्ध कानूनी सहायता की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर पीडीजे ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि बंदियों की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए,ताकि उन्हें समय पर समुचित इलाज मिल सके। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था,सीसीटीवी निगरानी और आपातकालीन प्रबंधन प्रणाली की भी समीक्षा की गई। जेल प्रशासन ने बताया कि महिला बंदी वार्ड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वहीं बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करते हुए इलेक्ट्रिक पैनल ठीक कर दिया गया है,जिससे नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई है। पुरुष बंदी वार्ड के लिए भवन विभाग को पत्र भेजा गया है,ताकि आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराया जा सके।

### तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में सिमडेगा में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिमडेगा:** जिले में तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण, कोटपा अधिनियम 2003 एवं तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के प्रभावी अनुपालन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सिविल सर्जन की अध्यक्षता एवं जिला नोडल पदाधिकारी (एनटीपीसी) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा प्रकाश चन्द्र गुग्गी एवं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अभिषेक राज (ठेठईटांगर) द्वारा शिक्षा विभाग के बीपीओ, बीआरपी एवं सीआरपी को कोटपा 2003 एवं संशोधित 2021 अधिनियम तथा तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान से संबंधित दिशा-निदेशों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों एवं उसके रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जिले के सभी विद्यालयों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित कराने की प्रक्रिया एवं आवश्यक मानकों को भी समझाया गया। अधिकारियों ने उपस्थित प्रतिभागियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं को तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को जिंदगी चुने, तंबाकू नहीं की शपथ दिलाई गई।

### आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पुलिस को मिला विशेष प्रशिक्षण



**सिमडेगा :** शांति भवन मेडिकल सेंटर, बीरू सिमडेगा के तत्वावधान में पुलिस केन्द्र सिमडेगा में आयोजित तीन दिवसीय बीएलएस सर्पदंश प्रबंधन एवं ट्रॉमा रोगी परिवहन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्राथमिक उपचार प्रदान करने हेतु सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा जीवन रक्षक तकनीकों, सर्पदंश के उपचार, तथा ट्रॉमा रोगियों के सुरक्षित परिवहन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, ‟पुलिस फर्स्ट रेस्पॉन्डर फील्ड गाइड‟ के संबंध में भी प्रतिभागियों को विस्तार से अवगत कराया गया, जिससे वे घटनास्थल पर प्रथम प्रतिक्रिया देने में अधिक दक्ष हो सकें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को पुलिस कर्मियों के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही। साथ ही सभी प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया कि, वे अपने कार्यस्थल पर वापस जाकर अन्य लोगों को भी जानकारी देना सुनिश्चित करें तथा लोगों को इसके प्रति जागरूक करें। अंत में पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा सभी प्रशिक्षक एवं विशेषज्ञों कों मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान का भव्य शुभारंभ, तीन माह तक चलेगा विशेष अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, साहिबगंज में आज 'मन पैपिलोमावायरस टीकाकरण अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ अत्यंत गरिमामय एवं भव्य वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त, सतीश चंद्रा एवं सिविल सर्जन, डॉ रामदेव पासवान द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उद्घाटन उपरांत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन प्रदान कर अभियान की औपचारिक शुरूआत की गई। यह विशेष टीकाकरण अभियान आगामी तीन माह तक जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत लक्षित आयु वर्ग की सभी पात्र बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लकिसी भी पात्र बालिका को टीकाकरण से वंचित नहीं रहने देना हमारी प्राथमिकता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम पूर्णतः प्रशिक्षित एवं सक्षम है और सभी कार्य निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुरूप किए जा रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर पात्र बालिकाओं की पहचान करें, अभिभावकों को जागरूक करें तथा किसी भी प्रकार के भ्रम एवं आशंका को दूर करते हुए टीकाकरण सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार द्वारा एचपीवी वैक्सीन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने वैक्सीन के महत्व, इसके लाभ एवं इससे होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव के विषय में उपस्थित लोगों को जागरूक किया। साथ ही, उन्होंने एचपीवी वैक्सीन पर आधारित एक प्रेरणादायक जागरूकता गीत प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। इस अभियान के तहत सर्वप्रथम रिशु कुमारी एवं अंजली कुमारी को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा उन्हें टीकाकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दोनों बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी या दुष्प्रभाव महसूस नहीं हुआ तथा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा पूर्ण सावधानी एवं सहयोग के साथ टीकाकरण किया गया।

**स्वास्थ्य विभाग की अपील**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि– अपनी 14-15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को अनिवार्य रूप से एचपीवी वैक्सीन दिलाएं।

किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रांति से बचें। अन्य लोगों को भी टीकाकरण हेतु प्रेरित करें एवं अभियान को सफल बनाएं। कार्यक्रम में जिला आयुष पदाधिकारी, डॉ. किरण माला, डॉ. महमूद आलम, डॉ. अमित कुमार, डीपीएमयू टीम, जिला आरसीएच सहायक आदित्य कुमार, आम नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि, एनजीओ एवं डेवलपमेंट पार्टनर के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर बाइक रैली आज




**साहिबगंज:** आरएसएस के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आगामी 7 अप्रैल को स्थानीय कबूतरखोपी स्थित सूर्यदेव घाट पर सकल हिंदू समाज द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सूर्य देव मंदिर स्थित परिसर में होने वाले इस सम्मेलन में हजारों लोगों के भाग लेने की संभावना है। सम्मेलन को सफल बनाने तथा जन जागरूकता के उद्देश्य से मंगलवार को चौक बाजार स्थित दुर्गा मंदिर परिसर से तीन बजे बाईक रैली निकाली जाएगी। शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई यह रैली कबूतरखोपी सूर्य देव मंदिर घाट किनारे पहुंचेगी। जहां सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ और बैठक का आयोजन होगा। सम्मेलन में पधारे आगंतुकों के लिए महाप्रसाद हेतु प्रत्येक घरों से अनाज और सब्जी का संग्रह किया जाएगा। इसके अलावा, मातृ शक्तियों द्वारा शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। सम्मेलन में जिले के प्रमुख संतों के भाग लेने की संभावना है। नगर कार्यवाह प्रमोद कुमार रिंकू ने सभी सनातनियों से एकजुट होकर इसमें भाग लेने की अपील की है।

### लापता सेवानिवृत रेल कर्मी तीनपहाड़ थाना से बरामद, परिजनों को सौंपा गया



**साहिबगंज:** साहिबगंज से लापता रिटायर रेल कर्मी तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के मारोपुर में मिला है। मिली जानकारी के अनुसार साहिबगंज के केलाबाड़ी पोखरिया निवासी छोटू पासवान (83) शुक्रवार की सुबह 7 बजे घर से बिना कुछ बताए निकले थे और राजमहल पहुंच वहां से लापता हो गए थे। जिनकी खोजबीन के लिए परिजन लगातार सोशल मीडिया का सहारा ले रहे थे। वही सोमवार की सुबह तीनपहाड़ थाना में होने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच उन्हें साथ ले गए। उनके पुत्र नीलकमल पासवान (30) ने बताया उनके पिता रिटायर रेल कर्मी हैं और मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। वे शुक्रवार की सुबह घर से निकले थे जिनकी खोजबीन की जा रही थी तो वे राजमहल एक परिचित के घर पहुंच गये थे। इसके बाद वहां से उनके परिचित लोगों ने उनको शनिवार को ऑटो में बैठा कर साहिबगंज के लिए रवाना किया था।

### चैती दुर्गा पूजा पर भक्ति जागरण का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** राजमहल प्रखंड के वार्ड नंबर 2 स्थित नीलकोठी चैती दुर्गा मंदिर में रविवार की रात भक्ति जागरण का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम सुंदर साहा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही मंदिर परिसर माता के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। भक्ति जागरण में बिहार के खगड़िया से पहुंचे कलाकार दीपक झा, अनुप्रिया और खुशबू कुमारी ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। एक के बाद एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को देर रात तक मंत्रमुग्ध कर दिया। जागरण में खास बात यह रही कि कलाकार मंच से उतरकर सीधे श्रद्धालुओं के बीच पहुंच गए और वहीं से भजन गाने लगे, जिससे माहौल और भी जीवंत हो उठा। जैसे–जैसे रात बढ़ती गई, भक्ति का रंग और गहराता गया।

## पाकुड़ में अधिवक्ता की हैवानियत, वीडियो बनाकर 7 महीने तक करता रहा शोषण, आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक अधिवक्ता पर महिला लॉ छात्रा के साथ लंबे समय तक शोषण करने का गंभीर आरोप लगा है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि पीड़िता लॉ की पढ़ाई कर रही है और कानूनी सलाह के लिए अधिवक्ता जोएल मुर्मू के पास जाती थी। इसी दौरान आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म किया और घटना का वीडियो बना लिया। बाद में उसी वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वह पीड़िता को ब्लैकमेल करने लगा। आरोप है कि इस धमकी के सहारे अधिवक्ता करीब सात महीने तक महिला का लगातार शोषण करता रहा। डर और मानसिक दबाव के कारण पीड़िता लंबे समय तक चुप रही। मामले ने उस वक्त तूल पकड़ा जब हाल ही में पीड़िता के पति को इस घटना की जानकारी मिली। इसके बाद वह अधिवक्ता के पास पहुंचा, जहां दोनों के बीच कहासुनी के बाद हाथापाई हो गई। हंगामा बढ़ने पर आसपास के लोग और परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे और नगर थाना को सूचना दी गई। थाना प्रभारी के अनुसार, पीड़िता की लिखित शिकायत के आधार पर आरोपी जोएल मुर्मू के खिलाफ बीएनएस की धारा 64(2)(m), 351(2) एवं 115(2) के तहत कांड संख्या 61/26 दर्ज किया गया है।

## मॉडल सोलर विलेज के रूप में चयनित गांव को मिलेगा 1 करोड़

- मॉडल सोलर विलेज योजना को बढ़ावा
- 10 गांवों में सोलर विकास को मिलेगी नई दिशा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ मॉडल सोलर विलेज योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बताया कि जिले में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने एवं गांवों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 10 गांवों का चयन किया गया है। इन गांवों के बीच 6 माह की अवधि के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसकी प्रारंभ एवं समाप्ति तिथि भी निर्धारित कर दी गई है। उपायुक्त ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक जिले में एक मॉडल सोलर विलेज का विकास करना, गांवों में 247 बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सोलर पंप, सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाई मास्ट लाइट एवं रूफटॉप सोलर सिस्टम की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाएगा। चयनित गांवों को पूर्ण रूप से सोलर आधारित एवं ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। प्रतियोगिता के अंत में जिस गांव में सर्वाधिक सोलर इंस्टॉलेशन किया जाएगा, उसे "मॉडल सोलर विलेज" के रूप में चयनित किया जाएगा। चयनित गांव को 1 करोड़ की राशि प्रदान की जाएगी, जिससे गांव को पूर्णतः सोलर आधारित विकसित किया जा सके।

## जिला अधिवक्ता संघ भवन साहिबगंज में नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला अधिवक्ता संघ भवन साहिबगंज में नवनिर्वाचित पदाधिकारी को 30 मार्च को दोपहर 3:00 बजे शपथ दिलाया गया। उक्त अवसर पर अध्यक्ष पद पर नवनिर्वाचित ललित स्वदेशी को वरीय अधिवक्ता सूर्य नारायण यादव ने शपथ दिलायी। वहीं उपाध्यक्ष पद पर नवनिर्वाचित गौतम प्रसाद सिंह को बरिय अधिवक्ता अशोक श्रीवास्तव ने शपथ दिलाई। सचिव पद पर निर्वाचित विजय करण को अधिवक्ता विश्वनाथ यादव ने शपथ दिलाई है। इसी प्रकार अन्य पदों पर नव निर्वाचित संयुक्त सचिव लाल बाबू यादव, देवेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार झा, सह कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार मंडल, कार्यकारिणी सदस्य, सुभाष कुमार गुप्ता, सुनीता सोरेन, जयप्रकाश रविदास, मानव पासवान एवं पवेद्र रितेश को शपथ दिल आ गया। इस मौके पर सदस्य के सभी अधिवक्ता का उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्यअतिथि मुख्य चुनाव आयुक्त जनार्दन प्रसाद साह, एवं अन्य दो चुनाव आयुक्त सुरेश बजाज वो श्रीराम यादव उपस्थित थे।

### एसपी ने किया लंबित मामलों की समीक्षा बैठक

**साहिबगंज:** जिले में आपराधिक मामलों पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार समीक्षा बैठकें की जा रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के बाद एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसपी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस निरीक्षकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।
उन्होंने विशेष रूप से लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी थानों को निर्देश दिया गया कि फरार अभियुक्तों की सूची तैयार कर अभियान चलाकर गिरफ्तारी सुनिश्चित करें।

## गोड्डा के गांधी मैदान में चतुर्थ राजकीय गणतंत्र मेला महोत्सव का भव्य शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोड्डा :** गोड्डा के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित चतुर्थ राजकीय गणतंत्र मेला महोत्सव 2026 का रविवार को भव्य एवं विधिवत उद्घाटन राज्य की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह द्वारा किया गया। उद्घाटन के साथ ही दो दिवसीय महोत्सव की शुरूआत उत्साह और उल्लास के माहौल में हुई। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि यह दो दिवसीय महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और सामुदायिक एकता का सशक्त उत्सव है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने के साथ-साथ स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं। 29 और 30 मार्च 2026 को आयोजित यह महोत्सव सांस्कृतिक रंगों, मधुर संगीत और विविध मनोरंजन का भव्य संगम बनने जा रहा है। इस वर्ष महोत्सव की खास बात यह है कि देश के विभिन्न हिस्सों से ख्यातिप्राप्त सेलिब्रिटीज, गायक, कवि और नर्तक अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को और भी आकर्षक बनाएंगे। महोत्सव के पहले दिन रंग-बिरंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं आगामी कार्यक्रमों को लेकर शहरवासियों में जबरदस्त उत्साह और उत्सुकता देखी जा रही है। मंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि यह महोत्सव न केवल कला और संस्कृति के संरक्षण का माध्यम है, बल्कि स्थानीय कलाकारों, युवाओं और कारीगरों को सशक्त बनाने का एक प्रभावी मंच भी है। उन्होंने सभी नागरिकों से बढ़-चढ़कर भाग लेने और आयोजन को ऐतिहासिक सफलता दिलाने की अपील की।

# राजमहल में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल प्रखंड क्षेत्र के गुनिहारी पंचायत स्थित पगली दुर्गा मंदिर मंडई प्रांगण में आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। 31 मार्च से 06 अप्रैल तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन की शुरूआत श्रद्धा और उत्साह के साथ की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का स्वागत समिति द्वारा अंग वस्त्र देकर किया गया। इसके पश्चात सामूहिक रूप से फीता काटकर कलश यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान पूरे गांव में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिनमें महिलाएं और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। खास बात यह रही कि करीब 5001 महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर गांव का भ्रमण किया और भगवान के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। यात्रा पगली दुर्गा मंदिर मंडई प्रांगण से शुरू होकर मंडई चौक के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए सूर्यदेव घाट, राजमहल पहुंची, जहां से श्रद्धालुओं ने पवित्र जल उठाया और पुनः कथा स्थल पर लौटे। रास्ते भर श्रद्धालुओं द्वारा फूल बरसाकर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। समिति के सदस्य संजीव दे ने बताया कि 31 मार्च से 06 अप्रैल तक प्रतिदिन संध्या 6 बजे से रात्रि तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन कथाव्यास परम पूज्य पंडित विश्ववामबरा गौरांगी जी द्वारा किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी की उम्मीद है।

## हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा



**साहिबगंज:** बरहेट प्रखंड क्षेत्र के बरहेट संथाली दक्षिणी पंचायत के कुम्हार टोला गांव में नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गाजे बाजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई। वही कलश शोभायात्रा में कुमारी कन्याओं व महिलाओं, पुरुष ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया। वही शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष, भाजपा नेता सह वंशज मंडल मुर्मू, शामिल हुए। कलश यात्रा बजरंगबली मंदिर से निकल कर गुमानी नदी घाट पहुंचे, जहां पंडितों ने विधि विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरवाया। कलश यात्रा पुनः बजरंगबली मंदिर पहुंचा। जहां पंडित श्याम पांडे उर्फ मंटू बाबा ने विधि विधान पूर्वक मंदिर में कलश को स्थापित कराया। शोभा यात्रा में जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा। प्राण–प्रतिष्ठा को लेकर बरहेट बाजार व आसपास के गांव का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मौके पर मंडल अध्यक्ष मनीष भारती, अनंत सिन्हा, विभीषण ठाकुर, जोगेन्दर पंडित, दुलाल पंडित, संजय पंडित, मोहन पंडित, अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकुड़ में आदिम जनजातियों के एनटाइटलमेंट सर्वेक्षण हेतु विशेष अभियान

**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड, रांची तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निदेर्शानुसार पाकुड़ जिले में आदिम जनजातियों के एनटाइटलमेंट सर्वेक्षण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त श्री मनीष ने जानकारी दी कि जिले के 349 गांवों के 447 टोलों में निवासरत कुल 16,778 हाउसहोल्ड के 73,173 आदिम जनजाति व्यक्तियों का सर्वेक्षण किया जाना है। यह सर्वेक्षण 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक मोबाइल एप के माध्यम से एक माह के भीतर पूर्ण किया जाएगा। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को प्रखण्ड स्तरीय नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है, जबकि प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारियों को सर्वेक्षण कार्य का पर्यवेक्षक बनाया गया है। दोनों विभागों के समन्वय से कार्य को पूर्ण सटीकता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाएगा। ग्राम स्तर पर सर्वेक्षण के लिए मोबाइल संचालन में दक्ष स्थानीय युवाओं/कर्मियों को एन्यूमैरेटर के रूप में चयनित किया जाएगा। प्रत्येक 100 हाउसहोल्ड पर एक एन्यूमैरेटर की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी।चयनित एन्यूमैरेटर का विवरण 30 मार्च 2026 तक जिला को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। भारत सरकार के प्रावधानों के अनुरूप प्रति हाउसहोल्ड त्रुटिरहित सर्वेक्षण पूर्ण करने पर 150 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। सभी एन्यूमैरेटर को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा पहचान पत्र निर्गत किया जाएगा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सर्वेक्षण के दौरान किसी भी लाभुक से ओटीपी नहीं लिया जाएगा।साथ ही संबंधित परिवारों के आवश्यक दस्तावेज– नरेगा जॉब कार्ड, पेंशन, आवास, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना, आधार कार्ड, इम्यूनाइजेशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, पीएम किसान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं टीएचआर से संबंधित जानकारी– संग्रहित एवं अपलोड करना सुनिश्चित किया जाएगा। यह सर्वेक्षण मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा, जो ऑफलाइन मोड में भी कार्य करेगा।

### पाकुड़ में एनएसयूआई का बड़ा संगठनात्मक बदलाव, युवाओं को मिली नई जिम्मेदारियां



**पाकुड़ :** जिले में सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय, पाकुड़ में आयोजित की गई। इस बैठक में जिला स्तरीय संगठन का पुनर्गठन करते हुए नए सिरे से विस्तार किया गया तथा कई नव सदस्यों को विभिन्न पदों पर मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री बिलाल शेख एवं युवा प्रखंड अध्यक्ष श्री नसीम आलम उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने संगठन को मजबूत करने, अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने तथा आने वाले समय में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए कार्यकताओं को प्रेरित किया। इस दौरान संगठन में नई जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं, जिनमें परवेज आलम, मैन्युअल एवं सरफराज आलम को महासचिव बनाया गया। वहीं अब्दुल्लाह शेख को मीडिया प्रभारी, अल्फाज शेख को जिला सचिव एवं हासिम अख्तर को जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा मुशर्रफ शेख एवं आसिफ आफताब को जिला संयुक्त सचिव, अब्दुल बासित को जिला सचिव तथा शाहीन रहमान को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, युवा सशक्तिकरण तथा पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने पर विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यकताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### बासंती दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में काला चांद फाका चांद आर्केस्ट्रा धमाका में उमड़ा जनसैलाब



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सोड़ो में बासंती दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में श्री श्री बासंती पुजा समिति द्वारा आयोजित काला चांद फाका चांद आर्केस्ट्रा धमाका में हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख गुरूपद मार्डी, वरिष्ठ पत्रकार अरूण माझी ,मुखिया नयन सिंह मुण्डा , एएसआई मनिंदर सिंह, नारायण साह ने फीता काट कर किया। वहीं दर्शकों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख गुरूपद मार्डी ने कहा कि संस्कृति ही हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि संस्कृति के साथ ही हास्य कलाकारों द्वारा मनोरंजन का यह अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि रोजगार, पढ़ाई के साथ ही मनोरंजन भी जरूरी है। वहीं मुखिया नयन सिंह मुण्डा ने अपने संबोधन में लोगों को जमकर मनोरंजन करने एवं उत्साह के साथ इसका लूत्फ उठाने का अपील किया। वहीं काला चांद फाका चांद हास्य कलाकार एवं आर्केस्ट्रा धमाका के विचित्रा अनुष्ठान से खचाखच भरे दर्शकों का मन मोह लिया। भीड़ इस कदर उमड़ पड़ा कि बाइक रखने का गैरेज में जगह कम पड़ा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन एवं आयोजन समिति को बैरिकेडिंग करना पड़ा।शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। मौके पर इन्द्रजीत प्रामाणिक, राधा गोविंद साहू,लालू हजाम, गणेश दास,अंशुमान साहू, फाल्गुनी पांडे, निखिलेश पांडे,अतीकाई दास,रेंगटु गोप आदि उपस्थित थे।

### मालदा मंडल द्वारा साहिबगंज स्टेशन पर स्वच्छता अभियान आयोजित



**साहिबगंज:** मालदा मंडल ने स्वच्छता एवं पर्यावरणीय स्थिरता को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत साहिबगंज स्टेशन के प्रवेश मार्ग पर एक विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया। यह अभियान पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग द्वारा संचालित किया गया, जिसमें प्लेटफॉर्म के अंत से लेकर लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 56 तक लगभग 1 किलोमीटर की दूरी को कवर किया गया। इस पहल का उद्देश्य रेलवे लाइन के किनारे जमा हुए कचरे को साफ करना था, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जो पहुंचने में कठिन लेकिन स्टेशन की समग्र स्वच्छता और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। अभियान के दौरान लगभग 200 क्यूबिक फीट कचरा एकत्र कर सुरक्षित रूप से निपटाया गया। इस प्रयास से स्टेशन के प्रवेश मार्ग की स्वच्छता में उल्लेखनीय सुधार हुआ, जिससे यात्रियों के लिए बेहतर यात्रा अनुभव और रेलवे परिवेश की सफाई सुनिश्चित हुई। मालदा मंडल लगातार इस प्रकार की पहलों का संचालन करता रहा है, जो न केवल स्टेशन की सौंदर्य वृद्धि में योगदान देती हैं, बल्कि संचालनात्मक दक्षता और सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों को बनाए रखने में भी सहायक होती हैं। मंडल यात्रियों और स्थानीय निवासियों से अनुरोध करता है कि वे रेलवे परिसरों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और कचरा फैलाने से बचें, जिससे स्वच्छता प्रयासों को स्थायी बनाया जा सके।

## संक्षिप्त डायरी

## नीतीश के इस्तीफे पर प्रशांत किशोर ने पूछा- 1 करोड़ नौकरी अब कौन देगा

**पटना (एजेंसी** राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के टछठ पद से इस्तीफा देने के बाद बिहार की राजनीति गरमा गई है. इस बीच जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने ठऊअ सरकार पर हमला बोलते हुए इसे बिहार की जनता के साथ ह्लधोखाह्व करार दिया है. उन्होंने सवाल उठाया कि अब राज्य के युवाओं को एक करोड़ नौकरियां देने का वादा कौन पूरा करेगा. : नीतीश कुमार पद से इस्तीफे देने के बाद और राज्यसभा जाने की खबरों ने सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है. जैसे ही यह खबर सामने आई कि नीतीश कुमार ने विधान परिषद के पद से इस्तीफा दे दिया है, जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने मोर्चा खोल दिया. प्रशांत किशोर ने इस घटनाक्रम को बिहार की जनता के साथ बड़ा विश्वासघातह्व करार दिया है और सीधे तौर पर भाजपा और एनडीए को कटघरे में खड़ा किया है. अब एक करोड़ नौकरी कौन देगा? प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार के विदाई की खबरों के बीच सबसे बड़ा सवाल बिहार के युवाओं के रोजगार को लेकर उठाया है. उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि जिस मुख्यमंत्री की खुद की नौकरी (सीएम पद) जा रही है, वह बिहार के युवाओं को 1 करोड़ नौकरियां देने का वादा कैसे पूरा करेंगे? किशोर के मुताबिक, चुनाव के समय भाजपा और जदयू के नेताओं ने नीतीश कुमार के चेहरे का इस्तेमाल कर जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन अब वे बीच मझधार में छोड़कर जा रहे हैं. उन्होंने पूछा कि क्या अब मोदी और शाह उन नौकरियों की गारंटी लेंगे? नीतीश की सेहत पर बोला गया झूठ प्रशांत किशोर ने दावा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार की सेहत लंबे समय से ठीक नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि जदयू और भाजपा के नेताओं को यह बात पहले से पता थी, फिर भी उन्होंने बिहार की जनता के सामने नीतीश को स्वस्थ बताकर पेश किया. पीके ने उन तमाम नेताओं को बिहार का गुनहगार बताया जिन्होंने नीतीश के नाम का सहारा लेकर वोट बटोरे. उन्होंने कहा कि यह एक सुनियोजित साजिश थी, जिसके तहत एक अस्वस्थ व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाए रखा गया और अब उन्हें चुपचाप किनारे लगाया जा रहा है. सीएम चेहरा अब जनता नहीं, दिल्ली तय करेगी बिहार के अगले मुख्यमंत्री को लेकर चल रही अटकलों पर भी प्रशांत किशोर ने कहा कि कायदे से सीएम मटेरियल वही होना चाहिए जिसे जनता पसंद करे, लेकिन मौजूदा हालात में बिहार की किस्मत का फैसला पटना में नहीं बल्कि दिल्ली में होगा. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब बिहार का नया चेहरा वही बनेगा जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह चाहेंगे. यह बिहार के स्वाभिमान और जनमत का अपमान है.

## सीएम नीतीश के इस्तीफे से इमोशनल हुए मंत्री अशोक चौधरी, कहा-कमी खलेगी

**पटना (एजेंसी)** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. सीएम नीतीश के इस्तीफे के बाद मंत्री अशोक चौधरी इमोशनल हो गए. मीडिया के सामने अशोक चौधरी ने कहा, सदन के अंदर उनकी कमी खलेगी. सीएम नीतीश कुमार की भूमिका अब केंद्र की राजनीति में दिखने वाली है. आज (सोमवार) उन्होंने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. उनके इस्तीफे के बाद एनडीए के नेताओं की तरफ से कई बयान आए. मंत्री अशोक चौधरी तो मीडिया से बात करते हुए इमोशनल हो गए. आज के दिन को उन्होंने सबके लिए बड़ा क्षण बताया. मीडिया के सामने अशोक चौधरी ने और क्या कहा? मंत्री अशोक चौधरी ने मीडिया के सवालों पर कहा, यह मुख्यमंत्री का निर्णय था कि वे राज्यसभा जाएं. 2014 से ही उनको देख रहे हैं. अब सीएम नीतीश के नहीं रहने से उनकी कमी खलेगी. उनका डांटना, समझाना, बीच-बीच में खड़े होकर मंत्रियों को प्रोटेक्ट करना यह सब मिस करेंगे. अशोक चौधरी बोले- उनके गार्जियनशिप में बिहार चलेगा आगे सीएम के साथ कनेक्शन पर कहा, उनका स्नेह तो सबके साथ है. छोटे से स्टाफ से लेकर मंत्री तक के साथ उनका स्नेह रहा है. वो एक मुख्यमंत्री या नेता नहीं बल्कि अभिभावक हैं. देश को ऐसा नेता ना कभी मिला और ना ही आने वाले समय में मिलेगा. उन्होंने सिर्फ अपने राज्य की चिंता की. अपने लिए उन्होंने कोई राजनीति नहीं किया. बिहार उनके गार्जियनशिप में चला है और आगे भी चलता रहेगा. बीजेपी प्रवक्ता ने क्या कहा? इस तरह से मंत्री अशोक चौधरी ने इमोशनल होकर मीडिया के सामने अपनी बात रखी. बीजेपी के प्रवक्ता नीरज कुमार ने भी बयान जारी कर कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने आज विधान परिषद से इस्तीफा देकर एक और राजनैतिक मानदंड स्थापित किया. वह हमेशा से संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करने वाले रहे हैं. अब वह दिल्ली में रहकर बिहार की आवाज को और बुलंद करेंगे. आगे उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा और बिहार एनडीए उनसे यह अपेक्षा करता है कि आगे भी बिहार को उनका मार्गदर्शन मिलता रहे. इसके अलावा बीजेपी प्रवक्ता ने बिहार के अगले सीएम पर कहा, ठऊअ का जो भी अगला मुख्यमंत्री होगा वह सीएम नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में उनके सिद्धांतों को उनके क्रियाकलापों को आगे बढ़ाएगा.

## बिहार में मौसम विभाग का अलर्ट, बारिश और 40-50 KMPH की रफ्तार से चलेगी हवा

**पटना (एजेंसी)** बिहार में मौसम सुहावना बना हुआ है. कुछ जिलों में हल्की बारिश और कुछ जिलों में तेज हवा की वजह से गर्मी का असर कुछ ज्यादा नहीं दिख रहा. इस बीच मौसम विभाग ने 31 मार्च को कुछ जिलों में येलो अलर्ट जारी किया. इसके साथ ही बारिश के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जताई है. : बिहार के मौसम में बदलाव लगातार जारी है. कभी तापमान में बढ़ोतरी तो कभी गिरावट दर्ज की जा रही है. मौसम विभाग की माने तो, 31 मार्च को बिहार के कुछ जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. इन जिलों में बारिश, ठनका गिरने के साथ-साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना जताई है. मौसम विभाग ने इन जिलों में जारी किया येलो अलर्ट मौसम विभाग की माने तो, बक्सर, भोजपुर, अरवल, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, खगड़िया, भागलपुर, मुगेर, बांका और जमुई जिले में बारिश हो सकती है. इसके साथ ही ठनका गिरने की संभावना को देखते हुए लोगों से इस दौरान घर में रहने की अपील की गई. खासकर किसानों से मौसम बिगड़ने पर खेत में काम नहीं करने की सलाह दी गई.

अगले 2 से 3 दिनों तक तापमान बिहार में तापमान को लेकर भी मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि राज्य में अगले 2 से 3 दिनों के दौरान दो से चार डिग्री सेल्सियस तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है. जबकि न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है. लेकिन इसके बाद अधिकतम तापमान में कमी हो सकती है. इस तरह से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है. पिछले 24 घंटे में कैसा रहा मौसम? मौसम विभाग की माने तो, रविवार को राज्य में एक दो जगहों पर हल्की बारिश हुई. इससे कुछ जगहों पर तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट दर्ज की गई. सबसे अधिक तापमान रोहतास के बिक्रमगंज में 38.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान किशनगंज में 18.3 डिग्री सेल्सियस रहा. राज्य का औसत तापमान 25.7 से 38.4 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा.

# नीतीश कुमार का ऐतिहासिक 'महापरिवर्तन' : विधान परिषद से इस्तीफा

### विधान परिषद छोड़ अब देश की संसद में गूँजेगी 'सुशासन बाबू' की आवाज



**पटना (एजेंसी)** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने राजनीतिक जीवन का एक बड़ा फैसला लेते हुए विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद उन्होंने यह कदम उठाया है, जिससे अब उनकी नई पारी संसद के उच्च सदन में शुरू होगी. बिहार की राजनीति में आज एक युग का अंत और एक नए अध्याय का आगाज हो गया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधान परिषद की सदस्यता से आधिकारिक तौर पर इस्तीफा दे दिया है. 16 मार्च 2026 को राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने जाने के बाद नीतीश कुमार ने उच्च सदन जाने का फैसला किया है. नीतीश कुमार का यह कदम भारतीय राजनीति के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया है, क्योंकि अब वे उन राजनेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने लोकतंत्र के चारों सदनों का प्रतिनिधित्व किया है. 1985 से शुरू हुआ था यह ऐतिहासिक सफर नीतीश कुमार का विधायी सफर किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं है. उन्होंने अपने संसदीय जीवन की शुरूआत 1985 में नालंदा की हरनौत विधानसभा सीट से विधायक बनकर की थी. इसके बाद 1989 में वे पहली बार नौवीं लोकसभा के सदस्य बने और केंद्र में अपनी धमक दिखाई. साल 2006 से वे लगातार बिहार विधान परिषद के सदस्य के रूप में राज्य की कमान संभाल रहे थे. अब 2026 में राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के साथ ही उनके नाम वह दुर्लभ गौरव जुड़ गया है, जिसमें नेता लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद– इन चारों सदनों का हिस्सा रह चुका हो. इस्तीफे से पहले सीएम आवास पर चली रणनीतिक बैठक इस्तीफा देने से ठीक पहले मुख्यमंत्री आवास पर जदयू के वरिष्ठ नेताओं की अहम बैठक हुई. इसमें केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, विजय कुमार चौधरी और अशोक चौधरी समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे. बैठक में आने वाले समय की राजनीतिक रणनीति पर चर्चा हुई, जिससे साफ है कि यह फैसला आगे की बड़ी सियासी तैयारी का हिस्सा है. ह्लरेल मंत्री से ह्लसुशासन बाबूह्व तक नीतीश कुमार की पहचान एक ऐसे नेता के रूप में है जिन्होंने बिहार को अराजकता से निकालकर विकास की पटरी पर खड़ा किया. केंद्र में रेल मंत्री रहते हुए उन्होंने रेलवे में जो क्रांतिकारी सुधार किए, उन्हें आज भी याद किया जाता है. बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर शराबबंदी, छात्राओं के लिए साइकिल योजना और पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50% आरक्षण देने जैसे उनके फैसलों ने देश के अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल का काम किया. अब राज्यसभा में उनकी उपस्थिति राष्ट्रीय राजनीति के समीकरणों को प्रभावित करने वाली साबित होगी.

## पटना एयरपोर्ट पर अब 10 में मिलेगी चाय और समोसा

**पटना (एजेंसी)** हवाई यात्रा अब सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि किफायती अनुभव भी बनती जा रही है. पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए 10 से 20 रुपये में चाय, कॉफी, समोसा और नाश्ते का समान मिलेंगे. इसके साथ ही यात्रियों को चार घंटे तक मुफ्त हाई-स्पीड वाई-फाई की सुविधा भी दी जा रही है, जिससे उनका सफर और आसान और स्मार्ट हो जाएगा. : केंद्र सरकार की नई पहल ह्यउड़ान यात्री कैफेह्व के जरिए अब आपको एयरपोर्ट के अंदर महज 10 से 20 रुपये में चाय, कॉफी और नाश्ता मिलेगा. इतना ही नहीं, यात्रियों के मनोरंजन और काम के लिए अब एयरपोर्ट परिसर में 4 घंटे तक हाई-स्पीड अनलिमिटेड वाई-फाई की सुविधा भी शुरू कर दी गई है. नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने वर्चुअल माध्यम से पटना एयरपोर्ट पर उड़ान यात्री कैफे का उद्घाटन किया है. इस कैफे की सबसे बड़ी खासियत इसकी कीमतें हैं. यहां समोसा, मिठाई, चाय और कॉफी जैसी चीजें आम बाजार की दरों पर उपलब्ध कराई गई हैं. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सहयोग से शुरू किए गए इस कैफे का उद्देश्य मध्यम वर्गीय और बजट यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन किफायती दाम पर उपलब्ध कराना है, ताकि हर वर्ग का यात्री सुखद अनुभव के साथ अपनी उड़ान भर सके. 4 घंटे तक चलाएं नॉन-स्टॉप फ्री इंटरनेट खाने-पीने की सुविधा के साथ-साथ पटना एयरपोर्ट अब डिजिटल रूप से भी और स्मार्ट हो गया है. यात्रियों के लिए आधुनिक वाई-फाई सेवा का शुभारंभ किया गया है. इसका लाभ उठाने के लिए यात्रियों को बस एक साधारण सॉफ्टवेयर डाउनलोड करना होगा. एक बार लॉगिन करने के बाद, यात्री लगातार 4 घंटे तक असीमित और उच्च गति वाले इंटरनेट का आनंद ले सकते हैं. चाहे आपको अपनी ऑफिस की फाइलें डाउनलोड करनी हों या सफर से पहले अपनी पसंदीदा मूवी स्ट्रीम करनी हो, महानगरों जैसी सुविधाएं अब पटना में केंद्रीय मंत्री ने उद्घाटन के दौरान जोर देकर कहा कि देश में हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 165 हो गई है. उड़ान योजना के तहत हवाई सेवाओं का विस्तार अब सिर्फ बड़े महानगरों तक सीमित नहीं0 है

## बनारस की तरह गंगा महाआरती अब बिहार में भी, इन दो घाटों के लिए टेंडर जारी

**पटना (एजेंसी)** : बनारस की तरह गंगा महाआरती अब बिहार में भी होगी. पहले फेज में पटना के दो घाटों को चुना गया है. इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है और अब उद्यमियों से प्रस्ताव मांगा गया है. पटना के बाद अन्य जिलों में भी गंगा घाटों पर महाआरती की योजना बनाई जा रही है. बनारस की बात हो और गंगा घाट पर महाआरती का जिक्र ना हो, ऐसा तो हो नहीं सकता है. बिहार या फिर दूसरों राज्यों से लोग भव्य गंगा आरती देखने के लिए बनारस पहुंचते हैं. ऐसे में अब बिहार में भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने के लिए मिलने वाला है. अब बिहार में बनारस की तरह ही गंगा घाटों पर महाआरती की जाएगी. बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (बीएसटीडीसी) की ओर से आयोजन किया जाएगा. पटना के किन दो घाटों को चुना गया? जानकारी के मुताबिक, पहले चरण में पटना के दो गंगा घाटों पर महाआरती होगी. निगम प्रशासन की ओर से पटनासिटी स्थित मित्तन घाट और दीघा स्थित पर्यटन घाट को चुना गया है. इन घाटों पर गंगा महाआरती के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है. इसके साथ ही उद्यमियों से प्रस्ताव मांगा गया है. इन जिलों के लिए भी बनाई जा रही योजना इनमें टेंडर भरने वाले को एक लाख रुपए सुरक्षित राशि जमा करने, घाट की सजावट, पूजा के सामान, ब्राह्मण की व्यवस्था, साउंट सिस्टम समेत अन्य व्यवस्थाओं का इंतजाम करना होगा. प्रस्ताव आने के बाद सब कुछ तय कर दिया जाएगा. पटना में गंगा महाआरती की शुरूआत के बाद अन्य जिलों जैसे कि भागलपुर और बक्सर में भी गंगा घाटों पर महाआरती की योजना बनाई जा रही है. क्या है बिहार में गंगा घाट पर महाआरती का उद्देश्य? इसके पीछे लोगों की श्रद्धा को महत्व देने के साथ-साथ राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देना भी उद्देश्य है.

## बिहार में जाम की झंझट दूर करने के लिए विभाग ने की प्लानिंग, बनाया जाएगा रूट चार्ट



**पटना (एजेंसी)** बिहार में जाम की झंझट दूर करने के लिए परिवहन विभाग की ओर से खास प्लानिंग की गई है. गाड़ियों का अब रूट चार्ट तैयार किया जाएगा. इसके साथ ही छोटी-बड़ी गैड़ियों के रूट में बदलाव किया जाएगा. बिहार में कई सारे रोड प्रोजेक्ट्स पर काम किए जा रहे हैं ताकि जाम की झंझट से लोगों को छुटकारा मिल सके. काफी हद तक लोगों को राहत भी मिली है लेकिन परेशानी अब भी कहीं ना कहीं बनी हुई है. शहरों में सुबह और शाम स्कूल और ऑफिस के समय पर जाम अधिक लग रहा है. ऐसे में परिवहन विभाग जाम से छुटकारा पाने के लिए राज्य में सार्वजनिक परिवहन के स्टॉपिज के लिए पहले से चिह्नित जगहों में बदलाव करेगा. दूसरे राज्यों की तर्ज पर बिहार में गाड़ियों के लिए एक रूट चार्ट भी बनाया जाएगा, ताकि लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके. परिवहन विभाग ने निर्णय लिया है कि राज्य में रूट प्लान बनाकर छोटी-बड़ी गाड़ियों के रूट में बदलाव किया जाएगा. सड़कों पर चलने वाली गाड़ियों में सबसे अधिक बाइक, कार, ऑटो, ट्रैक्टर, ट्रक और ट्रेलर की संख्या है. जिनकी वजह से हर चौके-चौराहे पर जाम की स्थिति हर दिन बनी रहती है. गाड़ियों के रूट में किया जाएगा बदलाव विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, जाम से छुटकारा के लिए परिवहन विभाग या यातायात पुलिस के पास एक निश्चित रूट प्लान नहीं है. जानकारी के मुताबिक गोरखपुर, हैदराबाद, कटक और बेंगलुरु जैसे शहरों में रूट प्लान बना हुआ है. बड़ी गाडियों को शहर में नहीं आने दिया जाता है. छोटी गाड़ियां किन-किन सड़कों पर चल पायेंगी, इसका पूरा प्लान है. विभाग ने दिया ये आदेश विभाग के मुताबिक पहले से बने स्टॉपिज को जरूरत पड़ने पर हटा कर दूसरे जगहों पर शिफ्ट किया जाएगा. विभाग ने इसको लेकर सभी जिलों को दिशा-निर्देश भेजा है. विभाग ने कहा है कि शहरों और सड़कों को जाम मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया जाएगा. जबकि पहले से बने स्टॉप के कारण जाम की समस्या है, तो उसे दूसरे जगह पर शिफ्ट करें. परिवहन विभाग की प्लानिंग से जुड़ी जरूरी बातें दूसरे बड़े राज्यों (जैसे हैदराबाद और बेंगलुरु) की तर्ज पर अब बिहार में भी गाड़ियों के लिए एक निश्चित रूट चार्ट तैयार किया जाएगा, ताकि यातायात व्यवस्थित हो सके. पुराने और अनुपयुक्त बस स्टॉपिज को चिह्नित कर उन्हें नई जगहों पर शिफ्ट किया जाएगा, जिससे रोड पर गाड़ियों की लाइन न लगे और जाम से मुक्ति मिले.

## जंक्शन से एयरपोर्ट तक बदलेगा पटना, हरियाली, लाइटिंग और फाउंटेन से चमकेगी राजधानी



**पटना (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना अब नए रूप में नजर आने वाली है. चाहे आप पटना जंक्शन से शहर में दाखिल हों या एयरपोर्ट से बाहर निकलें. हर रास्ते पर हरियाली, जगमग लाइटिंग और आधुनिक सुविधाओं से सजा चकाचक पटना आपका स्वागत करेगा. नगर निगम और संबंधित एजेंसियों की संयुक्त योजना के तहत शहर की छवि बदलने के लिए बड़े पैमाने पर सुंदरीकरण और विकास कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाएंगे. बिहार की राजधानी पटना अब अपनी पुरानी पहचान छोड़कर एक ह्यग्लोबल सिटीह्व के रूप में सजने जा रही है. बिहार सरकार और नगर निगम ने एक ऐसा मास्टर प्लान तैयार किया है, जिससे पटना जंक्शन से लेकर एयरपोर्ट तक का रास्ता न सिर्फ अतिक्रमण मुक्त होगा, बल्कि रात के वक्त दूधिया रोशनी और फाउंटेन की फुहारों से जगमगाएगा. बजट में इसके लिए करोड़ों की राशि आवंटित कर दी गई है, जो शहर की सूरत और सीरत दोनों बदल देगी. जंक्शन से निकलते ही बदलेगा पहला नजारा पटना जंक्शन से बाहर निकलते ही जो पहली तस्वीर जेहन में आती है, वह है बेतरतीब दुकानें और भीड़भाड़. अब यह बदलने वाला है. जीपीओ से लेकर स्टेशन गोलंबर तक के पूरे इलाके को ह्यमल्टी मॉडल हबह्व के तौर पर विकसित किया जा रहा है. न्यू मार्केट का कायाकल्प कर वहां एक बहुमंजिला इमारत बनाई जाएगी, जिसमें व्यवस्थित दुकानों के साथ-साथ एक शानदार रेस्तरां और छोटा पार्क भी होगा. जंक्शन के ठीक सामने बन रहा तिकोना पार्क सैलानियों के लिए पहला सेल्फी पॉइंटह्व बनेगा, जिससे स्टेशन से बाहर निकलते ही आपको एक व्यवस्थित और सुंदर शहर का अहसास होगा. फाउंटेन सिटी बनने की ओर बढ़ता पटना मेयर सीता साहू के विजन के अनुसार, पटना को फाउंटेन सिटी के रूप में पहचान दिलाई जाएगी. शहर के प्रमुख गोलंबरों पर दर्जनों नए फाउंटेन (फव्वारे) लगाए जा रहे हैं. जिससे सूर्यास्त के बाद पूरी राजधानी रोशनी से नहाई हुई दिखेगी. गंगा घाटों से लेकर शहर के भीतरी इलाकों तक हरियाली बढ़ाने के लिए विशेष ग्रीन प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो गया है. सरकार की कोशिश है कि आम नागरिक भी इस मुहिम से जुड़ें और पटना को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें. हरियाली, लाइटिंग और तालाबों पर खास फोकस इस पूरे मास्टर प्लान में हरियाली बढ़ाने, तालाबों के पुनर्विकास और आधुनिक स्ट्रीट लाइटिंग पर खास ध्यान दिया गया है. शहर में ऑटोमेशन और स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम लागू किए जाएंगे

## बिहार में हीटवेव को लेकर अलर्ट, जानिए स्वास्थ्य विभाग की तैयारी



**पटना (एजेंसी)** बिहार में फिलहाल मौसम सुहावना बना हुआ है. कुछ जिलों में हल्की बारिश की वजह से ज्यादा गर्मी लोगों को नहीं झेलना पड़ रहा. लेकिन कुछ दिनों बाद हीटवेव जैसी स्थिति होने की संभावना है. ऐसे में स्वास्थ्य विभाग पहले ही अलर्ट हो गया है और तैयारी शुरू कर दी गई है. : स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि राज्य में बढ़ती गर्मी और हीट वेव के संभावित खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं. राज्य में राष्ट्रीय जलवायु-परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बनाए गए प्लान के बेहतर इंप्लीमेंटेशन पर विशेष जोर दिया जा रहा है. जलवायु परिवर्तन और लगातार बढ़ते तापमान के कारण गर्मी संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ा है. स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया आदेश इसमें डिहाइड्रेशन, सिरदर्द, लू, हीट क्रैम्पस सहित ब्रेन स्ट्रोक जैसी स्वास्थ्य समस्याएं शामिल हैं. इसको ध्यान में रखते हुए जिलों में अस्पताल की कैपेसिटी के अनुसार हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए कम से कम पांच डेडिकेटेड बेड की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं. साथ ही पर्याप्त दवाइयां, ओआरएस, आईस पैक, ठंडा पानी, एंटी डाइरियल ड्रग्स, पंखा, कूलर और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं. हेल्थ वर्कर्स का रोस्टर किया जाएगा तैयार प्रखंड स्तरीय अस्पतालों में तमाम लॉजिस्टिक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. जिला स्तर पर रैपिड रिस्पॉन्स टीम को एक्टिव किया गया है, ताकि इमरजेंसी में तुरंत इलाज सुनिश्चित हो सके. मंगल पांडेय ने यह भी कहा कि सभी अस्पतालों को गर्मी शुरू होने से पहले माइक्रोप्लान तैयार करने और हेल्थ वर्कर्स का रोस्टर बनाने का निर्देश दिया गया है. ओपीडी में आने वाले मरीजों की हीट वेव के लक्षणों की जांच अनिवार्य की गई है. फ्री परामर्श के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी साथ ही वेटिंग रूम में ठंडे पेयजल और कूलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. इसके अलावा हर एक स्वास्थ्य संस्थान में ओआरएस कॉर्नर बनाया जाएगा. जबकि प्रारंभिक सलाह के लिए 104 हेल्पलाइन के माध्यम से फ्री परामर्श लेने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा.

## पटना से नवी मुंबई के लिए पहली सीधी उड़ान शुरू, समर शेड्यूल भी लागू



**पटना (एजेंसी)** पटना एयरपोर्ट से पहली बार नवी मुंबई के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू हो गई है. इंडिगो की इस फ्लाइट ने रविवार को अपनी पहली उड़ान भरी, जिससे यात्रियों को अब मुंबई तक पहुंचने में कम समय और ज्यादा सुविधा मिलेगी. इसके साथ ही पटना एयरपोर्ट पर समर शेड्यूल भी लागू कर दिया गया है, जो 24 अक्तूबर तक प्रभावी रहेगा. पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पहली बार नवी मुंबई के लिए सीधी विमान सेवा शुरू हो गई है. यह न केवल व्यापारिक दृष्टिकोण से बड़ी खबर है, बल्कि उन हजारों प्रवासियों के लिए भी राहत की बात है जो मुंबई के इस नए हिस्से में रहते हैं. पहली फ्लाइट को मिला ह्यवाटर सैल्यूटह्व नवी मुंबई से आई इंडिगो की फ्लाइट ने जैसे ही पटना एयरपोर्ट पर लैंड किया, उसे पारंपरिक ह्यवाटर सैल्यूटह्व देकर स्वागत किया गया. इस विमान से 175 यात्री पटना पहुंचे. इसके बाद यही फ्लाइट 172 यात्रियों को लेकर नवी मुंबई के लिए रवाना हो गई. लगभग 2 घंटे 40 मिनट का यह सफर अब यात्रियों के लिए तेज और सुविधाजनक विकल्प बन गया है. समर शेड्यूल लागू, 24 अक्तूबर तक चलेगा पटना एयरपोर्ट पर रविवार से समर शेड्यूल भी लागू हो गया है. डीजीसीए की मंजूरी के बाद 48 जोड़ी फ्लाइट्स का संचालन तय किया गया है. इस शेड्यूल के तहत पटना से कई प्रमुख शहरों के लिए सीधी उड़ानें उपलब्ध हैं, हालांकि गुवाहाटी, जयपुर, भोपाल, वाराणसी, देवघर और अयोध्या के लिए अभी भी डायरेक्ट फ्लाइट नहीं है. पटना से अब दिल्ली, कोलकाता, रांची, नवी मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद, चेन्नई, लखनऊ, चंडीगढ़, पुणे, भुवनेश्वर, मुंबई और हैदराबाद जैसे शहरों के लिए सीधी उड़ानें उपलब्ध हैं. दिल्ली के लिए सुबह 8 बजे एयर इंडिया एक्सप्रेस की पहली फ्लाइट उड़ान भरती है. 74 से 165 तक पहुंचा हवाई अड्डों का आंकड़ा केंद्रीय मंत्री ने इस अवसर पर भारत के बढ़ते विमानन क्षेत्र की तस्वीर पेश की. उन्होंने बताया कि देश में हवाई अड्डों की संख्या अब दोगुनी से भी ज्यादा होकर 165 तक पहुंच गई है. ह्यउड़ानह्व योजना के तहत पटना जैसे टियर-2 शहरों को महानगरों से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है. पटना एयरपोर्ट के निदेशक सीपी द्विवेदी ने भी यात्रियों को आश्वस्त किया कि आने वाले दिनों में सेवाओं का और विस्तार किया जाएगा. अब पटना से दिल्ली के लिए पहली फ्लाइट सुबह 8 बजे से उपलब्ध होगी, जिससे यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी. केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने कहा कि देश में एयरपोर्ट्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है और हवाई सेवाएं अब छोटे शहरों तक पहुंच रही हैं. उड़ान योजना के जरिए कनेक्टिविटी मजबूत हो रही है, जिससे आम लोगों के लिए हवाई यात्रा आसान बन रही है.



# जिसमें मन को खुशी मिले वही काम करें

हर इंसान की पसंद, जरूरतें और प्राथमिकताएं दूसरे से अलग होती हैं। इसलिए दूसरों की बिन मांगी सलाह पर अमल करने के बजाय हमें वही करना चाहिए, जो खुद को सही लगे। मैंने दिल्ली विश्वविद्यालय से जूलॉजी में एमएससी किया था। मैं बचपन से ही पढ़ाई में काफी अच्छी थी और मुझे टीचिंग का प्रोफेशन बहुत पसंद था। मैं करियर को लेकर ज्यादा महत्वाकांक्षी नहीं हूं और न ही मेरे मन में ज्यादा पैसे कमाने की लालसा है। मेरे पैरेंट्स चाहते थे कि मैं आगे रिसर्च करूं और साइंटिस्ट बनूं। इसलिए उनका मन रखने के लिए मैंने रिसर्च के लिए बीएचयू में अप्लाई कर दिया था और वहां से बुलावा भी आ गया था। इसी बीच बरेली के एक कॉलेज में भी मुझे जॉब मिल गई जिसे छोड़कर मैं बनारस नहीं जाना चाहती थी।

तब परिवार के अलावा दोस्तों और पास-पड़ोस के लोगों ने मुझे बहुत समझाया कि ऐसे मौके बार-बार नहीं मिलते और इन्हें खोना मूर्खता होगी। तुम्हें आगे रिसर्च करना चाहिए। इससे भविष्य और उज्जवल होगा। इसके लिए मुझे लोगों से कई तरह की बातें सुनने को मिलीं, पर मैं अपने फैसले पर अडिग रही। मेरा मानना है कि हमें वही कार्य करना चाहिए, जिससे हमारे मन को सच्ची खुशी मिले। अब मैं अपने कार्य से पूरी तरह संतुष्ट हूं और मुझे अपने उस निर्णय पर जरा भी अफसोस नहीं है। मैं इस बात का पूरा यकीन करती हूं कि हर इंसान को अपने जीवन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण निर्णय खुद ही लेने चाहिए।

## ध्यान नहीं दिया व्यर्थ की बातों पर

मैंने शास्त्रीय संगीत में विशारद की उपाधि हासिल की है, पर शादी के बाद घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियों में व्यस्त हो गई। मैं जॉब करना चाहती थी, लोगों के सामने स्टेज पर गाना चाहती थी, जब भी मैं अपनी यह इच्छा जाहिर करती तो मेरे मायके-ससुराल वाले साथ मिलकर मुझे समझाने लगते कि ये सब बेकार की बातें हैं, बाहर की दुनिया स्त्रियों के लिए सुरक्षित नहीं है। अगर गाने का इतना ही शौक है तो घर पर ही रियाज कर लिया करो, लेकिन मैं अपनी पहचान बनाना चाहती थी। इसलिए मैंने लोगों की बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। अपनी सारी पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाते हुए शहर की कुछ सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर मैंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गाना शुरू कर दिया। आज जब लोग मेरे गायन की प्रशंसा करते हैं तो इससे मुझे सच्ची आत्म-संतुष्टि मिलती है। इतना ही नहीं, अब पारिवार के लोग भी मेरी इस कामयाबी पर गर्व करते हैं।

## इन सात मंत्रों से रहा जा सकता है खुश

- अपनी सोच हमेशा सकारात्मक रखें। साथ ही प्रतिदिन अपने व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें। याद रखें, जिंदगी में कुछ भी असंभव नहीं है, बस पूरी शक्ति के साथ प्रयास करने की जरूरत है। नकारात्मक सोच रखने से न केवल हमारा आत्मविश्वास कमजोर होता है, बल्कि हमारा स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है।
- पुरानी यादों और बातों को भूलकर वर्तमान पर अपना ध्यान केंद्रित करें। याद रखें यदि आप सिर्फ पुरानी यादों और बातों के बारे में सोचती रहेंगी तो वर्तमान का सुख उठाने से वंचित रह जाएंगी।
- जिस जगह या स्थान में जाने पर आपके मन को सुकून मिलता हो, ऐसी जगह पर बार-बार जाएं, लेकिन जहां जाने पर आपका मन दुखी हो जाता हो, वहां बिल्कुल न जाएं।
- जब भी मौका मिले मनपसंद संगीत सुनें। कई शोध-अध्ययनों से यह बात साबित हो चुकी है कि पसंदीदा संगीत तनाव के स्तर को काफी कम कर देता है।
- न किसी ने सही कहा कि किसी को नाराज करने में एक मिनट का भी समय नहीं लगता, लेकिन किसी को हंसाने में घंटों बीत जाते हैं। इसलिए स्वयं भी हंसें और दूसरों को भी हंसने का अवसर प्रदान करें।
- आप जो खाती हैं वही आपके चेहरे और शरीर से झलकता है। खानपान या रहन-सहन में थोड़ी-सी लापरवाही का असर सीधा आपके स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसलिए अपने खानपान पर पर्याप्त ध्यान दें। मौसमी सब्जियों और फलों का नियमित सेवन करें। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि आपका खानपान कलरफुल हो अर्थात आपके भोजन में हर रंग का समावेश होना चाहिए।
- विशेषज्ञों का कहना है कि संतुलित डाइट से आप हमेशा फिर रह सकती हैं। न चेहरे पर रौनक तभी आती है, जब आपके शरीर को पूर्ण विश्राम मिले। इसके लिए जरूरी है कि पर्याप्त नींद लें। पर्याप्त नींद लेने से न केवल चेहरे पर चमक आती है, बल्कि स्वास्थ्य भी सही रहता है।





# स्ट्रीट शॉपिंग में अच्छी बार्गेनिंग के लिए फॉलो करें ये स्मार्ट ट्रिक्स

**स्ट्रीट शॉपिंग में सही बार्गेनिंग करने के लिए आप कुछ आसान ट्रिक्स को फॉलो कर सकती हैं और अच्छे सामान सही दामों में खरीद भी सकती हैं।**

दिल्ली की सरोजिनी नगर मार्केट हो या फिर मुंबई की लिंकिंग रोड मार्केट, भला किसे सस्ते दामों में अच्छे सामान की शॉपिंग करना अच्छा नहीं लगता है। यूं कहा जाए कि स्ट्रीट शॉपिंग कई लोगों की जरूरत नहीं बल्कि शौक होता है। दरअसल स्ट्रीट मार्केट ऐसे मार्केट होती है जिसमें कई तरह की अच्छी और ब्रांडेड चीजें भी सही दामों में मिल जाती हैं। जब भी स्ट्रीट शॉपिंग की बात आती है तब आप में से कई लोग दुकानदार के बताए दामों पर ही चीजें खरीद लेते होंगे और कई लोग दाम कम कराने के लिए अच्छी बार्गेनिंग भी करते होंगे।

इस तरह की मार्केट में कई बार दुकानदार किसी भी सामान के दाम मनचाहे ढंग से बताते हैं और अगर आपने ठीक तरह से बार्गेनिंग नहीं की तो वो आपको सस्ते दामों वाले सामान भी ज्यादा दामों पर बेच सकते हैं। इसलिए स्ट्रीट शॉपिंग में आपको अच्छी बार्गेनिंग की जरूरत होती है जिससे आप सही सामन उचित दामों में खरीद सकें। अगर आपको बार्गेनिंग नहीं आती है तो आप कुछ स्मार्ट ट्रिक्स से स्ट्रीट शॉपिंग में बार्गेनिंग कर सकते हैं।

## कई दुकानों और स्टालों की जांच करें

आप चाहे दिल्ली की सरोजिनी नगर में स्ट्रीट शॉपिंग कर रही हों या गोवा की फ्ली मार्केट में सामान खरीद रही हों, सबसे पहले आपको किसी एक सामान के लिए कई अलग -अलग स्टालों की जांच करनी चाहिए। ऐसा करके आप देखेंगे कि अधिकांश दुकानों और स्टालों में एक ही तरह के कपड़े और सामान हो सकते हैं। कई बार किसी कपड़े का पैटर्न, प्रिंट, कलर सब लगभग एक जैसा ही होता है लेकिन उनके दाम अलग होते हैं ऐसे में अगर आपको कोई ऐसी चीज मिलती है जो आपको पसंद है, तो कई दुकानों से उसके दाम पता करें। इससे आपको यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि क्या कोई दुकानदार कीमत को ज्यादा बढ़ाने की कोशिश कर रहा था। सामान्य तौर पर मार्केट की छोटी दुकानों की तुलना में सड़क के किनारे के स्टालों की दरें हमेशा सस्ती होंगी आप सही कीमत के हिसाब से बार्गेनिंग करके शॉपिंग करें।

## थोड़ा झूठ भी है जरूरी

स्ट्रीट शॉपिंग के समय आपके लिए थोड़ा झूठ बोलना भी अच्छा होता है। यदि आप चाहते हैं कि दुकानदार आपको गंभीरता से ले, तो आपको यह दिखाना होगा कि आप अलग-अलग जगह और कीमतों से परिचित हैं। आप स्ट्रीट शॉपिंग दुकानदार से यह कह सकते हैं कि आप उस खास जगह और बाजारों में अच्छी तरह से खरीदारी करते हैं और आप हर एक सामान के सही दामों से परिचित हैं। ये स्मार्ट बार्गेनिंग ट्रिक आपको सस्ते दामों में अच्छी चीजें दिला सकती है।

## अपने एक्सप्रेशन को न्यूट्रल रखें

कई बार आपको स्ट्रीट शॉपिंग में कोई ऐसा सामान मिल जाता है जो आपकी पसंद का होता है और आप उसे बहुत दिनों से ढूढ़ रहे होते हैं। ऐसे में उस सामान को देखकर ज्यादा एक्साइटेड होने की बजाय अपने एक्सप्रेशन को न्यूट्रल रखें। कभी भी दुकानदार के सामने ये न जटाएं कि आपको किसी सामान की बहुत ज्यादा जरूरत है। अगर दुकानदार आपकी जरूरत को समझ जाता है तो वो बढ़ चढ़ कर दाम बताता है। इसलिए आपका न्यूट्रल रिएक्शन बार्गेनिंग में मदद कर सकता है।



## दुकानदार की कीमत का आधा दाम बताएं

कुछ मामलों में यह बेतुका लग सकता है, लेकिन हमेशा जब भी आओ स्ट्रीट शॉपिंग कर रहे हों तब आप दुकानदार द्वारा बताए दाम का लगभग 50-60% कम करने से आप उस कीमत के करीब पहुंच जाते हैं, जो वास्तव में उस सामान की कीमत है। दरअसल स्ट्रीट शॉपिंग में दुकानदार अपनी इच्छा से दाम बढ़ा देते हैं जो बार्गेनिंग से कम किये जा सकते हैं।

## चीजों में ढूढें डिफेक्ट

जब आप स्ट्रीट शॉपिंग के लिए जाएं तो किसी भी सामान में कोई ऐसा डिफेक्ट ढूंढने की कोशिश करें जो वास्तव में डिफेक्ट न होकर उस कपड़े का डिजाइन या कलर ही हो। लेकिन आप डिफेक्ट के नाम पर अच्छी बार्गेनिंग करके स्ट्रीट शॉपिंग (भारत के इन राज्यों में उठाएं स्ट्रीट मार्केट का मजा) में चीजों के दाम कम करा सकती हैं। स्ट्रीट मार्केट में मिलने वाले बहुत से कपड़े वास्तव में ऐसे होते हैं जो होल सेल से आते हैं और इसमें कोई बहुत छोटा सा डिफेक्ट भी हो सकता है जैसे बटन का ढीला होना या किसी जगह की सिलाई खुलना। सामान सेलेक्ट करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आप उसके हर इंच को स्कैन कर लें। यदि डिफेक्ट ज्यादा बड़ा नहीं है तो आप इसके दाम कम करा सकते हैं। वास्तव में यह एक स्मार्ट बार्गेनिंग ट्रिक है।

# मेहंदी का रंग चढ़ेगा गहरा जानिए आसान तरीके

महिलाएं 16 श्रंगार करती है, सजती - संवरती है। उन्हीं में से मेहंदी भी श्रंगार का ही हिस्सा है। इसके बिना तीज त्योहार या किसी भी प्रकार का पर्व पूरा नहीं होता है। लेकिन बदलते दौर में मेहंदी के रंग भी फीके पड़ने लगे हैं। कुछ नुस्खें है जिन्हें फॉलो कर आप अपनी मेहंदी का रंग गहरा कर सकती हो। तो आइए जानते हैं 5 आसान से टिप्स -

- मेहंदी को घोलते समय उसमे में सादा पानी नहीं मिलाते हुए चाय की पत्ती का पानी डालें। इसे बनाने के लिए तपेली में एक कप पानी रखें,उसमे पत्ती डाल दें। पानी को थोड़ी देर उबाल लें और ठंडा होने के बाद उससे मेहंदी घोल लें।
- मेहंदी घोलने से पहले मेहंदी में ही तेल डाल दें। इससे मेहंदी का कलर एक जैसा आता है। वहीं मेहंदी हल्की सी सुख जाने के बाद एक कटोरी में पानी लेकर उसमें शक्कर डाल दें। इसके बाद रूई की मदद से मेहंदी पर लगाएं। कलर अच्छा आएगा।
- मेहंदी सूखने के बाद आप रूई की मदद से अचार का तेल भी लगा सकते हैं। इससे मेहंदी का कलर खूब जमेगा।
- मेहंदी सूखने के बाद आप इसे हटा देते हैं, और लेकिन पानी से हाथ नहीं धोएं। इसके पहले थोड़ी देर के लिए घरेलू बाम का इस्तेमाल करें। अपने हाथों पर हल्के हाथों से लगा लें। ध्यान रहे उंगलियों के पोरस पर नहीं लगाएं। ताकि गलती से आंख में नहीं लग जाएं।
- मेहंदी सूखने के बाद रूई की मदद से हल्के हाथों से मेहंदी का तेल लगा लें। इसके बाद करीब 3 घंटे तक हाथों पर पानी नहीं लगाएं। फिर देखिए कितना गहरा रंग आता है।





# कैसा होना चाहिए बच्चे का पूरे हफ्ते का डाइट चार्ट

**सही डेवलपमेंट और ग्रोथ के लिए बच्चे को अच्छी डाइट की जरूरत होती है। अगर आप बच्चे को उसकी उम्र के हिसाब से खाना खिलाएं, तो इससे उसके विकास में काफी मदद मिलती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बता रहे हैं कि ढाई साल के बच्चे का हफ्तेभर का डाइट चार्ट कैसा होना चाहिए।**

## सोमवार का भोजन चार्ट

ढाई साल के बच्चे को सुबह 7 से 8 बजे एक कप दूध में ड्राई फ्रूट्स के साथ एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में 830 से 930 बजे के बीच बच्चे को नारियल की चटनी के साथ एक डोसा खिलाएं। इसके कुछ देर बाद 11 से 1130 बजे बच्चे को चुकंदर और गाजर का एक कप सूप पिलाएं। 1 से 2 बजे के बीच बच्चे का लंच करवाना है जिसमें उसे आधा कप हरी मटर के चावल और आधा कप चिकन करी खिलानी है। वेजिटेरियन हैं तो आधा कप चावल, आधा कप सहजन की दाल में एक चम्मच घी डालकर और आधा कप दही दें। शाम को 430 से 530 बजे बच्चे को पनीर सैंडविच दें और फिर रात को 730 से 8.15 बजे डिनर में एक मटर का परांठा और आधा कप दही खिलाएं।

## मंगलवार की डाइट

सुबह बच्चे को एक कप दूध में बादाम और एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। नाश्ते में बच्चे को सेरेलेक खिला सकती हैं। इसके थोड़ी देर बाद एक वेज रोज और आधा कप तरबूज खिलाना है। लंच में आधा कप वेज पुलाव और आधा कप रायता खिलाएं। शाम को एक कप मैंगो जूस पिलाएं। अब डिनर में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप चुकंदर की सब्जी दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## बुधवार का खाना

25 साल के बच्चे को सुबह ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक इडली और दो चम्मच नारियल की चटनी खिलाएं। कुछ देर बाद एक कप संतरे का जूस पिलाना है। लंच में आधा कप चावल, आधा कप दाल पालक, एक चम्मच घी और आधा कप दही खिलानी है। इसके थोड़ी देर बाद एक रागी का लड्डू और एक केला खिलाएं। डिनर में बच्चे को आधा कप वेजिटेबल खिचड़ी के साथ आधा कप दही दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## बृहस्पतिवार का भोजन चार्ट

सुबह उठने के बाद बच्चे को एक कप केले के मिल्क शेक में एक चम्मच शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। कुछ देर बाद बच्चे को आधा कप मिक्स वेज सूप और आधा कप अनानास खिलाना है। दोपहर को लंच में आधा कप मिक्स वेजिटेबल राइस और आधा कप दाल फ्राई खिलाएं। लंच के बाद एक बेसन का लड्डू और आधा कप खरबूजा खिलाएं। डिनर में आधा कप वेज नूडल्स दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## शुक्रवार का डाइट चार्ट

शुक्रवार को सुबह नाश्ते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक कप पोहा खिलाएं। फिर थोड़ी देर बाद एक संतरा देना है। बच्चे को लंच में आधा कप चावल, आधा कप लौकी की दाल और एक चम्मच घी डालकर खिलाएं। शाम को एक वेज कटलेट के साथ आधा कप लस्सी पिलाएं। रात को डिनर में एक परांठा और आधा कप दाल फ्राई में एक चम्मच घी डालकर परोसें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## शनिवार का खाना कैसा रखें

सुबह नाश्ते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। थोड़ी देर बाद एक कप पपीता और 4 से 5 खजूर खिलाएं। लंच में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप गाजर और आलू की सब्जी दें। शाम को एक कप गाजर का सूप पिलाएं। रात को डिनर में आधा कप वेजिटेबल पास्ता खिलाएं। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।



# आईपीएल में आज होगा गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स का मुकाबला

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को गुजरात टाइटंस का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। इस मैच से दोनो ही टीमें अपने अभियान को शुरु रही हैं और ऐसे में दोनो का ही प्रयास जीत हासिल करना रहेगा। गुजरात की कप्तानी शुभमन गिल जबकि पंजाब की श्रेयस अय्यर संभालेंगे। पंजाब की टीम पिछली बार श्रेयस की कप्तानी में फाइनल तक पहुंच थी, ऐसे में उनका लक्ष्य इस बार टीम को जीत दिलाना रहेगा। वहीं दूसरी और गुजरात का प्रदर्शन पिछली बार अच्छा नहीं रहा था, ऐसे में शुभमन इस बार टीम को जीत दिलाने के पूरे प्रयास करेंगे। शुभमन का लक्ष्य बेहतर बल्लेबाजी कर ये दिखाना भी रहेगा कि वह टी20 में भी एक अच्छे बल्लेबाज हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच कुल 6 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से दोनो ही टीमों ने 3-3 मुकाबले जीते हैं। पिछले सत्र में पंजाब जीती थी और इस बार गुजरात उस हार का बदला लेना चाहेगी। पंजाब को इस मैच में घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। पंजाब की बल्लेबाजी श्रेयस के अलावा प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस और निहाल वढ़ेरा पर रहेगी। वहीं गुजरात की बल्लेबाजी शुभमन गिल के अलावा साइ सुदर्शन, जोस बटलर पर आधारित रहेगी। गुजरात ने इस बार अनुभवी ऑलराउंडर जेसन होल्डर के अलावा टॉम बैंटन, ल्यूक वुड जैसे खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया। जिसका उसे कितना लाभ मिलता है ये देखना होगा। उसके पास राशिद खान जैसे स्टार स्पिनर भी हैं। 18 करोड़ रुपये और गिल को 16.5 करोड़ रुपये में रिटेन किया था।

शुभमन गिल का टी20 करियर का स्ट्राइक रेट 138 है लेकिन पिछले साल उन्होंने 155 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। हार्दिक पंड्या के जाने के बाद से गिल ने कप्तानी की जिम्मेदारी अच्छी तरह से संभाली है। अपने पदार्पण वर्ष 2022 में खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस पिछले साल तीसरे स्थान पर रही। एक बार फिर टीम काफी संतुलित लग रही है। सलामी बल्लेबाज गिल और साइ सुदर्शन सबसे बड़ी ताकत हैं। सुदर्शन ने पिछले सत्र में सर्वाधिक 759 रन बनाए थे। वह पसली के फ्रेक्चर से उबरकर लौट रहे हैं लेकिन घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात के पास विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र जैसे विकल्प भी हैं जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 160 से ऊपर की




स्ट्राइक रेट से रन बनाये थे।

दूसरी ओर पंजाब किंग्स के लिए एक बार फिर श्रेयस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा जो तीन अलग अलग टीमों को आईपीएल फाइनल तक ले जा चुके हैं। उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स 2020 में और पंजाब पिछले सत्र में फाइनल तक पहुंची जबकि केकेआर ने 2024 में खिताब जीता था। पिछले सत्र में उन्होंने 175 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 604 रन बनाए थे। पंजाब का मजबूत पक्ष सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं।। वहीं मध्यक्रम में उसके पास निहाल वढेरा, शशांक सिंह और सूर्यांश शेडगे जैसे खिलाड़ी हैं। वहीं गेंदबाजी की कमान हरप्रीत बरार , मार्को यानसेन के पास रहेगी। पंजाब ने कूपर कोनोली को ऑलराउंडर के रूप में टीम में शामिल किया था पर वह पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे, जिससे टीम को एक अतिरिक्त गेंदबाज खिलाना पड़ सकता है। इससे टीम का बल्लेबाजी गेंदबाजी संतुलन बाधित हो सकता है जिससे टीम किस प्रकार निपटती है ये देखना होगा।

### टीम इस प्रकार है

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), निहाल वढेरा, विष्णु विनोद, हरनूर पन्नू , पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बरार , मार्को यानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, प्रियांश आर्य, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाख विजयकुमार, यश ठाकुर, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे और विशाल निषाद।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साइ सुदर्शन, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, टॉम बेंटोन, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधू, वॉशिंगटन सुंदर , मोहम्मद अरशद खान, साइ किशोर, जयंत यादव, जैसन होल्डर, राहुल तेवतिया, शाहरूख खान, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुतार, गुरनूर सिंह बरार, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, कुलवंत हेजरोलिया, राशिद खान।

# जैनिक सिनर ने जीता मियामी ओपन का खिताब, फाइनल में जिरी लेहेका को हराया



**मियामी (एजेंसी)।** मियामी, 30 मार्च (वेब वार्ता)। इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने मियामी ओपन का खिताब जीत लिया है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को 6-4, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ ही सिनर ने 'सनशाइन डबल' भी पूरा किया।

जैनिक सिनर फाइनल में जिरी लेहेका को 6-4, 6-4 से हराकर 2017 में रोजर फेडरर के बाद एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। इसके अलावा, सिनर दोनों इवेंट्स में एक भी सेट गंवाए बिना यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। 24 साल के सिनर ने अपने करियर में पहली बार इंडियन वेल्स जीता और 'सनशाइन डबल' जीतने वाले आठवें पुरुष खिलाड़ी बने। नोवाक जोकोविच और फेडरर ने कई मौकों पर यह उपलब्धि हासिल की है।

जिम कूरियर (1991), माइकल चांग (1992), पीट सम्प्रास (1994), मार्सेलो रियोस (1998), आंद्रे अगासी (2001), रोजर फेडरर (2005-06) और नोवाक जोकोविच (2011, 2014-16) वो खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने सिनर से पहले सनशाइन डबल पूरा किया है। इस खास उपलब्धि को हासिल करने के बाद सिनर ने कहा, ÷यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैंने कभी (जीतने) नहीं सोचा होगा, क्योंकि इसे हासिल करना मुश्किल है। मैं अपनी इस उपलब्धि से बेहद खुश हूं।÷ सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 34 सेट जीतकर अपना शानदार रिकॉर्ड भी बढ़ाया, जो पिछले साल के पेरिस मास्टर्स की शुरुआत से जारी है। एटीपी विन/लॉस इंडेक्स के मुताबिक, इस सीजन में उनका रिकॉर्ड 19-2 हो गया है।

शनिवार को महिला मियामी ओपन का खिताब आर्यना सबालेंका ने जीता। उन्होंने भी सिनर की तरह अपना 'सनशाइन डबल' पूरा किया। यह महज चौथी बार है जब एटीपी खिलाड़ी और डब्ल्यूटीए खिलाड़ी ने एक ही साल में सनशाइन डबल पूरा किया है। सबसे पहली बार यह कारनामा साल 1994 में हुआ था। सैम्प्रास और स्टेफी ग्राफ ने इंडियन वेल्स और मियामी ओपन में जीत हासिल की थी।

वहीं, 2005 में फेडरर और किम क्लिस्टर्स ने यह खास उपलब्धि हासिल की थी, जबकि 2016 में जोकोविच और विक्टोरिया अजारेंका ने 'सनशाइन डबल' पूरा किया था। एटीपी रैंकिंग में सिनर अब कार्लोस अल्काराज से 1,190 प्वाइंट पीछे हैं। दूसरी ओर, 24 वर्षीय लेहेका अपने करियर के पहले एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचे थे।

# हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला नेशनल कोचिंग कैंप के लिए 31 सदस्यीय दल घोषित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम के आगामी अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों को देखते हुए अगले माह 1 से 9 अप्रैल 2026 नेशनल कोचिंग कैंप आयोजित किया है। इस कैंप के लिए 31 सदस्यीय भारतीय दल का चयन किया गया है। इस कैंप के लिए गोलकीपिंग इकाई में सविता, माधुरी किंडो, बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम हैं। वहीं डिफेंस लाइनअप में निक्की प्रधान और उदिता जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को रखा गया है। इसके साथ ही इशिका चौधरी, ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी और शिल्पी डबास भी हैं, जो बैक में काफी गहराई देती हैं। मिडफील्ड में कैप्टन सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरामबम, मनीषा चौहान, वैष्णवी विट्ठल फाल्के और नेहा हैं। इनके साथ-साथ सुनीता टोप्पो और इशिका जैसे उभरते हुए टैलेंट का साथ मिला। फॉरवर्ड लाइन में नवनीत कौर शामिल हैं। इसके साथ ही दीपिका, लालरेमसियामी, मुमताज खान, दीपिका सोरेंग, रुतजा दादासो पिसल, बलजीत कौर, अन्नू, ब्यूटी डुंगडुंग, हिना बानो, सोनम और संगीता कुमारी भी हैं। इस कोचिंग कैंप में खिलाड़ियों के फिटनेस स्तर को बेहतर बनाने, टीम संयोजन तैयार करने और रणनीतिक कौशल को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। टीम नए कोच शोर्ड मारिन के मार्गदर्शन में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम का इस साल व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है। टीम जून में एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 में हिस्सा लेगी, इसके बाद अगस्त में महिला विश्व कप और फिर 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान में होने वाले एशियाई खेलों में उतरेगी। यही कारण है कि इस कैंप का महत्व काफी अहम होगा।

**कैंप के लिए भारतीय दल**

गोलकीपरः सविता, माधुरी किंडो, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी

डिफेंडरः निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी, ज्योति, उदिता, शिल्पी डबास

मिडफील्डरः सुशीला चानू पुखरामबम, मनीषा चौहान, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे, नेहा, इशिका

# जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान निकी प्रसाद के साथ किया करार

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय समूह जेएसडब्ल्यू ग्रुप की खेल शाखा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने भारत की आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप 2025 विजेता टीम की कप्तान निकी प्रसाद के साथ करार करने की घोषणा की है। महज़ 20 वर्ष की उम्र में निकी ने अपने उत्कृष्ट नेतृत्व और लगातार शानदार प्रदर्शन से खुद को भविष्य की एक बड़ी स्टार खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है।

एक शांत और संयमित लीडर के रूप में निकी ने मात्र नौ वर्ष की आयु में अंडर-16 स्तर पर पदार्पण किया और दो वर्षों के भीतर कर्नाटक की अंडर-19 टीम में जगह बना ली। 13 वर्ष की आयु में पेशेवर क्रिकेट में कदम रखने के बाद उन्होंने लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उन्होंने भारत को अंडर-19 एशिया कप जिताने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद मलेशिया में आयोजित वर्ल्ड कप में टीम की कप्तानी करते हुए खिताब दिलाया। वह महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करती हैं और पिछले दो सीज़न से इस फ्रेंचाइज़ी का हिस्सा रही हैं, जहां उन्हें उच्च स्तर के क्रिकेट का महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त हुआ है।

इस करार पर बात करते हुए जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के टैलेंट और ब्रांड कंसल्टिंग प्रमुख हिमांशु शर्मा ने कहा, 'निकी भारतीय क्रिकेट की नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिनमें कौशल, नेतृत्व और परिपक्वता का बेहतरीन संयोजन है। घरेलू क्रिकेट में पहचान बनाने से लेकर भारत को अंडर-19 वर्ल्ड कप जिताने तक उनकी यात्रा बेहद प्रेरणादायक रही है। इतनी कम उम्र में उनका संतुलन और टीम को प्रेरित करने की क्षमता उन्हें खास बनाती है। हमें विश्वास है कि वह भारतीय महिला क्रिकेट के भविष्य को आकार देने की क्षमता रखती हैं और हम उनके आगे के सफर में उनका साथ देने को लेकर उत्साहित हैं।'

अपनी खुशी व्यक्त करते हुए निकी प्रसाद ने कहा, 'जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स परिवार का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह मेरे लिए गर्व का क्षण है कि मैं ऐसी संस्था से जुड़ रही हूं, जिसने विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों को लगातार समर्थन और प्रोत्साहन दिया है। युवा प्रतिभाओं पर उनका भरोसा मुझे अपने करियर के अगले चरण के लिए आत्मविश्वास देता है। मैं जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ अपनी नई यात्रा शुरू करने और आने वाले अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए उत्साहित हूं।'

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ, निकी को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं, अनुभवी एथलीट मैनेजमेंट का मार्गदर्शन और समग्र करियर समर्थन मिलेगा, जिससे वह मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह अपनी प्रगति जारी रख सकेंगी। यह सहयोग उन्हें जूनियर स्तर की सफलता से सीनियर स्तर पर एक स्थाई और सफल करियर बनाने में मदद करेगा।

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ भारत



के कुछ सबसे सफल और उभरते क्रिकेटर जुड़े हुए हैं, जैसे जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, अक्षर पटेल, अंगक्रिश रघुवंशी और सूर्यांश शेडगे। निकी प्रसाद के जुड़ने से जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की क्षमता रखने वाली नई पीढ़ी के भारतीय खिलाड़ियों को पहचानने और उन्हें विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।

# 300 मैच खेलने वाली पहली फेंचाइजी टीम बनी मुंबई इंडियंस

मुम्बई । मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पहले ही मैच में उतरने के साथ ही अपने 300 मैच पूरे कर एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। अब मुम्बई की टीम आईपीएल में 300 मैच खेलने वाली पहली टीम बन गयी है। इस मैच में केकेआर के खिलाफ मुम्बई ने सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने के साथ ही जीत दर्ज कर एक नया रिकार्ड भी बनाया है। आईपीएल ही नहीं विश्व की कोई अन्य फेंचाइजी टीम 300 मैच नहीं खेल पायी है। कर मुम्बई ने केकेआर के खिलाफ मैच में उतरने के साथ ही अपना 278वां आईपीएल मैच खेला। वहीं इससे पहले उसने 22 मुकाबले चैंपियंस लीग टी20 में खेले थे। इस तरह अब तक कुल 300 टी20 मैच मुंबई इंडियंस ने खेलें हैं।

# रोहित ने पहले ही मैच में 550 छक्के पूरे किये, कई रिकार्ड भी अपने नाम किये



मुम्बई । मुम्बई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईपीएल 2026 सत्र के पहले ही मैच में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान ही अपने 550 छक्के लगा दिये। इस दौरान रोहित ने कई अन्य रिकार्ड भी बनाये। रोहित ने केवल 23 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। ये उनके आईपीएल करियर का सबसे तेज अर्धशतक भी रहा है। उन्होंने यह अर्धशतक पावरप्ले के अंदर ही पूरा कर लिया। इस पारी में तीन छक्के लगाते ही रोहित ने टी20 क्रिकेट में अपने 550 छक्के भी पूरे किये। इसके साथ ही वह टी20 में 500 से ज्यादाछक्के लगाने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी व विश्व के 9वें खिलाड़ी बन गये हैं। इस पारी के दौरान ही रोहित ने केकेआर के खिलाफ अपने 1100 रन पूरे कर लिए। इसी के साथ ही केकेआर के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले मुम्बई के खिलाड़ी बन गये हैं। रोहित शर्मा ने अपने आईपीएल करियर में 50वीं बार 50 से अधिक स्कोर बनाया। इसके साथ वह ऐसा करने वाले चौथे खिलाड़ी बने। विराट कोहली के बाद वह दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं जिसने इतने अधिक अर्धशतक लगाये हैं।

# टेलर-कैटरीना की जोड़ी ने जीता मियामी ओपन महिला डबल्स का खिताब

**मियामी (एजेंसी)।** अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने मियामी ओपन महिला डबल्स का खिताब अपने नाम किया। टेलर-कैटरीना की जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में इटली की सारा एरानी और जैस्मीन पाओलिनी की जोड़ी को 7-6 (0), 6-1 से हराया। इस जीत के साथ टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा 'सनशाइन डबल' पूरा करने वालीं साल 2019 के बाद पहली जोड़ी बन गई हैं।

साल 2019 में यह खास उपलब्धि एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका की जोड़ी ने हासिल की थी। टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी सनशाइन डबल पूरा करने वाली छठी महिला जोड़ी बनी है। इससे पहले यह मुकाम जाना नोवोत्ना और हेलेना सुकोवा (1990), लिसा रेमंड और रेने स्टब्स (2002), लिसा रेमंड और सामंथा स्टोसुर (2006, 2007), मार्टिना हिंगिस और सानिया मिर्जा (2015), एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका (2019) की जोड़ी हासिल कर चुकी हैं। नथासा जेवरवा (1997), हिंगिस (1999), और बेथानी माटेक-सैंड्स (2016) ने अलग-अलग पार्टनर के साथ एक ही साल में दोनों टूर्नामेंट जीते हैं।



टाउनसेंड और सिनियाकोवा ने एक साथ यह अपना पांचवां खिताब जीता है, जिसमें दो ग्रैंड स्लैम (2024 विंबलडन और 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन) शामिल हैं। इस जीत के बाद टाउनसेंड और सिनियाकोवा डबल्स रेस में एक स्थान ऊपर चढ़कर नंबर 3 पर पहुंच जाएंगी, जबकि एरानी और पाओलिनी नंबर 8 से नंबर 6 पर पहुंच सकती हैं।

ट्रॉफी वितरण के दौरान सिनियाकोवा ने टाउनसेंड का साथ खेलने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, ÷मेरे साथ खेलने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। इसलिए मेरे साथ खेलने और इस टूर्नामेंट को मजेदार बनाने के लिए धन्यवाद। मैं आपके साथ इस समय का सच में मजा ले रही हूं।÷ यह दोनों खिलाड़ियों का दूसरा मियामी फाइनल था। टाउनसेंड 2023 के फाइनल में लेयला फर्नांडीज के साथ पहुंची थीं और सिनियाकोवा 2018 के फाइनल में साथी चेकियाई बारबोरा क्रेजसिकोवा के साथ खेली थीं। वहीं, एरानी और पाओलिनी ने भी इंडियन वेल्स में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था और मियामी ओपन में रनर-अप बने, जिससे उनकी रैंकिंग में सुधार होने की उम्मीद है।

# मुंबई के खिलाफ ग्रीन ने गेंदबाजी क्यों नहीं की? रहाणे ने कहा- क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से पूछिए

**मुम्बई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कैमरुन ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने के सवाल पर कहा कि इस बारे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (CA) से पूछिए कि वह क्यों गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। ग्रीन ने टी-20 विश्व कप के बाद से ही गेंदबाजी नहीं की है। सोमवार को सीए ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि ग्रीन पीठ के निचले हिस्से की हल्की चोट से उबर रहे हैं और गेंदबाजी में वापसी की उनकी टाइमलाइन IPL से पहले ही KKR को बता दी गई थी।

CA के प्रवक्ता ने कहा, 'कैमरन के पीठ के निचले हिस्से में चोट है, जिसका ईलाज चल रहा है। उन्हें कुछ समय के लिए गेंदबाजी से दूर रहना होगा। वह इस समय भारत में धीरे-धीरे अपनी गेंदबाजी दबाव बढ़ा रहे हैं, ताकि करीब 10-12 दिनों में वापसी कर सकें। चयक्रको यह जानकारी दे दी गई है और वे इससे पूरी तरह वाकिफ हैं।' उल्लेखनीय है कि ग्रीन ने सितंबर 2024 से अक्तूबर 2025 तक 12 महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में गेंदबाजी नहीं की थी, क्योंकि उनकी पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर की सर्जरी हुई थी। कोलकाता नाइट राइडर्स ने ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा है। गेंदबाजी संयोजन के स्थिर न होने पर रहाणे ने कहा कि टीम अभी सही संतुलन तलाश रही है।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है जब ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी शुरू करेंगे, तो संयोजन थोड़ा अलग होगा। अभी हमें संतुलन देखना है और यह समझना है कि हमारे लिए कौन अच्छा गेंदबाजी कर सकता है। बल्लेबाजी में हमने अच्छा किया, लेकिन गेंद से सही संतुलन ढूंढना बहुत जरूरी है। उम्मीद है ग्रीन जल्द गेंदबाजी शुरू करेंगे, तब हम देख पाएंगे कि संयोजन सही बैठता है या नहीं।' KKR की मुश्किलें कई मुख्य तेज गेंदबाजो की गैरमौजूदगी से और बढ़ गई हैं, जिससे टीम को कम अनुभव वाले खिलाड़ियों पर निर्भर रहना पड़ा है। रहाणे ने इसे चुनौती भरा दौर बताया, लेकिन इसे टीम के अन्य खिलाड़ियों के लिए मौका भी कहा। MI के खिलाफ 6 विकेट की हार में उन्होंने ब्लेसिंग मुजरबानी, कार्तिक त्यागी और वैभव अरोड़ा को तेज गेंदबाज के तौर पर खिलाया, जबकि स्पिन की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती के साथ सुनील नारायण और अनुकूल रॉय ने संभाली। रहाणे ने कहा कि स्पिनर्स पर दबाव कम करने के लिए एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज होना जरूरी है, और सही संतुलन तभी बनेगा जब ग्रीन पूरी तरह योगदान दे पाएंगे।

# गेंद से छेड़छाड़ मामले में फखर जमान पर लग सकता है प्रतिबंध



लाहौर। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 में गेंद से छेड़छाड़ मामले में पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ी फखर जमान पर कम से कम एक मैच का प्रतिबंध लग सकता है। फखर जमान ने रविवार को पीएसएल 2026 के मैच में लाहौर कलंदर्स की कराची किंग्स के हाथों चार विकेट की हार के दौरान गेंद से छेड़छा की यह घटना सामने आई थी। यह घटना किंग्स के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान आखिरी ओवर की शुरुआत में हुई। उस समय मैदानी अंपायर फैसल अफरीदी ने हारिस रऊफ से गेंद निरीक्षण के लिए ले ली थी, क्योंकि गेंद शाहीन शाह अफरीदी और फखर के बीच एक-दूसरे को पास की गई थी। फैसल ने दूसरे ऑन-फील्ड अंपायर शरफुद्दौला के साथ लंबी चर्चा की और दोनों ने गेंद से छेड़छाड़ होने का संदेह जताते हुए उसे बदलकर दूसरी गेंद लाने का फैसला किया। किंग्स को पांच पेनल्टी रन दिए गए और उनके बैट्समैन - खुशदिल शाह और आजम खान - को दूसरी गेंद चुनने की इजाजत दी गई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक बयान के अनुसार, कलंदर्स के इस खिलाड़ी पर लेवल-ढ्ढढ्ढ का अपराध करने का आरोप लगाया गया है। पीएसएल सीजन में पहली बार ऐसा उल्लंघन करने पर कम से कम एक मैच और अधिक से अधिक दो मैचों का प्रतिबंध लग सकता है। मैच रेफरी रोशन महानामा अगले दो दिनों में इस मामले की सुनवाई करेंगे और फखर इस आरोप का बचाव करेंगे। पांच पेनल्टी रन किंग्स के लिए अहम साबित हुए, क्योंकि उन्होंने आखिरी छह गेंदों पर 14 रन से छह गेंदों पर नौ रन कर दिए। अब्बास अफरीदी ने रऊफ को एक चौका और एक छक्का लगाकर मैच दो लीगल गेंदों में ही जीत लिया। इसके अलावा, किंग्स के हसन अली पर 19वें ओवर में हसीबुल्लाह के विकेट का जश्न मनाने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। उनके काम को लेवल-ढ्ढ का अपराध माना गया, जिसने पीएसएल कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.5 का उल्लंघन किया।

# वैभव सूर्यवंशी ने बताया कौन हैं बचपन के हीरो, युवराज सिंह के अलावा इस विदेशी खिलाड़ी का लिया नाम

**गुवाहाटी (असम) (एजेंसी)।** भारत के युवा बैटिंग सेंसेशन वैभव सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 सीजन के राजस्थान रॉयल्स (RR) के पहले मैच से पहले अपने बचपन के हीरो के बारे में बात की। उन्होंने क्रिकेट के दिग्गजों ब्रायन लारा और युवराज सिंह को ऐसे क्रिकेटर बताया जिन्हें वह बड़े होते समय पसंद करते थे।

RR अपना IPL 2026 अभियान 30 मार्च को पांच बार के चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के खिलाफ शुरू करेगा। RR के खिताब की दौड़ में ICC अंडर-19 विश्व कप 2026 के विजेता सूर्यवंशी एक अहम भूमिका निभाएंगे। सूर्यवंशी ने 2025 सीजन से पहले, 13 साल की उम्र में IPL डील पाने वाले सबसे



कम उम्र के खिलाड़ी बनने के बाद से खेल के सभी फॉर्मेट में अपने नाम कई रिकॉर्ड दर्ज किए हैं।

जियोस्टार से बात करते हुए वैभव सूर्यवंशी ने अपने बचपन के हीरो के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वह वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ब्रायन लारा और भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह की अकेले दम पर मैच खत्म करने की काबिलियत के कायल थे, जिसने बड़े होते समय उन पर गहरा असर डाला। सूर्यवंशी ने कहा, 'मैंने ब्रायन लारा और युवराज सिंह, दोनों को अकेले दम पर मैच खत्म करते देखा है। अगर वे क्रीज पर होते थे, तो विरोधी टीम के पास मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं होता था और यही बात मुझे उनके बारे में सबसे ज्यादा पसंद थी।'

सूर्यवंशी ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स द्वारा चुने जाने के बाद उनका ध्यान टीम को मज़बूत शुरुआत देने, पावरप्ले में आक्रामक खेलने और उन शुरुआत को लंबी पारियों में रनों में बदलने पर है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस सीजन में उनका मुख्य लक्ष्य टीम को खिताब जीतने में मदद करना है, क्योंकि उनका मानना है कि अगर टीम सफल होती है, तो व्यक्तिगत प्रदर्शन अपने आप ही उभरकर सामने आएंगे।

उन्होंने कहा, 'जब मुझे टीम में चुना गया, तो मेरा एकमात्र लक्ष्य टीम को एक अच्छी शुरुआत देना था। मैं पावरप्ले में अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहता था, और अगर मुझे अच्छी शुरुआत मिलती, तो मैं उसे जारी रखते हुए बिना अपना विकेट गंवाए लंबी पारी खेलना चाहता था। मुझे पता था कि अगर मैं अपने शॉट्स खेलूंगा, तो मैच का रुख बदल जाएगा, क्योंकि 200 से जयादा रनों का पीछा करना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। इस सीजन में लक्ष्य टीम के लिए ट्रॉफी जीतना है। अगर हम ट्रॉफी जीतते हैं, तो मेरा और टीम का प्रदर्शन अपने आप ही सुर्खियों में आ जाएगा और यही सबसे महत्वपूर्ण बात है।'

2025 सीज़न से पहले हुए IPL मेगा ऑक्शन के दौरान सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स के साथ 1.1 करोड़ रुपए का करार किया, जिससे वह IPL के इतिहास में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। उसी सीजन में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ हुए IPL मैच में 14 साल की उम्र में सूर्यवंशी ञ्20 क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी और IPL में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले पहले भारतीय बन गए। अपनी IPL यात्रा की शुरुआत पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर करने वाले सूर्यवंशी सीजन के उभरते हुए युवा सितारों में से एक बन गए। उन्होंने 7 पारियों में 36.00 की औसत और 206.55 के स्ट्राइक रेट से कुल 252 रन बनाए जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल था।

# शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने 'वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज' चुना

लुसाने। भारत की शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना है जिनकी असाधारण उपलब्धियों में ऐतिहासिक विश्व चैम्पियनशिप खिताब शामिल है। जम्मू कश्मीर की 19 वर्ष की शीतल देवी विश्व पैरा चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला भुजाहीन तीरंदाज बनी। उन्होंने पिछले साल दक्षिण कोरिया के ग्वांग्जू में महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में खिताब जीता था। शीतल भुजायें नहीं होने के बावजूद अपने पैर और कंधे का इस्तेमाल करके तीरंदाजी करती हैं। वह विश्व चैम्पियनशिप में महिला टीम में रजत और मिश्रित टीम में कांस्य भी जीत चुकी है। विश्व तीरंदाजी ने कहा,'' भारत की शीतल देवी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना गया है जिन्होंने पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्व खिताब समेत कई उपलब्धियां हासिल की।'' शीतल ने पेरिस पैरालम्पिक में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था। वह एशियाई पैरा खेल 2022 और 2023 एशियाई चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत रजत जीत चुकी है। शीतल ने सोमवार को एक्स पर लिखा,' दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों के साथ नामांकन मिलना और अब विश्व तीरंदाजी द्वारा सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना जाना। इस सफर में जो भी मिला उसके लिये मेरा दिल कृतज्ञता और भावनाओं से भरा हुआ है। धन्यवाद।''

## एक नजर

### ऊंटों के सहारे शराब तस्करी का भंडाफोड़ आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली** : दक्षिण जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने अवैध शराब तस्करी के एक अनोखे और चौंकाने वाले नेटवर्क का पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर 39 कार्टन अवैध शराब बरामद की है। खास बात यह रही कि तस्करी के लिए ऊंटों का इस्तेमाल किया जा रहा था, ताकि पुलिस की नजरों से बचा जा सके। दक्षिण जिले के पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने सोमवार को बताया कि 29-30 मार्च की दरम्यानी रात को सूचना मिली थी कि फरीदाबाद से संगम विहार के जंगलों के रास्ते दिल्ली में अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए स्पेशल स्टाफ की टीम ने संगम विहार के वन क्षेत्र में जाल बिछाया। इंस्पेक्टर अनुज कुमार के नेतृत्व पुलिस टीम ने रणनीतिक तरीके से घेराबंदी की। कुछ समय बाद एक संदिग्ध व्यक्ति दो ऊंटों के साथ जंगल के रास्ते आता दिखाई दिया। पुलिस ने मौके पर ही उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान ऊंटों पर लदे 39 कार्टन अवैध शराब बरामद किए गए, जिनमें कुल 1,938 क्वार्टर शामिल थे। इसके अलावा तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे उपकरण भी जब्त किए गए। पुलिस ने दोनों ऊंटों को सुरक्षित बचाकर संबंधित विभाग को सौंप दिया।

### इंडिगो ने शुरू कीं कोलकाता और शंघाई के बीच रोजाना सीधी उड़ानें

**नई दिल्ली** : देश की बजट एयरलाइन इंडिगो ने कोलकाता और चीन की शंघाई के बीच रोजाना सीधी उड़ानें शुरू की हैं। यह कोलकाता से चीन के लिए दूसरी सीधी उड़ान है, जो भारत और चीन के बीच व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगी। इंडिगो ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि उसने बीते 29 मार्च से कोलकाता और शंघाई के बीच रोजाना नॉन-स्टॉप फ्लाइट शुरू की है। इससे उसका अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क और बढ़ा है और भारत और चीन के बीच हवाई संपर्क भी मजबूत हुआ है। कंपनी ने कहा कि इस रूट पर एयरलाइन ए320नियो विमान का इस्तेमाल करेगी, ताकि दोनों देशों के बीच बिजनेस और घूमने-फिरने के लिए बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। कंपनी की यह नई सर्विस चीन में इंडिगो के हालिया विस्तार में एक और कदम है। इससे पहले कोलकाता-गुग्वांगझू फ्लाइट्स फिर से शुरू हुई थीं और दिल्ली से भी ऑपरेशन शुरू किए गए थे। इस नई सर्विस के जुड़ने के साथ एयरलाइन अब चीन के लिए हर हफ़्ते 21 उड़ानों का संचालन करती है।

### ईरान ने किया कुवैत के बिजली-पानी डिसेलिनेशन प्लांट पर हमला

**कुवैत सिटी** : ईरानी हमले से कुवैत का बिजली और पानी का डिसेलिनेशन ( विलवणीकरण संयंत्र) प्लांट क्षतिग्रस्त हो गया है। कुवैती अधिकारियों का कहना है कि हमले में एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई। हमले में इमारत को भौतिक नुकसान पहुंचा है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब युद्ध से क्षेत्रीय तनाव बढ़ रहा है। अल जजीरा चैनल और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, कुवैत के बिजली मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, ईरान ने देश के एक बिजली और पानी के डिसेलिनेशन प्लांट में स्थित एक सर्विस बिल्डिंग पर हमला किया है। इस हमले में एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई और इमारत को काफी भौतिक नुकसान पहुंचा है। बयान के अनुसार, हमले के बाद की स्थिति से निपटने और कामकाज को सामान्य रूप से जारी रखने के लिए तकनीकी और आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों को तुरंत भेजा गया। ईरान ने अभी तक इस हमले पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है।

# जासूसी के आरोप में रूस ने ब्रिटिश राजनयिक की मान्यता की रद, दो हफ्ते में छोड़ना होगा देश

एजेंसी

**मॉस्को :** रूस ने जासूसी के आरोप में एक ब्रिटिश राजनयिक की मान्यता रद्द करते हुए उसे दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया है। उस पर अपने बारे में गलत जानकारी देने का आरोप है। रूस की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस (एफएसबी) ने सोमवार को घोषणा की कि जासूसी के आरोप में मॉस्को स्थित ब्रिटिश दूतावास के दूसरे सचिव जेन्स जेरार्डस की मान्यता रद्द कर दी गयी है और उसे दो हफ़्ते के अंदर देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। ब्रिटिश राजनयिक पर आरोप है कि उसने अपने बारे में गलत जानकारी दी थी। रूस की सरकारी



संवाद समिति तास और तुर्किए की सरकारी संवाद समिति अनाडोलू एजेंसी ने एक रिपोर्ट में बताया कि रूस की काउंटर-इंटेलिजेंस एजेंसी एफएसबी ने मॉस्को स्थित ब्रिटिश दूतावास के दूसरे सचिव जेन्स जेरार्डस को जासूसी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित कर दिया है। उस पर अनौपचारिक मुलाकातों के दौरान रूसी अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश करने का भी आरोप लगा है। यह राजनयिक खुफिया और विध्वंसक गतिविधियां चला रहा था, जिनसे रूसी संघ की सुरक्षा को खतरा है।एफएसबी ने एक बयान में कहा कि जेरार्डस की मान्यता रद्द कर दी गई है और उन्हें दो सप्ताह के भीतर रूस छोड़ना होगा। यह साबित हो गया है कि जेन्स जेरार्डस ने हमारे देश में प्रवेश की अनुमति के लिए आवेदन करते समय जानबूझकर गलत जानकारी दी थी, जिससे रूसी कानून का उल्लंघन हुआ। जेरार्डस ने रूसी आर्थिक विशेषज्ञों के साथ अनौपचारिक बैठकों के दौरान संवेदनशील जानकारी हासिल करने का प्रयास किया था, जिसे रिकॉर्ड कर लिया गया था। ब्रिटिश पक्ष को सूचित किया गया कि कुछ ब्रिटिश राजनयिकों द्वारा जानबूझकर अपने बारे में गलत जानकारी देने के पहले सामने आए मामलों पर हम पहले ही कड़ी प्रतिक्रिया दे चुके हैं।उनसे यह भी कहा गया है कि वे लंदन को एक कड़ा सुझाव दें कि ब्रिटिश नागरिक विशेष रूप से दूतावास के कर्मचारी, वीजा के लिए आवेदन करते समय अपने अतीत के बारे में केवल सही जानकारी ही दें। इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि मॉस्को रूस में अघोषित ब्रिटिश खुफिया अधिकारियों की गतिविधियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा और इस मुद्दे पर हमारा कड़ा रुख राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरूप ही बना रहेगा।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस पर साधा निशाना

एजेंसी

**गुवाहाटी :** असम के जागीरोड क्षेत्र के देवशाल में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक विशाल चुनावी सभा आयोजित की गई, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने जागीरोड विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार पीयूष हजारिका के समर्थन में प्रचार किया। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार असम के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा असम और पूर्वोत्तर के लगातार दौरों से क्षेत्र को नई पहचान मिली है, जबकि कांग्रेस के शासनकाल में राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का इस तरह का जुड़ाव देखने को नहीं मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण में भूमिका की सराहना करते हुए जनता से अपील की कि विकास को गति देने के लिए पीयूष हजारिका को भारी मतों से विजयी बनाएं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के समय बाहरी निवेशक असम में निवेश करने से कतराते थे, लेकिन भाजपा के पिछले 10 वर्षों के शासनकाल में निवेश का माहौल पूरी तरह बदल गया है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया, एनडीए उम्मीदवार रमाकांत देउरी, शशिकांत दास, डॉ. तपन दास, खलीलुर रहमान, अनिल सैकिया सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा में हजारों लोगों की उपस्थिति को लेकर उम्मीदवार पीयूष हजारिका ने कहा कि इससे उनका आत्मविश्वास और मजबूत हुआ है।

## यूएई ने ईरान की 11 बैलिस्टिक मिसाइलों, 27 ड्रोनों को किया निष्क्रिय

एजेंसी

**अबू धाबी :** पश्चिम एशिया में एक माह से जारी युद्ध के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसके हवाई रक्षा प्रणालियों ने सोमवार को ईरान की ओर से दागी गई 11 बैलिस्टिक मिसाइलों और 27 ड्रोन को बीच में ही रोक दिया। यूएई के रक्षा मंत्रालय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार हालिया हमलों की श्रृंखला की शुरूआत से अब तक यूएई की वायु रक्षा प्रणाली ने कुल 425 बैलिस्टिक मिसाइलों, 15 क्रूज मिसाइलों और 1,941 ड्रोन को निष्क्रिय किया है। इन हमलों के दौरान अपनी ड्यूटी निभाते हुए यूएई सशस्त्र बलों के 2 जवान बलिदान हो गए। इसके अलावा सशस्त्र बलों के साथ कार्यरत मोरक्को के एक नागरिक की मृत्यु हुई। नागरिक हताहतों में पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, फि लिस्तीन और भारत के आठ लोग शामिल हैं। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह किसी भी खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार और तत्पर है। देश की सुरक्षा को कमजोर करने के किसी भी प्रयास का वह पूरी दृढ़ता से मुकाबला करेगा जिससे देश की संप्रभुता, सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित हो सके तथा उसके हितों और राष्ट्रीय क्षमताओं की रक्षा हो सके। हमलों में कुल 178 लोग घायल हुए हैं, जिनकी स्थिति हल्की से लेकर गंभीर है। घायलों में यूएई समेत मिस्र, सूडान, इथियोपिया, तुर्की, इराक, फि लिपींस, ईरान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भारत, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, अजरबैजान, यमन, युगांडा, इरिट्रिया, लेबनान, बहरीन, कोमोरोस, नाइजीरिया, ओमान, जॉर्डन, फिलिस्तीन, घाना, इंडोनेशिया, स्वीडन और ट्यूनीशिया के नागरिक हैं।




## विष्णुगढ़ कांड पर बीजेपी का हमला, तीन दिन में गिरफ्तारी नहीं तो झारखंड बंद की चेतावनी



आशुतोष मणि तिवारी

**नई दिल्ली:** झारखण्ड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने दिल्ली स्थित अपने आवास पर आज हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में हेमंत सोरेन और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। आदित्य साहू ने कहा की झारखण्ड के हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखंड में 12 वर्षीय बच्ची की दुष्कर्म के बाद बेरहमी से की गई हत्या की खबर ने हृदय को पूरी तरह झकझोंर दिया है। एक सभ्य समाज में इस तरह की अमानवीय कुकृत्य कानून-व्यवस्था की पूरी तरह से नाकामी का भयावह प्रमाण है। सोरेन सरकार को अल्टीमेटम देते हुए साहू ने यह घोषणा किया कि यदि इस दरिंदगी की दोषियों को दो से तीन दिन में पकड़ा नहीं गया तो पुरे झारखण्ड में बीजेपी महाआंदोलन करेगी और पुरे राज्य को बंद करने के लिए बीजेपी बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि इस घटना ने समाज के साथ मानवता को शर्मसार कर दिया है। यह घटना झारखंड की कानून व्यवस्था पर बेहद गंभीर प्रश्न खड़ा करती है। साहू ने आगे कहा कि राज्य में अपराधियों का मनोबल चरम पर है। उन्हें कानून का कोई भय नहीं है। आदिवासियों कि जात और बात करने वाली हेमंत सोरेन कि सरकार इस जघन्य हत्याकांड पर गंभीरता से कार्यवाही करने में असफल है जिसका मुख्य कारण हत्यारों का अभी तक पकड़ा फरार होना है। बात बात पर ट्वीट करने वाले हेमंत सोरेन ने इस जघन्य घटना पर एक ट्वीट नहीं किया है। कांग्रेस द्वारा पीड़िता के परिवार को एक लाख का चेक देने के सवाल पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि झुनझुना पकड़ाकर ढ़ोल पीटने का कार्य कांग्रेस का है बीजेपी का नहीं। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि बच्ची के पिता जो मुंबई में दिहाड़ी मजदूर हैं, को बीजेपी के सांसद और बिधायक के माध्यम से हवाई मार्ग द्वारा मुंबई से रांची और फिर रांची से उनके घर पहुंचाने में बीजेपी ने सक्रिय भूमिका निभाई और बिटिया का अंतिम संस्कार परिवार के रीति रिवाजों के अनुसार कराने में मुख्य भूमिका निभाई लेकिन। बीजेपी प्रचार में नहीं अपितु परिवार में विश्वास करती है। हजारीबाग के निर्भया कांड से मशहूर इस जघन्य हत्याखंड में एक 12 वर्षीय बच्ची के साथ हुए हैवानियत पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की इस क्रूरता से केवल झारखण्ड ही नहीं अपितु पूरा देश शर्मशार है। पत्रकारों से बात करते समय भावुक होते हुए उन्होंने कहा की जिस हैवानियत के बारे में सुनकर ही रूह काँप जाती है, जिस बच्ची के साथ यह घटना हुई है उसपर क्या गुजरी होगी? अंत में सोरेन सरकार को चुनौती देते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की नाबालिक आदिवासी बिटिया की अस्मिता के लिए बीजेपी हर प्रकार के संघर्ष और आंदोलन के लिए वचनबद्ध है।

### अभिनेता राहुल बनर्जी की मौत मामले में बयान दर्ज

**कोलकाता** : बंगाल पुलिस ने अभिनेता राहुल अरुणोदय बनर्जी की डूबने से हुई मौत के मामले में सोमवार को प्रत्यक्षदर्शियों और घटनास्थल पर मौजूद लोगों के बयान दर्ज किए। पुलिस के अनुसार, अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। सोमवार को कांथी अस्पताल में अभिनेता के शव का पोस्टमार्टम किया गया। उस समय उनका पार्थिव शरीर दीघा शवगृह में रखा गया था। पूर्व मेदिनीपुर जिला पुलिस के जांच अधिकारियों ने इस घटना से संबंधित वीडियो फुटेज भी ओडिशा पुलिस से प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके अलावा घटना की पूरी श्रृंखला समझने के लिए घटनास्थल पर मौजूद लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए गए हैं।

# भारतीय सेना ने युद्धाभ्यास 'मरू संग्राम' में दिखाई स्वदेशी हथियार, ड्रोन और टैंक की ताकत

एजेंसी

**जोधपुर :** भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर भारतीय सेना की कोणार्क कॉर्प्स ने राजस्थान के रेगिस्तानी सेक्टर के आगे के इलाकों में रविवार तक युद्ध अभ्यास पूरा किया। यह अभ्यास सुबह से रात तक चला, जिसमें जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल एवीएस राठी ने मौके पर पहुंचकर टैंक, तोप, हेलीकॉप्टर और ड्रोन सिस्टम का निरीक्षण किया। अभ्यास में स्वदेशी हथियारों के साथ सेना की तैयारी और अलग-अलग हालात में काम करने की क्षमता को परखा गया। कोर ने आधुनिक तकनीक और युद्धक क्षमता का प्रदर्शन




करते हुए अपनी बैटल रेडी स्थिति दिखाई। सेना के अनुसार प्रदर्शन के दौरान सेना ने ड्रोन और काउंटर-ड्रोन सिस्टम पर विशेष जोर दिया। निगरानी से लेकर सटीक हमला करने तक, ड्रोन्स की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। साथ ही, दुश्मन के ड्रोन्स को बेअसर करने वाली तकनीक का भी सफल परीक्षण किया गया। रेतीले टीलों के बीच टैंकों और बीएमपी गाडि ?ों ने अपनी गति और निशाने की क्षमता दिखाई। मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री यूनिट्स ने कठिन भूभाग में मूवमेंट और ऑपरेशन को परखा, जिससे अलग-अलग युद्ध परिस्थितियों में काम करने की तैयारी जांची गई। तोपखाने में बोफोर्स और अन्य आर्टिलरी गन से लक्ष्य पर सटीक मार की क्षमता का परीक्षण किया गया। अटैक हेलीकॉप्टरों ने हवा से जमीन पर हमले का अभ्यास करते हुए तय लक्ष्यों को निशाना बनाया। अभ्यास में ड्रोन और काउंटर ड्रोन सिस्टम पर खास ध्यान दिया गया। ड्रोन से निगरानी और लक्ष्य की पहचान की गई, जबकि काउंटर सिस्टम ने दुश्मन के ड्रोन को निष्क्रिय करने की तकनीक का परीक्षण किया। स्वदेशी अटैक हेलीकॉप्टर प्रचंड और रुद्र को ऊंचाई वाले क्षेत्रों और रेगिस्तान दोनों के लिए डिजाइन किया गया है। इनमें 20 एमएम की गन, रॉकेट और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लगी होती हैं। ये हेलिकॉप्टर जमीन पर मौजूद लक्ष्यों पर तेज और सटीक हमला कर सकते हैं। अभ्यास का प्रमुख फोकस स्वदेशी हथियारों पर रहा। स्ट्रेला-10 सहित कई सिस्टम का इस्तेमाल कर सेना ने आत्मनिर्भरता और नई तकनीक को प्रदर्शित किया। इससे भविष्य के ऑपरेशन में इन सिस्टम की उपयोगिता को परखा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### केरल और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने राष्ट्रपति से की मुलाकात



**नई दिल्ली** : केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से अलग-अलग मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने दोनों राज्यपालों के साथ राज्यों की स्थिति और विकास के मुद्दों पर विस्तार से बात की। राष्ट्रपति ने इन मुलाकातों की जानकारी अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा की। उन्होंने अलग-अलग पोस्ट में लिखा कि केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने राष्ट्रपति भवन में उनसे मुलाकात की। राष्ट्रपति ने मुलाकात में राज्य के विकास कार्यों, वहां की जनसमस्याओं और राज्य की समग्र प्रगति पर चर्चा की। इसके अलावा उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से केरल और तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने संसद भवन परिसर में मुलाकात की। उपराष्ट्रपति ने अपने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा कि उनसे मिलकर तमाम मुद्दों पर बातचीत की।

### रांची में शुरू होगी दीक्षा-एलपीएल एकेडम युवाओं को मिलेगा रोजगार का मौका




**रांची** : डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड की सीएसआर इकाई- डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) और डॉ. लाल पैथलैब्स लिमिटेड की सीएसआर इकाई- लाल पैथलैब्स फाउंडेशन के बीच एक समझौता (एमओयू) किया गया है। उक्त साझेदारी 'दीक्षा- एलपीएल एकेडमी फॉर लैबोरेटरी मेडिसिन' कार्यक्रम के तहत स्किल ट्रेनिंग सेंटर शुरू करने पर केंद्रित है। इस पहल के तहत कर्नाटक के बेलगाम और झारखंड के रांची में स्किल ट्रेनिंग सेंटर्स स्थापित किए जाएँगे, जहाँ फेलबोटॉमी में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि युवाओं को उद्योग से जुड़े जरूरी कौशल मिल सकें। ये सेंटर्स हर साल 350 युवाओं को प्रशिक्षण देंगे, जिससे उन्हें स्थायी रोजगार के अवसर मिल सकें। वहीं, रांची सेंटर में हर साल 175 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस एमओयू पर दोनों संगठनों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। लाल पैथलैब्स फाउंडेशन की ओर से सीएसआर प्रमुख राजेश सिंह और डिप्टी मैनेजर- सीएसआर आशीष डांगर उपस्थित रहे। वहीं, डालमिया भारत फाउंडेशन की ओर से सीईओ अशोक कुमार गुप्ता ने इस समझौते का नेतृत्व किया। डालमिया भारत फाउंडेशन के सीईओ अशोक कुमार गुप्ता ने कहा, ३हेल्थकेयर स्किलिंग एक ऐसे कार्यबल को तैयार करने में अहम भूमिका निभाती है, जो भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार होने के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच को भी मजबूत करती है। लाल पैथलैब्स फाउंडेशन के सीएसआर प्रमुख राजेश सिंह ने कहा, ३हम इस साझेदारी को महत्वपूर्ण मानते हैं। साथ मिलकर हमारा लक्ष्य है कि युवाओं को उद्योग से जुड़े जरूरी कौशल देकर हेल्थकेयर सेक्टर, खासकर डायग्नोस्टिक क्षेत्र में बेहतर और स्थायी करियर के अवसर उपलब्ध कराए जाएँ। फाउंडेशन लगातार स्किल डेवलपमेंट और कम्युनिटी सशक्तिकरण से जुड़ी पहलें कर रहा है, ताकि युवाओं को स्थायी आजीविका के अवसर मिल सकें।

### केरल, असम और पुडुचेरी के 2.37 लाख दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता करेंगे घर से ही मतदान

**नई दिल्ली** : चुनाव आयोग 85 वर्ष से अधिक आयु और द्विव्यांग मतदाताओं को घर से मतपत्रों के जरिए मतदान की सुविधा प्रदान करता है। केरल, असम और पुडुचेरी में अबतक 2.37 लाख पात्र मतदाताओं ने इस सुविधा के लिए आवेदन दिया है। इन राज्यों में 9 अप्रैल को मतदान है। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि केरल में 1.45 लाख, असम में 19 हजार और पुडुचेरी में दो हजार से अधिक वरिष्ठ एवं द्विव्यांग मतदाओं ने इस सुविधा के लिए आवेदन किया है। आवेदन करने वालों में 1.67 लाख वरिष्ठ नागरिक (53.5 प्रतिशत) एवं 70 हजार से अधिक द्विव्यांग मतदाता (15.22 प्रतिशत) हैं। इन सभी को आयोग की ओर से जानकारी दी जाएगी की कब मतदान कर्मी राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ उनके घर मतदान के लिए आएंगे। यह प्रक्रिया 5 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी। आयोग की ओर से पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होती है। सुविधा के लिए ऐसे मतदाताओं को अधिसूचना जारी होने की तारीख से 5 दिनों के भीतर अपने संबंधित 'रिटर्निंग अधिकारी' के पास आवेदन करना होता है।

### नेपाल में सभी बेटिंग ऐप और वेबसाइट को 24 घंटे के भीतर बंद करने का निर्देश




**काठमांडू** : नेपाल सरकार ने सभी प्रकार के सट्टेबाजी (बेटिंग) ऐप और वेबसाइटों को बंद करने का निर्देश दिया है। मंत्रिपरिषद की सुशासन सुधार संबंधी 100 कार्यसूची के तहत संचार तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 24 घंटे के भीतर ऐसे प्लेटफॉर्म बंद करने के लिए सभी इंटरनेट सेवा प्रदायक कंपनियों को निर्देश दिया है। संचार मंत्रालय के मंत्रिस्तरीय निर्णय के बाद नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के साथ समन्वय कर अब तक पहचाने गए सभी सट्टेबाजी साइट और ऐप बंद करा दिए हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता उदय बहादुर रानामगर के अनुसार, वर्तमान कानून और अपराध अधिनियम के खिलाफ सट्टेबाजी करना, करवाना या इसे बढ़ावा देने के लिए विज्ञापन करना गैरकानूनी है। कानूनी प्रावधान के अनुसार सट्टेबाजी में शामिल व्यक्तियों की संपत्ति जब्त की जा सकती है और उन्हें एक वर्ष तक की कैद तथा 10 हजार रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। मंत्रालय ने सभी से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से सट्टेबाजी ऐप और वेबसाइट का उपयोग न करे। यदि कहीं इस तरह की गतिविधि हो रही हो, तो नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण के उपनिदेशक सूर्यप्रसाद लामिछाने से संपर्क कर इसकी जानकारी देने का अनुरोध भी किया गया है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**